CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 1 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 36 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :31° C
न्यूनतम: 25° C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण पोषण की हकदार: हाईकोर्ट पेज 2



पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे खेल टाइम्स



भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा सम्पादकीय



इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार ट्रम्प ने 20 पॉइंट का बनाया प्लान पेज 12

## भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 93 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। एम्स ने मंगलवार सुबह उनकी मौत की जानकारी दी। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पीएम मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार वालों को सांत्वना दी। मोदी ने एक्स पर कहा कि विजय कुमार मल्होत्रा एक महान नेता थे जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनका निधन बहुत दुखद है।

## करूर भगदड़: विजय बोले- सीएम स्टालिन बदला ले रहे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के करूर में भगदड़ के 2 दिन बाद एक्टर विजय थलपति ने मंगलवार को कहा कि क्या सीएम स्टालिन बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कुछ गलत नहीं किया। अगर बदला लेना है, तो मेरे पास आओ। मैं घर में मिलूंगा या ऑफिस में। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैं सीएम से अपील करता हूं कि कृपया मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को नुकसान न पहुंचाएं। विजय ने कहा कि जल्द ही, हर सच्चाई सामने आ जाएगी। मुझे इस घटना पर खेद है। हम राजनीतिक यात्रा पर हैं। इस पर हम मजबूती और हिम्मत से आगे बढ़ेंगे। तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितम्बर की शाम भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोग मारे गए थे। घायल 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। तमिलनाडु पुलिस ने इस मामले में अब तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें टीवीके के जिला सचिव वीपी माथियालगन और पदाधिकारी पौनराज और एक पत्रकार शामिल है।

## चैतन्यानंद की महिलाओं के साथ चैट सामने आई

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के बारे में कई बातें सामने आई हैं। पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की है। इसमें पता चला कि वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनसे कई वादे करता था। यही नहीं, चैतन्यानंद के फोन में कई एयरहोस्टेस की फोटोज भी मिली हैं। उसने कई महिलाओं की सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो भी सेव करके रखी थीं। पुलिस ने चैतन्यानंद की दो महिला सहयोगियों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ हो रही है।




नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में बादल और बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया, तापमान में गिरावट और प्रदूषण स्तर में सुधार से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। बारिश के बीच से गुजरते वाहन।

# पीएम ने लद्दाख के लोगों से धोखा किया: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: गोलीबारी की न्यायिक जांच की जाए, लेह में इंटरनेट 3 अक्टूबर तक बंद

**नई दिल्ली/लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे।

उन्होंने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल गांधी ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा कि पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

## वांगचुक की पत्नी बोलीं- डीजीपी के आरोप झूठे

■ कहा: ये अपने आप में एक साजिश है, सरकार बना रही बलि का बकरा

**लेह।** पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ पुलिस द्वारा लगाए गए आरोपों पर उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने ऐतराज जताया है।

उन्होंने पुलिस महानिदेशक के बयानों को झूठा और गढ़ी गई कहानी बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके जरिये किसी को फंसाकर मनमर्जी करने की कोशिश हो रही है। हम डीजीपी के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि पूरा लद्दाख इन आरोपों को खारिज करता है। ये एक बनावटी कहानी है, ताकि किसी को बलि का बकरा बनाया जा सके और वे जो चाहें वो कर सकें। उन्होंने सवाल उठाया कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का आदेश किसने दिया? अपने ही नागरिकों पर गोली कौन चलाता है?

# 26/11 पर चिदंबरम का बड़ा खुलासा

## बोले- मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था, मनमोहन सरकार पर था अमेरिकी दबाव

### कहा: नहीं कर पाए पाकिस्तान पर कार्रवाई



■ मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से की थी चर्चा

**नई दिल्ली।** मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।

मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने बताया कि पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी। विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर इस इंटरव्यू की क्लिप शेयर की है। उन्होंने लिखा कि पूर्व गृह मंत्री ने मान लिया है कि देश पहले से जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के चलते सही तरीके से हैंडिल नहीं किया गया।

### जिंदा पकड़ा था अजमल कसाब, बाद में फांसी दी

**नई दिल्ली।** हमले के बाद 3 दिनों तक सुरक्षाबल के जवान आतंकवादियों से लड़ते रहे और 9 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया।

कसाब को हमले के अगले ही दिन, यानी 27 नवंबर को जुहू चौपाटी से गिरफ्तार किया गया था। जनवरी 2009 में स्पेशल कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई। 25 फरवरी 2009 को 11 हजार पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की गई। इस दौरान कसाब के नाबालिग होने पर भी विवाद चलता रहा। मार्च 2010 में केस से जुड़ी सुनवाई पूरी हो गई। 21 नवंबर 2012 को पुणे की यरवडा जेल में सुबह कसाब को फांसी दी गई थी। 3 मई 2010 को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कसाब को 26/11 हमले में दोषी पाया और 6 मई को फांसी की सजा सुनाई। 2011 में मामला बॉम्बे हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने भी कसाब को राहत नहीं दी और फांसी की सजा पर मुहर लगा दी। कसाब ने राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पास दया याचिका भेजी, जिसे 5 नवम्बर को राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया।

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर का अप्रैल में भारत प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का इसी साल अप्रैल में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण किया गया है। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# परमाणु और जैविक हमलों के खिलाफ तैयारी जरूरी: सीडीएस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा : भारतीय डीएनए बेहद खास है

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा।

नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि भारतीय डीएनए बेहद खास है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। सीडीएस चौहान ने कहा कि हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा।

## ट्रॉफी विवाद पर बीसीसीआई ने एसीसी की बैठक में जताया विरोध

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान एशिया कप की विजेता ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं सौंपने पर कड़ा विरोध जताया है। बीसीसीआई ने इस दौरान एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को घेरा। भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था। बाद में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया था कि नकवी ट्रॉफी को अपने साथ होटल के कमरे में ले गए हैं।

## इंडिगो उड़ान में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच के बाद इस धमकी को गैर-विशिष्ट बताया। यह विमान एयरबस ए321 नियो था और सुबह करीब 7:53 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा।

# हिस्ट्रीशीटर की कोर्ट परिसर में हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था मृतक

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में मंगलवार को कचहरी परिसर में प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज करने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर की युवती के भाइयों ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि बुलंदशहर नगर के ऊपर कोट निवासी नईम अंसारी नामक हिस्ट्रीशीटर बदमाश नगर की ही गद्दी बिरादरी की एक युवती को दो दिन पूर्व भगाकर ले गया था। मंगलवार को अपराह्न वह जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था। इस दौरान जब वह कुछ कागजों के फोटो स्टेट करवाने के लिए दुकान पर पहुंचा, तभी लड़की के भाइयों ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार करना शुरू कर दिया। हत्या करने के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि हत्यारों की संख्या दो से तीन थी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## बिहार में SIR की फाइनल लिस्ट जारी


**पटना।** मंगलवार को मतदाता सूची प्रारूप का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। करीब सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की गई। खास बात यह है कि इस बार वोटर लिस्ट में करीब 14 लाख से अधिक नए मतदाता भी शामिल हुए। इनमें अधिकतर ऐसे हैं, जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है। इधर, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करने के साथ-साथ हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भौतिक प्रति भी उपलब्ध करवा दी है। सभी राजनीतिक दलों को भी मतदाता सूची प्रारूप की अंतिम सूची उपलब्ध करवा दी गई।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# तीनों सेनाओं का एकीकरण अब वक्त की जरूरत: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: आज के दौर में आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर विकल्प यही है



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा समय में थल, जल, वायु ,अंतरिक्ष और साइबरस्पेस के क्षेत्रों के आपस में गहराई से जुड़े होने तथा सुरक्षा के बदलते स्वरूप और खतरों की जटिलता को देखते हुए तीनों सेनाओं के एकीकरण पर बल दिया है ।

उन्होंने कहा है कि आज के दौर में जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं उसमें बेहतर विकल्प यही है कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें। उन्होंने कहा कि अंतर संचालन और एकीकरण अब केवल वांछनीय लक्ष्य नहीं रह गए, बल्कि अब ये संचालन जरूरत बन चुके हैं। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां तीनों सेनाओं के सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में गिना जाता है और हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा तथा अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन एकीकरण और तालमेल के बिना इससे जो मूल्य या अनुभव या नई चीज उस सेना ने सीखी वह उसी तक सीमित रह गई और उसका फायदा दूसरी सेना को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में सुरक्षा और खतरों का स्वरूप बदल चुका है और वे अधिक जटिल हो गए हैं इसे देखते हुए तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण जरूरी है, जिससे मिलकर चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप काफी बदल चुका है। खतरे पहले से कहीं अधिक जटिल हो गए हैं। आज थल, जल, वायु , अंतरिक्ष और साइबरस्पेस ये सभी क्षेत्र आपस में गहराई से जुड़ गए हैं। ऐसे समय में कोई भी सेना यह सोचकर अलग-थलग नहीं रह सकती, कि अपने क्षेत्र में वह अकेले ही सब संभाल लेगी। आज के दौर में, जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं, उसमें बेहतर विकल्प यही है, कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत फिर से चुना गया आईसीएओ परिषद का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की परिषद के भाग 2 के लिए दोबारा चुना गया है। भाग 2 में वे देश शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक हवाई नेविगेशन के लिए सुविधाओं के प्रावधान में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। यह चुनाव 27 सितम्बर को मॉन्ट्रियल में आयोजित आईसीएओ की सभा के 42वें सत्र के दौरान हुआ। इसमें भारत को 2022 के चुनावों की तुलना में अधिक मत प्राप्त हुए हैं। इससे पहले, 2 सितम्बर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आईसीएओ सभा के 42वें सत्र से पहले नई दिल्ली में राजदूतों और उच्चायुक्तों के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया था। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने 2025-2028 के कार्यकाल के लिए पुनर्निर्वाचन के लिए भारत की उम्मीदवारी के लिए सदस्य देशों से समर्थन मांगा था।

### मल्होत्रा के निधन पर योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर अत्यंत दुख्खद व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने एक्स पर लिखा- मेरी संवे. दनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिन से दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां आज सुबह लगभग छह बजे उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

# विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण-पोषण की हकदार: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक किसी विवाह को शून्य घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक पत्नी अपने पति से भरण-पोषण पाने की हकदार बनी रहती है। यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने पत्नी की ओर से भरण-पोषण के लिए दाखिल अर्जी को स्वीकार कर लिया और पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया।

इसके साथ ही नए सिरे से फैसले पर विचार करने के लिए मामले को वापस भेज दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की पीठ ने श्वेता जायसवाल की पुनरीक्षण अर्जी पर दिया। चंदौली निवासी श्वेता जायसवाल ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय में पति से भरण-पोषण के लिए वाद दायर किया था।

न्यायालय ने नवम्बर 2017 के आदेश से कहा कि पति के पहली शादी को छुपाने के आधार पर पत्नी अलग रह रही है। वह स्वयं पत्नी होने का कर्तव्य नहीं निभा रही। पत्नी पिछली शादी को छिपाने के आधार पर विवाह शून्यता की डिक्री प्राप्त कर सकती है। इसलिए वह भरण-पोषण की हकदार नहीं है। हालांकि उनकी नाबालिग बेटी के लिए 2,000 रुपये प्रति माह के भरण-पोषण की अनुमति दी गई थी। इस आदेश के खिलाफ याची पत्नी ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की। हाईकोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पारिवारिक न्यायालय के फैसले रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब तक एक शून्यकरणीय विवाह को डिक्री से शून्य घोषित नहीं किया जाता, तब तक विवाह बना रहता है। कोर्ट ने मामले को पारिवारिक न्यायालय को वापस भेज दिया और निर्देश दिया कि वह भरण-पोषण के दावे के संबंध में नए सिरे से आदेश पारित करें।

# टीईटी अनिवार्य: शिक्षकों-कर्मचारियों का ऐलान

## 25 नवम्बर को करेंगे दिल्ली कूच, पुरानी पेंशन बहाली की भी होगी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विभागों में निजीकरण समाप्त करने का भी मुद्दा उठाया जाएगा

**लखनऊ।** नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर शिक्षकों-कर्मचारियों के 25 नवम्बर को दिल्ली कूच की घोषणा की है। इस आंदोलन के माध्यम से विभागों में निजीकरण समाप्त करने व पुरानी पेंशन बहाली का भी मुद्दा उठाया जाएगा। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई वर्चुअल बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि इससे पहले एक अक्तूबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

25 अक्तूबर को देश की सभी राजधानियों में एक साथ दिल्ली रैली के लिए सामूहिक प्रेसवार्ता होगी। वहीं आठ नवम्बर को दिल्ली में सभी प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठक भी होगी। इसमें रैली की सफलता की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा ने कहा कि शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने के मुद्दे को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। बैठक में रामानुजय पलेला, सरदार सुखजीत सिंह, वितेश खांडेकर, शांताराम तेजा, विजेंदर सिंह धारीवाल, डा. नीरजपति त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सोमवार को हुई आनलाइन बैठक में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मजबूत तथ्यों के साथ लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही सड़क से लेकर संसद तक शिक्षकों की सेवा को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष करेंगे। वहीं 15 अक्तूबर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने व हस्ताक्षर अभियान पूर्व की भांति चलता रहेगा।

## बरेली बवाल को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज की

# सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौलाना तौकीर रजा के करीबी का बरातघर सील किया, रिश्तेदार हिरासत में लिए गए

■ डा. नफीस समेत 31 आरोपी गिरफ्तार, जांच को एसआईटी गठित, इंटरनेट सेवा बहाल

**बरेली।** बरेली में बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद ओमान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि नाले पर बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध तरीके से चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था। बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया। पार्षद ओमान का एक और चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है। मोहसिन ने कहा कि तौकीर रजा से उसका कोई वास्ता नहीं है। यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है। उन्होंने पहले भी उन पर गो. कशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोहसिन के पिता ने कोर्ट का स्टे आर्डर दिखाया, तो टीम ने कार्रवाई रोकी। वहीं मोहसिन रजा और उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया है। मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बीडीए की टीम ने शाहज. हांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया है।

### सपा नेताओं ने पुलिस पर लगाया निर्दोषों का उत्पीड़न करने का आरोप

**बरेली।** बरेली में 26 सितम्बर को हुए बवाल के मामले में आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब समाजवादी पार्टी के पदाधिका. रियों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी से शिकायत की है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल डीआईजी से मिला और उन्हें बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी का लक्ष्य पूरा करने के लिए ऐसे लोगों को भी मुकदमे में शामिल कर दिया है, जो बवाल वाले दिन बाजार में खरीदारी करने या किसी और काम से आए थे। सपा नेताओं ने कहा कि बवाल के मामले में कई बुजुर्गों और बच्चों को भी नामजद किया गया है। कोतवाली और बारादरी थाना पुलिस लगातार इस मामले में गिरफ्तारी कर रही है, इसे रोका जाए।

# रिहा हुए पूर्व सपा विधायक इरफान की भाई रिजवान

**कानपुर, वार्ता**



33 महीनों में 1061 रातें जेल में कैसे काटी हैं इसका दर्द बयां नहीं किया जा सकता। तीन साल मां, पत्नी और बच्चों से दूर रहने का बहुत कष्ट है। मां सिर पर हाथ रखेगी उनका आशीर्वाद लूंगा। यह बात सोमवार रात 8.15 बजे जिला कारागार से रिहा हुए सीसामऊ के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी ने कही।

बाहर आकर बच्चे जिनिया और मुज्जू के माथे को चूमा, तो आंखों से आंसू छलक पड़े। कहा कि अब एक नई जिंदगी की शुरूआत करनी है। जेल के बाहर रिजवान की रिहाई की जानकारी होते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। रिहाई होती है, परिवार, दोस्त और कार्यकर्ताओं ने गले लगना शुरू कर दिया। रिजवान जेल से सबसे पहले नमाज अता करने ईदगाह पहुंचे। इसके बाद अब्बू हाजी मुश्ताक सोलंकी की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ा। वहां से वह परिवार के लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ जाजमऊ डिफेंस कालोनी घर के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर जेल के बाहर मां खुर्शीदा और पत्नी रोजी रिजवान का बेसब्री से इन्तजार करतीं दिखीं। इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी ने दो दिसम्बर 2022 को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड के आवास पर आत्मसमर्पण किया था। सात जून 2024 को इरफान व रिजवान समेत अन्य आरोपियों को सात साल कैद और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

---

**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70

**सोना रु.** 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# सेंसेक्स आठ दिन में 2746 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**



विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निकासी और वैश्विक कारकों को लेकर जारी चिंता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार आठवें दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स इन आठ दिनों में 2,746 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 812 अंक टूट चुका है। संसेक्स आज सुबह बढ़त में था, लेकिन बाद में उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंततः 97.32 अंक (0.12 प्रतिशत) नीचे 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 23.80 अंक यानी 0.10 फीसदी टूटकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक चार सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गये हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के बुधवार को जारी होने वाले बयान से पहले सरकारी बैंकों के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। धातु और ऑटो समूहों में भी तेजी रही। वहीं एफएमसीजी, रियलिटी, आईटी और फार्मा कंपनियों के शेयरों में निवेशकों ने बिकवाली की।

मझौल कंपनियों पर कम दबाव रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0. 02 प्रतिशत गिर गया। वही स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,118 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,517 के शेयर बढ़त में 1,507 के गिरावट में रहे, जबकि 94 कंपनियों के शेयर भाव अंततः अपरिवर्तित रहे। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में तेजी और शेष में गिरावट रही। आईटीसी का शेयर सबसे अधिक 1.19 प्रतिशत गिर गया। भारती एयरटेल में 1.18 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.13 प्रतिशत और टाइटन में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.43 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 1.41 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, सनफार्मा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त से साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.87 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.07 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 प्रतिशत की गिरावट में था।

# युवाओं में खादी के प्रति आकर्षण पैदा करेगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित करने की क़वायद शुरू कर दी है। यूपीआईटीएस 2025 में शामिल हुए बुनकरों और कारीगरों की माने तो टिकाऊ फ़ैशन के प्रति बढ़ती जागरूकता युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित कर रही है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में भी हस्तनिर्मित खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रमिक सम्मान जैसी योजनाओं ने हज़ारों कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि सरकार अब उत्तर प्रदेश को खादी हथकरघा केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, खादी आत्मनिर्भरता, शिल्प कौशल और सतत विकास का प्रतीक है, जो दर्शाता है कि स्थानीय शिल्प राज्य के लिए एक मज़बूत अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना सकती है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर विदेशी यात्रियों के लिए आज से ई-अराइवल कार्ड की सुविधा

■ आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में की जा रही सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदि. रा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार से विदेशी यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड की सुविधा शुरू होगी। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने मंगलवार को बताया कि आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में यह सुविधा शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक सहज प्रक्रिया तैयार करना है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को एक सहज डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने आगमन की जानकारी ऑनलाइन भरने होगी।

इससे हवाई अड्डे पर मैन्युअल कागज-आधारित कार्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इससे न केवल यात्रियों के लिए अराइवल की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि दक्षता में भी सुधार होगा, कतारें कम होंगी और कागज के उपयोग में कमी से हवाई अड्डे के हरित लक्ष्यों को भी बल मिलेगा। थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के कुछ विश्वस्तरीय हवाई अड्डों पर ऐसी ही सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं। विदेशी यात्री अपनी आगमन जानकारी आव्रजन ब्यूरो के पोर्टल, भारतीय वीजा वेबसाइट और भारतीय वीजा मोबाइल ऐप 'सु-स्वागतम' के साथ-साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर सुरक्षित तरीके से भर सकते हैं। यह उनके आगमन से तीन दिन पहले तक किया जा सकता है। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड सुविधा शुरू करने के लिए आव्रजन ब्यूरो के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। यह पहल स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए विश्व स्तरीय, परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे पहले, जून 2024 में दिल्ली हवाई अड्डा 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई- टीटीपी) शुरू करने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया था।

# यूपी में भेड़ियों की दहशत, दंपति को जिंदा चबाया

**बहराइच।** बहराइच में मंझारा तौकली ग्राम पंचायत में सोमवार रात भेड़ियों ने फिर कहर बरपाया। गांव प्यारे पुरवा में अहाते में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें जिंदा चबा लिया। घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं देवनाथ पुरवा और भृगु पुरवा में भेड़ियों के हमले से महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं।

लगातार हो रहे हमलों से गांवों में दहशत का माहौल है। पुरवा निवासी खेदन (70) पुत्र जनार्दन और उनकी पत्नी मनकी (65) रोज की तरह सोमवार रात घर से करीब 200 मीटर दूर बने अहाते में सो रहे थे। आधी रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच भेड़ियों का झुंड वहां आ पहुंचा। सोते समय ही दंपती पर हमला कर दिया। दोनों के हाथ-पांव और शरीर के कई हिस्सों को भेड़िये चबा गए। गले और चेहरे पर गहरे जख्म मिले। सुबह देर तक दंपति घर नहीं पहुंचे, तो उनका बेटा झब्बर खोजते हुए अहाते पहुंचा। वहां मां-बाप के क्षत-विक्षत शव देखकर उसकी चीख निकल गई। गांव के लोग इकट्ठा हुए, तो सभी सन्न रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है। इसी रात भेड़ियों ने देवनाथ पुरवा की सेबरी (30) और भृगु पुरवा के रामू पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों का इलाज जारी है। गांव में फैली दहशत को देखते हुए लोग रात में जागकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अभी तक वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। डीएफओ राम सिंह यादव दो दिन से न मीडिया से बात कर रहे हैं और न ही फोन रिसीव कर रहे हैं। बिलखते हुए मां ने कहा कि हमला भेड़िये ने किया। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने तेंदुए को देखा है। वन विभाग अभी तक पक्के तौर पर कुछ कह नहीं पा रहा है। 10 मार्च 2024 से अब तक जिले में भेड़ियों के 80 से अधिक हमले हो चुके हैं। वहीं बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी और शहर में हुए बवाल के आरोपी डा. नफीस की नावल्टी स्थित मार्केट को नगर निगम ने सोमवार को सील कर दिया। इसमें 74 दुकानें हैं। इसी मार्केट में आईएमसी का दफ्तर भी संचालित किया जा रहा था। उस पर भी नगर निगम ने ताला लगा दिया है। आरोप है कि नाले पर कब्जा कर यह मार्केट बनाई गई है।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ महिलाओं, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामलों में उठाए सवाल

कांग्रेस ने महिलाओं तथा आदिवासियों के खिलाफ राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अपराध संबधी आंकड़ों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि ये आंकड़े आदिवासियों, महिलाओं, दलितों के खिलाफ सरकार के सुरक्षा के दावों की पोल खोलते हैं।

कांग्रेस ने आदिवासियों तथा महिलाओं के खिलाफ 2023 में हुए अपराधों का विवरण देने के साथ ही बिहार में हुए अपराधों के भी आंकड़े दिये हैं और कहा है कि वहां सरेआम हत्या, गैंगवॉर, दिन-दहाड़े लूट, अपहरण, फिरौती जैसी घटनाएं हो रही है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा बिहार में दलितों के साथ हुए अपराधों भी विवरण दिया है। पार्टी ने कहा ष्मोदी सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़े हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,48,211 केस दर्ज हुए, जबकि 2022 में यह संख्या 4,45,256 थी। साफ है कि अपराध का ये आंकड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के महिला सुरक्षा के खोखले दावों की पोल खोल रहा है। आदिवासियों के साथ हुए अपराधों का आंकड़ा देते हुए पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े साल 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आए हैं। साल 2023 में 12,960 अपराध के मामले दर्ज हुए जबकि इससे पहले साल 2022 में 10,064 अपराध के मामले दर्ज हुए।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के हक छीने जाते हैं और जब वो इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। इससे साफ पता चलता है कि मोदी सरकार की मानसि. कता 'आदिवासी विरोधी' है। पार्टी ने बिहार के साथ ही दलितों के साथ हुए अपराधों का हवाला देते हुए मोदी सरकार को दलित विरोधी बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ 15,130, राजस्थान में 8,449, मध्य प्रदेश में 8,232, बिहार में 7,064 और महाराष्ट्र: 3,024 अपराध हुए हैं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युवाओं के लिए सिर झुका भी सकता हूं, सिर कटा भी सकता हूं

## एक कार्यक्रम में मंगलवार को बोले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**■ 25 हजारको मिली सरकारी नौकरी, 100 से अधिक नकल माफिया गए जेल**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे बच्चों को गर्मी और धूप में परेशान होता देख और इनके षडयंत्र को विफल करने के लिए, मैंने स्वयं कल वहाँ जाकर युवाओं से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि इस प्रकरण की सीबीआई जांच की अनुशंसा की जाएगी और उनकी सभी न्यायोचित मांगों को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि हमारी सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और हम किसी भी कीमत पर उनके सपनों के साथ खिलवाड़ करने वालों को सफल नहीं होने देंगे। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि हम युवाओं के आगे या सीबीआई जांच की मांग करने वालों के आगे झुक गए। ऐसे सभी लोगों को ये स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं, युवाओं के हितों की रक्षा के लिए सर झुका भी सकता हूं और सर कटा भी सकता हूं। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा सहित फिल्म, मीडिया व विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय गणमान्य उपस्थित थे।

**2014 के बाद भारत विश्व मंच पर सशक्त राष्ट्र: धामी**

राज्य के विकास पर प्रगति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी विचार साझा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2014 से पूर्व देश की राजनीति में केवल घोटालों, घपलों, कुशासन और भ्रष्टाचार की चर्चा हुआ करती थी। वहीं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक कमजोर राष्ट्र के रूप में देखा जाता था और राजनीतिक दृष्टि से भी भारत की छवि एक अस्थिर देश की हुआ करती थी। परंतु वर्ष 2014 के बाद, देश में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत के आत्मगौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीयता की भावना के पुनर्जागरण का एक ऐतिहासिक कालखंड आरंभ हुआ। जिससे आज जहां एक ओर भारत "रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म" की नीति के साथ विकास और समृद्धि के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वहीं, वैश्विक मंचों पर यह एक सशक्त, सक्षम और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

**42 लाख श्रद्धालुओं ने सकुशल की चारधाम यात्रा पूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में आपदाओं का प्रकोप होने के बावजूद अब तक लगभग 42 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा पूरी कर सकुशल अपने गंतव्य को लौट चुके हैं। हमने अब राज्य में "शीतकालीन यात्रा" भी प्रारंभ की हैं, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक शीत काल में भी हमारे धार्मिक स्थलों के साथ- साथ अन्य पर्यटक स्थलों के दर्शन कर सकें। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी शीतकालीन यात्रा एवं साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए इसी वर्ष मार्च में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने स्वयं हर्षिल और मुखबा की यात्रा की थी और समस्त देशवासियों से शीतकाल में पहाड़ो में आने का आव्हान भी किया था। हम उत्तराखंड को देश और विश्व का 'एडवेंचर टूरिज्म हब' बनाने के लिए ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी अनेक परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं ताकि उत्तराखंड को देश का ही नहीं बल्कि विश्व का 'एडवेंचर टूरिज्म हब' बनाया जा सके।

**उत्तराखंड बनेगा एडवेंचर टूरिज्म हब**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा और वर्ष 2027 में देवनगरी हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ को भी दिव्य और भव्य बनाने हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। आज हमारा प्रदेश धार्मिक पर्यटन के साथ - साथ वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म ,फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन और वेडिंग डेस्टिनेशन के क्षेत्र में भी एक विशिष्ट केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर औद्योगिक विकास भी सुनिश्चित किया जा रहा है। हमने राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर देश-विदेश के उद्यमियों के साथ 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए थे। मुझे गर्व है कि इस सम्मेलन के डेढ़ वर्ष के भीतर ही हम 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में सफल रहे हैं।

# शिविरों में 80 हजार गर्भवती की हुई प्रसव पूर्व जांच

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में न केवल आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है बल्कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक 80 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं की एएनसी (एंटीनेटल केयर) जांच की गई, जिसमें गर्भस्थ शिशु और मां के स्वास्थ्य का आंकलन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेशभर में लगाये जा रहे स्वास्थ्य शिविरों में 80,515 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 2195, बागेश्वर 1131, चमोली 2285, चम्पावत 1758, देहरादून 15728, हरिद्वार 14472, नैनीताल 7853, पौड़ी 2375, पिथौरागढ़ 2067, रूद्रप्रयाग 1936,



टिहरी 4650, ऊधमसिंह नगर 21509 तथा उत्तरकाशी में 2556 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविरों में इन महिलाओं की उच्च रक्तचाप, वजन, शारीरिक जांच, मुधमेह, एचआईवी व यूरीन के अलावा अन्य जांच की गई। इसके अलावा उच्च जोखिम गर्भधारण वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं सोनोग्राफी जांच कराने की सलाह दी गई। विशेषकर ऐसी महिलाओं को अतिरिक्त परामर्श दिया गया जिनका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन व ऊचांई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप,

**■ सुरक्षित मातृत्व के लिए गर्भवती महिलाओं की एएनसी जरूरी**

मधुमेह या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित हो। इस दौरान डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित दवा सेवन, हरी सब्जियां, दूध, सोयाबीन, फल, चना व गुड़ के सेवन पर बल दिया। एनीमिक महिलाओं को आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां भी वितरित की।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने के लिये राज्य सरकार खासी गंभीर है। इसके लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं व आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिये लगातार प्रेरित किया जा रहा है, साथ ही प्रसव पूर्व जांच को बढ़ावा देने के लिये पंचायत स्तर पर काम किया जा रहा है।

# एबीवीपी के विजेता प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री धामी से की मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के देहरादून जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के विजयी प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री आवास में भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि युवा ही देश और राज्य की प्रगति की असली शक्ति हैं, और उनकी सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। विजयी प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री को अपनी आगामी योजनाओं और छात्र समाज के हित में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# भाजपा ने सीबीआई जांच की संस्तुति परें किया सीएम का आभार

**■ संगठन ने सीएम के निर्णय को साहसिक, संवेदनशील और संशय दूर करने वाला बताया**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने स्नातक परीक्षा की सीबीआई जांच संस्तुति के लिए मुख्यमंत्री धामी का प्रदेश स्तर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आभार व्यक्त किया है। इसी क्रम में पार्टी मुख्यालय में आतिशबाजी और नारेबाजी के साथ, सीएम के संवेदनशील और साहसिक फैसले की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि कार्यकर्ताओं की तरफ से प्रदेश मुख्यालय समेत जनपद कार्यालयों में आभार कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें एकस्वर



में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सीबीआई जांच के फैसले पर खुशी जताई। इस दौरान जमकर नारेबाजी के साथ आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण किया गया। राज्य में युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं में सरकार के इस निर्णय से उत्साह का माहौल है। विभिन्न माध्यमों से समूचा संगठन सीएम के निर्णय को एकस्वर में साहसिक, संवेदनशील और संशय दूर करने वाला बताया है।

इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सरकार में दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला ने कहा कि, युवाओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए, सीएम श्री पुष्कर धामी द्वारा सीबीआई जांच की संस्तुति पर राज्य भर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जगह जगह, अलग अलग् तरीकों से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि इन चार वर्षो में मुख्यमंत्री ने नकल को लेकर अनेकों बड़े बड़े फैसले लिए। कठोरतम नकल निरोधक कानून लागू किया, 25 हजार युवाओं को रोजगार देने का काम किया। उन्होंने युवाओं के सपनों, युवाओं की आकांक्षाओं को नई उड़ान देने का काम किया है। लेकिन एक परीक्षा में थोड़े से संशय और भ्रम की स्थिति पैदा होने पर स्वयं मुख्यमंत्री एक बड़े दिल से संवेदनशीलता दिखाते हुए युवाओं के बीच पहुंचे।

वे धरनास्थल पर पहुंचने वाले प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री हैं, उन्होंने युवाओं की घोषणा युवाओं के सामने की। जो उनकी गंभीरता, साहस और सजगता को प्रदर्शित करता है। आज प्रदेश का युवा और पार्टी कार्यकर्ता उनके दूरदर्शिता, साहसिक निर्णय और संवेदनशीलता की भूरि भूरि प्रशंसा कर रहा है। उन्होंने एक बार दिखाया है कि वे एक सैनिक परिवार से निकले हैं और युवाओं के हर छोटे बड़े विषय की चिंता करते हैं।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि अब युवाओं के मन की सभी शंकाएं दूर हो जाएंगी।

वहीं प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने सीएम का आभार व्यक्त करते हुए, इसे दूरदर्शी, व्यवहारिक, साहसिक और संवेदनशील निर्णय बताया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल प्रदेश, कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, दायित्वधारी सुभाष बर्थवाल, प्रदेश मीडिया सह संयोजक राजेंद्र नेगी, विनय गोयल, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, डा आरपी रतूड़ी, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, विजेंद्र थपलियाल, राजकुमार पुरोहित समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# संघर्ष के आगे झुकती है सरकार: संजीव आर्य

## नैनीताल के पूर्व विधायक ने बागजाला वासियों के आंदोलन को दिया समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला वासियों को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला में 44वें दिन भी जारी रहा। आज धरने के मुख्य वक्ता के रूप में नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि, भाजपा सरकार पहाड़ से लेकर मैदान तक सभी जगहों पर गरीबों को उजाड़ने पर आमादा है। इस सरकार की इस कोशिश के खिलाफ अपने अधिकारों हेतु बागजाला वासियों ने जो संघर्ष शुरू किया है उसका समर्थन करते हुए मैं मुख्यमंत्री से बागजाला को मालिकाना अधिकार देने की मांग करता हूं। बागजाला वासियों के मालिकाना हक और मूलभूत सुविधाओं के लिए मैं हरसंभव प्रयास करूँगा। मैं बागजाला




6 वासियों और किसान महासभा को विश्वास दिलाता हूं मैं हमेशा आपके संघर्ष के साथ खड़ा रहूँगा। इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री से बात की जायेगी। विशिष्ट अतिथि हाई कोर्ट नैनीताल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दुर्गा सिंह मेहता ने कहा कि, भाजपा सरकार जमीन लूट की सरकार है। यह सरकार गरीबों को उजाड़ने का काम करो, अपने खास अमीर दोस्तों को फायदा पहुंचाओ के फार्मूले पर चल रही है। इसलिये इस सरकार के खिलाफ जनसंघर्ष ही एकमात्र विकल्प है। राज्य में चले युवा बेरा. जगारों के आंदोलन ने दिखा दिया है कि इस सरकार को आंदोलन के बल पर ही झुकाया जा सकता है। मैं इस आंदोलन को संघर्ष और कानूनी जिस भी रूप में की जरूरत होगी उसके लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। 44 वें दिन के धरने को पूर्व विधायक संजीव आर्य, हाई कोर्ट नैनीताल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दुर्गा सिंह मेहता के अतिरिक्त प्रधान बालम सिंह नौला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र खनवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, खजान पांडेय, हेमंत बग्ड़वाल, हरेंद्र क्विरा, हरेंद्र बोरा, राजू आर्य, राधा आर्य, उमेश टम्टा, माले जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश ने भी संबोधित किया। इसके अलावा धरने में प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी, पंकज चौहान, चन्दन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, एमएस मलिक, ललित मटियाली, हेमा आर्य, हरक सिंह बिष्ट, परवेज, विमला पाण्डे, दुर्गा देवी, अनीता अन्ना, कौशल्या, पारवती, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, दौलत सिंह, मंजू सिंह, निर्मला शाही आदि समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## दो भाइयों ने किसान को मारपीट कर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** खेत में पशु छोड़ने का विरोध करने पर दो भाईयों ने एक किसान को मारपीट कर लहुलूहान कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आदर्श नगर निवासी प्रवेन्द्र ने पैगा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता 27 सितंबर 2025 को बांसखेड़ा स्थित खेत पर गये थे। इस दौरान शाम करीब 5 बजे चन्द्रप्रकाश व चेतराम पुत्रगण मुकन्दराम ने फसल खराब करने की नियत से अपने पशु खेत में घुसा दिए, पिता द्वारा इसका विरोध करने पर दोनों ने उसके पिता पर लाठी डण्डो और धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल को गये। घायल पिता को पहले बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत चिंताजनक होने पर उन्हें मानपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी भाईयों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अस्पताल से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** इंजेक्शन लगवाने सरक. ारी अस्पताल गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर बाइक बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आलू फार्म निवासी राजेश कुमार पुत्र राम कुंवर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 सितंबर की दोपहर 12.40 बजे वह एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए आया था। उसने अपनी बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी की थी। इंजेक्शन लगवाने के बाद जब वह वापस आया, तो वहां बाइक नहीं थी। उसने बताया किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एक नजर...

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर में मजदूरी करने वाली यूपी निवासी एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरा. ेपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सोमेश्वर थाने में बीते दिनों एक महिला ने उसके साथ दुष्कर्म के संबंध में तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा कि वह रामपुर यूपी के एक गांव की रहने वाली है। उसका परिवार सोमेश्वर में मेहनत मजदूरी करता है। बताया कि बीते 21 सितंबर को राशिद अली उसके कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। इधर, मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को बिजलीघर अधूरिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में एसएसआई बिशन लाल, गोरखनाथ शामिल रहे।

### पुलिस लाइन में मेडिकल कैंप

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा जनपद के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस लाइन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया। जिसमें अल्मोड़ा चिकित्कीय टीम द्वारा थाने में मौजूद अधिकारी, कर्मचारियों व परिवार सदस्यों का स्वास्थ्य चेकअप कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान चिकित्सकीय टीम द्वारा जवानों को व्यस्त दिनचर्या में अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए, जो पुलिस बल के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

### यूसीसी के बारे में रामलीला मंच से दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** जिला प्रशासन ने जनपद में नवाचारी पहल की शुरुआत की है। इस बार रामलीला मंचों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाने का अनूठा प्रयोग किया है। रामलीला मंचन के अवसर पर मौजूद दर्शकों को समान नागरिक संहिता की जानकारी दी जा रही है और उन्हें इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में डा. विद्या कर्नाटक द्वारा विभिन्न मंचों पर मौजूद होकर नागरिकों को सीधी और सरल भाषा में जागरूक किया गया। उन्होंने यूसीसी के महत्व और इसके सामाजिक सरोकारों के संबंध में रामलीला में उपस्थित दर्शकों को जानकारी प्रदान की। जिला. धिकारी आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि परंपरा और संस्कृति से जुड़े मंच, जन-जागरूकता के प्रभावी माध्यम हैं। इसी सोच के साथ प्रशासन ने रामलीला मंचन को जागरूकता अभियान से जोड़ा है।

### पर्यटन गतिविधियां बढ़ने के प्रयास

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय मंगलवार को वृद्ध जागेश्वर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर समिति की ओर से निर्मित यज्ञशाला का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने मंदिर में पूजा अर्चना की तथा जनपद वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। जिलाधिकारी ने यज्ञशाला बनाए जाने के लिए मंदिर समिति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर बहुत प्राचीन है तथा आध्यात्मिक महत्व वाला है यहां आकर एक दिव्य अनुभूति होती है। जिला. धिकारी ने कहा कि इस क्षेत्र को मैरिज डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किए जाने हेतु कार्य किया जाएगा। कहा कि मंदिर के विकास और पर्यटन गति. विधियां बढ़ने हेतु प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित तहसीलदार को निर्देश दिए कि मंदिर के आस पास के क्षेत्र में सरकारी जमीन की उपलब्धता का पता लगाया जाए, जिससे यहां पार्किंग एवं अन्य पर्यटन गतिविधियों के लिए निर्माणकारी कार्य किए जा सकें। यहां तहसीलदार ज्योति धपवाल, धाम के समिति अध्यक्ष हरीश भट्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य एड. गोपाल भट्ट, मुख्य शास्त्री चंद्र बल्लभ, केवलानंद भट्ट, तारा भट्ट, किशनाद भट्ट, कैलाश भट्ट, दीपक भट्ट, पूरन चंद्र भट्ट, भुवन भट्ट, शेखर चंद्र भट्ट, नंदा बल्लभ भट्ट, गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी के मामले में गैंग लीडर समेत तीन धरे

**काशीपुर।** जमीन की खरीद-फरोख्त कर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले गैंग के लीडर समेत तीन आरोपियों को आईटीआई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों शातिर अपराधी हैं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त सुमैर कौशिक निवासी बरखेडापांडे का जिले में एक आपराधिक गिरोह है जिसका वह लीडर है। उसके साथी गुरजीत सिंह, गुरकीरत निवासी बरखेड़ा राजपूत थाना आईटीआई हैं। इस गैंग के विरुद्ध थाना आईटीआई में कई मामले दर्ज हैं। 29 सितंबर को जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति मिलने के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला, उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट, मीनाक्षी मनराल आदि रहे।

### अष्टमी पर घरों में कन्या पूजन कर भोग लगाया

**काशीपुर।** शारदीय नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर यहां घरों व मंदि. रों में मां दुर्गा की आठवीं शक्ति के रूप में मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई। घरों में कन्या पूजन कर भोग लगाया गया। इस दौरान मौहल्ला लाहौरियान स्थित मां मनसा देवी मंदिर व गायत्री देवी मंदिर, गिरीताल के समीप स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर, मौहल्ला पक्काकोट व सुभाष नगर स्थित मां काली देवी मंदिर, श्री शीतला माता मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भक्त सुबह से ही मां भगवती की पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़े। बारिश भी इन भक्तों की आस्था नहीं डिगा पाई।

# मां मनसा देवी की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर पांच दशक से निकाली जा रही उत्तर भारत की प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मां मनसा देवी जी की शोभायात्रा आज 53वें वार्षिकोत्सव के रूप में नगर के मौहल्ला लाहौरियान स्थित मां मनसा देवी मंदिर प्रांगण से अत्यंत धूमधाम से निकाली गई, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर दीपक बाली द्वारा किया गया। इससे पूर्व मंदिर में हवन पूजन इत्यादि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पं. राघवेन्द्र नागर द्वारा संपन्न कराये गये। मुख्य पूजा में रीता सेठ-संजीव सेठ एवं रेनु कौशिक-शीतल कौशिक ने प्रतिभाग किया। तदुपरांत श्री गणेश पूजन आरंभ हुआ जिसमें मनीषा अरोरा-राकेश अरोरा एवं दीप्ति अग्रवाल-सौरभ अग्रवाल ने विधिवत पूजा अर्चना की। श्री गणेश पूजन के



पश्चात मूर्ति पूजन ममता मेहरोत्रा-राम मेहरोत्रा एवं सुरभि चौहान-ठाकुर अजय प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। ज्योति प्रज्ज्वलन हिमांशु अरोरा ने किया। शोभायात्रा में स्थानीय कलाकारों के साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान आदि विभिन्न प्रदेशों के विभिन्न शहरों के कलाकारों द्वारा स्वचलित व हस्तनिर्मित झांकियां, नृत्य झांकियां व अखाड़ा आदि श्रृद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। स्थानीय व बाहर से आये बैंड-बाजों पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा मां मनसा देवी मंदिर से प्रारंभ होगर, गंगे बाबा मंदिर चौक, किला तिराहा, मेन बाजार, एमपी चौक, चीमा चौराहा होते हुए वापस मां मनसा देवी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। समाचार लिखे जाने तक शोभायात्रा जारी थी। शोभायात्रा को लेकर सुरक्षात्मक दृष्टि से पुलिस व प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं।

# अल्लीखां मोहल्ले में बवाल मामले में तीन और गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अल्लीखां मोहल्ले में आई लव मोहम्मद को लेकर बिना अनुमति निकाले जा रहे जुलूस के दौरान हुए बवाल में आरोपियों की धरपकड़ जारी है।

पुलिस ने इसी क्रम में चिन्हित तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। 21 सितंबर की देर रात मोहल्ला अल्लीखां क्षेत्र में विशेष समुदाय ने बड़ी संख्या में समाज के बच्चों को आगे करके आई लव मोहम्मद जुलूस बिना प्रशासन की अनुमति के निकाला था। जुलूस जब मोहल्ला बांसफोड़ान क्षेत्र में पहुंचा तो वहां पर मौजूद पुलिस अधिका. रियों व कर्मियों ने जुलूस रोककर जुलूस निकालने की अनुमति मांगी। जिसके बाद हुए बवाल में पुलिस ने प्रथम जांच में जुलूस का मास्टर माइंड नदीम अख्तर, हनीफ गांधी और दानिश चौधरी व दो नाबालिग समेत 500 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विगत देर रात बवाल के चिन्हित आरोपी अनस निवासी लक्ष्मीपुर पट्टी, आरिश निवासी मदर कॉलोनी व फैजान अंसारी निवासी पुष्पक विहार कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि पुलिस अब तक मास्टरमाइंड नदीम अख्तर समेत 33 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि नामजद मुख्य दो अन्य आरोपी हनीफ गांधी व दानिश चौधरी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जबरन बिछाई पाइप लाइन हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पूर्व सैनिक ने अपनी नाप भूमि में जबरन बिछाई गई पाइपला. इन हटाए जाने की मांग को लेकर डीएम को पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि वे अपने नाप भूमि में मकान का निर्माण कार्य करने जा रहे है। लेकिन खेतों में विभाग द्वारा पंपिंग योजना के तहत मोटे मोटे पानी के पाइप बिछाए गए हैं। जो भवन निर्माण कार्य में बाधा बने हुए हैं। विकास खंड कपकोट के ग्राम पंचायत गैरखेत निवासी पूर्व सैनिक मोहन सिंह कपकोटी ने समस्या का पत्र जिलाधिकारी को सौंपते हुए अपनी समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पूर्व में जल संस्थान विभाग द्वारा बिना उनको सूचित किए पंपिंग योजना के मोटे पानी के पाइप उनके खेतों में बिछा दिए। जब उन्हें पता चला तो उन्होंने विभाग को पत्र लिखा। लेकिन विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया। ग्रामीण ने बताया कि वे वर्ष 2023 से लगातार विभाग से पाइप लाइन हटाए जाने कीमांग कर रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी बार बार उन्हें किसी न किसी बहाने से टाल रहे हैं। कहा कि कभी अधिक. ारी उन्हें पाइप लाइन हटाने का खर्चा लगने की बात कहते हैं, तो कभी पाइपों का बंदोबस्त करने की बात कहते हैं।

**सम्मन**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/उप जिलाधिकारी, काशीपुर जिला उधमसिंहनगर**

राजस्व वाद संख्या 22/450 वर्ष 2024-25

वादी-गुरविन्दर सिंह, देवेन्दर सिंह व अरविन्दर सिंह पुत्रगण त्रिलोचन सिंह निवासी ग्राम उज्जैन तहसील काशीपुर जिला उधमसिंहनगर।

प्रतिवादी- बनाम

उत्तराखण्ड सरकार

अन्तर्गत धारा 143 जेड.ए.एक्ट

मौजा उज्जैन

हर आम व खास को सूचित किया जाता कि गुरविन्दर सिंह, देवेन्दर सिंह व अरविन्दर सिंह पुत्रगण त्रिलोचन सिंह निवासी ग्राम उज्जैन तहसील काशीपुर जिला उधमसिंहनगर द्वारा मौजा उज्जैन तहसील काशीपुर के खाता सं. 145 ख.सं. 300/1 रक्वा 0.238 है., खाता संख्या 144 ख.सं. 302 रक्वा 0.027 है., खाता संख्या 232 ख.सं. 302 रक्वा 0.1225 है., खाता संख्या 28 ख.सं. 302 रक्वा 0.1225 है., खाता संख्या 28 ख.सं. 302 रक्वा 0.1225 है. कुल रक्वा 0.6325 है. लगानी 15.80 रू. कृषि भूमि से अकृषक भूमि घोषित कराने हेतु मेरे न्यायालय में धारा 143 जेड.ए. के तहत प्राथना पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 03.10.2025 मेरे न्यायालय में नियत है। यदि किसी को उक्त के विषय में आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नियत दिनांक तक मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा प्रार्थनापत्र का निस्तारण कर दिया जाएगा।

आज्ञा से, (रीडर)

न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/उप जिलाधिकारी, काशीपुर जिला उधमसिंहनगर।

## बागेश्वर में बदला मौसम, जमकर बारिश

**बागेश्वर।** जिले में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। मंगलवार सुबह से ग्रामीण इलाकों में जमकर बारिश हुई। वहीं जिला मुख्यालय में भी करीब आधे घंटे तक बारिश होती रही। बारिश से जहां एक ओर उमस भरी गर्मी से लोगों को निजात मिला है। वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। बारिश होने से किसानों का धान मढ़ाई व कटाई का कार्य प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही किसान इन दिनों किसान मवेशियों के लिए एक साल तक के लिए चारा घास काटकर घास के लूटे बनाते है। जो बारिश के कारण प्रभावित हो चुका है। जिले के दुगनाकुरी तहसील, कपकोट तहसील, कांडा तहसील, काफालीगैर तहसील, में सर्वाधिक बारिश हुई। जिला मुख्यालय में बारिश के बाद हल्की धूप खिली रही। जिससे मौसम सुहाना रहा।

# नियमित व्यायाम करना ज़रूरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांडा व आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, बागेश्वर, असो, पुढकुनी, धपोलारा. ेरा, तिलसारी, वाच्छम, पैना में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों द्वारा स्वास्थ सुविधाओं का लाभ उठाया गया। शिविर में बताया गया सही पोषण लेना स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। आपके आहार में फल, सब्जियां, पूरे अनाज, प्रोटीन, दूध, और सही प्रमाण में विटामिन और मिनरल्स शामिल करें नियमित व्यायाम करना स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग, जिम, जॉगिंग, या किसी खेल को अपने दिनचर्या में शामिल करें मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। स्ट्रेस को कम करने के लिए योग, मेडिटेशन,




और अन्य मनोरोगीय प्रथाओं का अभ्यास करें वही मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मातृ, शिशु और किशोर स्वास्थ्य स्वैच्छिक रक्तदान पर विशेष जोर देते हुए समुदाय के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया । मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. कुमार आदित्य तिवारी ने बताया कि एक अक्टूबर को समुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र बैजनाथ, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर गढ़खेत, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर गढ़सेरा, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, चलकाना में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# महापौर ने किया एक करोड़ से बनने वाली नौ सड़कों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली द्वारा नगर निगम क्षेत्र को गड्ढा मुक्त करने हेतु लिए गए संकल्प के तहत एक करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नो और सड़कों का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान अपने बीच पहुंचे महापौर का वार्ड वासियों द्वारा जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया और उन्होंने साफ कहा कि वास्तव में महापौर दीपक बाली जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। महापौर ने वार्ड नंबर 6 में तीन स्थानों पर, मंगल बाजार में, हिम्मतपुर में, कुंडेश्वरी रोड पर नहर के बराबर में, वार्ड नंबर 7 में, राजाजी पुरम में बाजपुर रोड पर एक-एक स्थान पर, तथा वार्ड नंबर 7 में दोहरी परसा में दो



स्थानों पर नाली सहित सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास अवसरों पर पार्षद सतीश कुमार, अनूप सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक तेज बहादुर सिंह गुप्ता, कमलेश कुमार, बूथ अध्यक्ष मुख्तयार सिंह, बलजीत सिंह, नितिन कुमार, रवि कुमार, कमल कुमार, तरुण कुमार, मंडल अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, मानवेंद्र मानस, राजेश कुमार, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, प्रीतम सिंह, बलकार सिंह, ओम प्रकाश, लाल बहादुर, योगेश, राजेंद्र, मोनू, चंद्रशेखर, विशाल, राजेश कुमार, अमित कुमार, हरदीप, देव, राधा, राजेश कुमार, प्रीतम सिंह, लवप्रीत, हरदीप शाहिद वार्डों के अनेक स्त्री पुरुष मौजूद रहे।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सूर्यनगर में आयोजित स्वास्थ्य शि. विर का शुभारंभ नजीमाबाद ग्राम प्रधान राहुल कुमार द्वारा किया गया। इस शिविर में बीपी, शुगर, की जांच और गर्भवती महिलाओं का रूटीन चेकअप किया गया। वहीं बूढ़े बुजुर्ग लोगो को बैशाखी (छड़ी) वितरित की गई तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में अनेक लोगो ने शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर, ग्राम प्रधान नजीमांबाद राहुल कुमार सीएचओ मोनिका रावत, अंजलि भट्ट, दीप्ति कोरंगा, आशा वर्कर दीपा दानू, कमला कोरंगा, गीता बैरागी, गीत देवी आदि मौजूद थे।

# देर रात तक रामलीला की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र में रामलीला मंचन की धूम मची हुई है। रात हनुमान-विभीषण संवाद, हनुमान-सीता संवाद, अशोक वाटिका प्रसंग, लंका दहन, अक्षय कुमार वध, सेतु बंधन की लीला का मंचन हुआ।

देर रात तक दर्शक लीला का आनंद उठाते रहे। नगर के राजपुरा, सरकार की आली, नंदा देवी, कर्नाटक खोला, श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का-क्लब, धारानौला, एनटीडी में रामलीला मंचन की धूम मची है। रामलीला में आठवें दिन हनुमान जागर, हनुमान का समुद्र लांघकर लंका में प्रवेश, रावण-सीता संवाद, त्रिजटा-सीता संवाद, अशोक वाटिका प्रसंग, सूक्ष्म हनुमान-सीता संवाद, अक्षय कुमार



वध, लंका दहन, विभीषण का लंका से निष्कासन, रामेश्वरम प्रसंग की लीला का मंचन किया गया। इधर, कर्नाटखोला में रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रवि रौतेला, शैलेंद्र साह, अजय वर्मा, भूपेंद्र कनवाल और मनोज लटवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, रीता पांडे, कमला तिवारी, भावना पांडे, संगीता लटवाल, नारायण दत्त तिवारी, दिनेश चंद्र तिवारी, अमित भट्ट, देवेंद्र नगरकोटी, चंद्र दत्त जोशी, लीलाधर कांडपाल, एमसी कांडपाल, दया किशन जोशी, दिनेश मठपाल, गौरव कांडपाल, रजनीश कर्नाटक आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने एक साथ मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**टनकपुर।** जब स्कूल केवल शिक्षा का ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक विकास का केंद्र बन जाए तो उसका हर दिन खास होता है। ऐसा ही कुछ हुआ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में, जहां हर माह के अंतिम दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की एक सराहनीय परंपरा बन चुकी है। सितंबर माह के अंतिम दिन स्कूल में अगस्त और सितंबर में जन्मे 45 छात्र-छात्राओं का सामूहिक रूप से जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए विशेष भोज, सामूहिक केक और उपहारों की व्यवस्था की गई थी, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखर उठी। इस बार कक्षा 6 के 11 कक्षा 7 के 11 कक्षा 8 के 5 जोशी कक्षा 9 के 8 और कक्षा 10 के 10 छात्र छात्राओं का सामूहिक जन्मदिवस



मनाया गया। बच्चों के लिए मटर पनीर, पूरी और खीर जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का आयोजन किया गया। बच्चों ने मिलकर केक काटा।

नवरात्रि के पावन अवसर पर इस बार विशेष रूप से स्कूल की सभी बालिकाओं को माता की चुनरी, पेन और पेनबॉक्स भेंट किए गए, जिससे उत्सव की गरिमा और अधिक बढ़ गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी ने सामूहिक केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों को उपहार वितरित किए। उन्होंने इसे विद्यालय का अद्भुत नवाचार बताया और सभी शिक्षकों से इसकी निरंतरता बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम के सूत्रधार शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने बताया कि यह परंपरा अगस्त 2019 से निरंतर रूप से जारी है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, संजय भारद्वाज, त्रिलोचन जोशी, पल्लव जोशी, पवन कुमार, रचित वल्दिया, ओम प्रकाश, भोजन माता रेखा देवी, पुष्पा देवी मौजूद रही।

## हड़ताल पर रहे डाक्टर

**बागेश्वर।** अपनी मांगों को लेकर जिला अस्पताल के डाक्टर मंगलवार को भी हड़ताल पर डटे रहे। डाक्टरों के हड़ताल पर रहने से अस्पताल में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि गंभीर रूप से बीमार मरीजों का एमरजेंसी कक्ष में उपचार चलता रहा। वहीं को लोग सक्षम थे वे निजी अस्पताल में अपना उपचार करवाने को पहुंचे। अस्पताल में हड़ताल के कारण कई मरीज उपचार के लिए महानगरों को जाने के लिए बाध्य हुए। इधर प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती वे हड़ताल पर डटे रहेंगे। चिकित्सकों ने कहा कि जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ व अन्य चिकित्सकों एवं सीएमएस के ऊपर हुई कार्रवाई सरकार तत्काल वापस ले। तभी वे कार्य पर लौटेंगे। मांग करने वालों में संगठन के अध्यक्ष डा. गिरजा शंकर जोशी, डा. राजीव उपाध्याय, डा. सावित्री, डा. प्रति यादव सहित अन्य चिकित्सक शामिल थे।

# अथरबनी में 'सखी बाजार' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** हवालबाग विकासखंड की अथरबनी ग्रामसभा में मंगलवार को सखी बाजार आउटलेट की शुरुआत हुई। ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं ग्राम्य विकास विभाग के सहयोग से खोले गए इस आउटलेट का उद्घाटन दर्जा मंत्री गंगा बिष्ट और मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सखी बाजार का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करना, उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस आउटलेट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कर सकेंगी।

मुख्य विकास अधिकारी रामजी



### समूह की महिलाओं की आर्थिकी होगी बेहतर: बिष्ट

शरण शर्मा ने कहा कि यह जनपद का दूसरा सखी बाजार है और यह स्वयं सहायता समूहों के प्रयास से संचालित होगा। दर्जा मंत्री गंगा बिष्ट ने कहा कि सखी बाजार महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने और बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सहायक है। समूह अध्यक्ष निशा जोशी ने कहा कि इस पहल से समूह की महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिकी मजबूत होगी। ग्राम प्रधान अथरबनी विनोद जोशी ने इसे महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संयुक्त उदाहरण बताया। गौरतलब है कि एनआरएलएम के अंतर्गत महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर विभिन्न आर्थिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं और अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाकर जीवनस्तर सुधार रही हैं। सखी बाजार इसी प्रयास को एक मंच उपलब्ध कराता है, जहां खाद्य सामग्री, हस्तशिल्प और घरेलू उत्पादों जैसे स्थानीय सामान प्रदर्शित किए जाते हैं। इसके माध्यम से महिलाओं को विपणन, ब्रांडिंग और ग्राहक तक सीधे पहुंचने का अवसर मिलता है। उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत सदस्य खत्याड़ी ममता कनवाल, एनआरएलएम डीटीई गंगा आर्या, खंड विकास अधिकारी एसएस दरियाल, खंड विकास अधिकारी रमेश कनवाल, ब्लॉक मिशन प्रबंधक रहमत हुसैन, ग्राम विकास अधिकारी पंकज सुनोरी, एरिया कोऑर्डिनेटर कमला जोशी, सीएलएफ अध्यक्ष सीमा कुमारी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया।

## हल्द्वानी के रामपुर रोड में दर्दनाक दुर्घटना

# मां के लिए दवा ला रहे बेटे को बेकाबू ट्रक ने कुचला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक बेहद दर्दनाक हादसे में बीमार मां के लिए दवा लेकर लौट रहे बेटे को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। जानक. ारी के अनुसार रावतनगर बिंदुखत्ता निवासी 39 वर्षीय जगमोहन सूंठा पुत्र देवीदत्त सूंठा यहां अपने परिवार के साथ रहता है, और एक बैंक के कैश वाहन चालक के पद पर काम करते थे। बताया जा रहा कि जगमोहन सूंठा की मां लंबे लंबे समय से बीमार चल रही हैं और सुशीला तिवारी अस्पताल से उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा आज मंगलवार को जगमोहन



मृतक जगमोहन (फाइल फोटो)

मां के लिए दवा लेने हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल गए थे और दवा लेने के बाद वह घर को लौट रहे थे तभी रामपुर रोड स्थित महिंद्रा शोरूम के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मारी, जिससे जगमो. हन ट्रक के नीचे आ गए। चालक ने ट्रक नहीं रोका और उन्हें बाइक समेत



काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसा इतना भीषण था कि हेलमेट पहने होने के बावजूद जगमोहन की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर राहगीर कुछ समझ पाते तब तक ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, और मृतक के परि. जनों को सूचित किया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने नाबालिग बेटी के लापता होने की बनभूलपुरा में गुमशुदगी दर्ज कराई। जानकारी के अनसुार बनभूलपुरा निवासी पीड़ित पिता ने कहा कि उसकी बेटी बीते 28 सितंबर को करीब साढ़े चार बजे पड़ोस की दुकान में सामान लाने की बात कहकर घर से गई और उसका कोई पता नहीं चला। उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पिता ने कहा कि घर से उसकी बेटी घर में रखी 22.500 रूपये की भी नगदी ले गई। परिवार ने बेटी को रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में बहुत तलाशा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने तहरीर सौंपते हुए उसकी सकुशलता की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए नाबालिग युवती की तलाश शुरू कर दी।

# बालाजी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा 4 को

## भव्य कलश यात्रा कल, श्रीयंत्र की भी होगी स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। रूपनगर स्थित श्री बाला. जी मंदिर में 2 से 4 अक्टूबर तक श्री यंत्र की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कुमाऊं में डोलमार के बाद दूसरी बार ऐसा आयोजन है, जिसमें अत्यंत शुभ और शक्तिशाली माने जाने वाले श्री यंत्र की स्थापना की जाएगी। यह बात बालाजी मंदिर के व्यवस्थापक महंत पूरन चन्द्र पाठक ने कहीं। मंगलवार को मुखानी स्थित बालाजी मंदिर में पत्रकार वार्ता करते हुए मंदिर के व्यवस्थापक महंत पूरनचंद पाठक ने बताया कि बालाजी मंदिर समिति की ओर से 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक रूपनगर स्थित बालाजी मंदिर में श्री यंत्र स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया यह आयोजन विशेष रूप से राजस्थान और हरिद्वार से पधारे विद्वान ब्राह्मणों



द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिपूर्वक सम्पन्न कराया जाएगा। 2 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 108 कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो रानीबाग से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर, रूपनगर तक पहुंचेगी।

इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। जबकि 3 अक्टूबर को दिनभर पूजा-अर्चना के बाद शाम को भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसमें दो यंत्रों एक अचल (स्थायी) और एक चल (चलायमान) यंत्र की स्थापना होगी। इसकी तैयारियों को लेकर मंदिर समिति ने समुचित प्रबंध कर लिए हैं। इस पावन अवसर पर मंदिर संस्थापक और समिति सदस्यों द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। पत्रकार वार्ता में अतुल कुमार गुप्ता, वांराश शर्मा, पंकज सक्सेना, दीपचंद तिवारी, लाल बाबू यादव, हितेश त्रिपाठी, मनीष तिवारी, खेमानंद बृजवासी, शरद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नशेबाजों और नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिंकजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए एक बार फिर ऑपरेशन रोमियो चलाया गया। देर रात तक चले अभियान में पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों को गिरफ्तार किया गया, दर्जनों वाहनों के चालान किए गए और कई



मनचलों ने रात हवालात में बिताई। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान की कमान खुद एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी और सीओ रामनगर सुमित पांडे ने संभाली। थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों की मौजूदगी में जिले के संवेदनशील इलाकों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव, सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग और नियमविरुद्ध वाहन संचालन पर सख्त कार्रवाई की गई। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 129 चालान काटे गए और 32,500 का जुर्माना वसूला गया। वहीं, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए गए 8 लोगों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 2,250 का जुर्माना लिया गया।

# जूस पिलाकर युवाओं का तुड़वाया अनशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूकेएसएसएससी की परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण को लेकर सीबीआई जांच और परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे युवाओं ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। इस दौरान युवाओं ने विभिन्न मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजा। बता दें कि देवभूमि युवा एकता मंच के बैनर तले कई दिनों से तिको. निया स्थित बुद्धपार्क में धरना चल रहा था। पहले भूपेंद्र कोरंगा भूख हड़ताल पर बैठे थे, जिन्हें सोमवार को पुलिस ने जबरन हटा दिया। इसके बाद पीयूष जोशी, विनोद कांडपाल व हरीश रावत आमरण अनशन पर बैठ



गए। इसी दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति दे दी।

मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान और एसपी सिटी प्रकाश चंद धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता की। अधिकारियों ने युवाओं को बताया कि अब जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, ऐसे में कुछ समय दिया जाना चाहिए।

इसके बाद युवाओं ने आपसी सहमति से आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया और अधिकारियों ने उन्हें जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस दौरान युवाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि सीबीआई जांच के आदेश सार्वजनिक किए जाएं, परीक्षा को नकल विरोधी कानून के तहत निरस्त कर दोबारा कराया जाए, आयोग को भंग कर उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को जिम्मेदारी दी जाए, जांच की समयसीमा तय की जाए, धरनास्थल पर पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की मानवाधिकार जांच हो, और आंदोलनकारियों से संवाद के लिए एक नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की जाए। इस दौरन मनोज कोठियाल, पार्षद शैलेंद्र दानु, दीक्षित कुमार, सुनील चंद्र, मुकेश चंद्र, पवन चंद्र, दिनेश सिंह बिष्ट, अजय प्रताप सिंह, अमित रावत, राधा आर्य, ज्योति बनौला, खिमेश पनेरू, सुजाता आर्य, किरण राणा, टीकाराम पांडे के अलावा कांग्रेस नेता ललित जोशी, हेमंत साहू, परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) महेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दुष्कर्म के दोषी की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा एक कैदी की उपचार के दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर टनकपुर चंपावत निवासी राजेश कुमार को कुछ साल पहले एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिया गया था। पॉक्सो कोर्ट ने उसे 20 साल की कठोर कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई थी। बताया जा रहा कि सजायाफ्ता राजेश कुछ समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित था और सितारगंज स्थित खुली जेल में बंद था। बीते 27 सितंबर को उसकी तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान बीती सोमवार की रात्रि उसकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### महिला शराब तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध शराब तस्करी के खिलाफ मुखानी पुलिस ने एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 25 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात्रि मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में एसआई अविनाश मौर्य मय टीम के साथ जयपुर पाडली लामाचौड़ चैकिंग कर रहे थे तभी पुलिस टीम ने मौके पर फूलवती' पत्नी स्व. रामकुमार निवासी जयपुर पाडली लामाचौड़ को 25 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। महिला शराब तस्कर के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

### प्रेमिका के लिए तीन बच्चों का पिता बना बेपरवाह, प्रमिका संग फरार

**हल्द्वानी।** प्रेम प्रसंग में पड़कर तीन बच्चों का पिता अपनी जिम्मेदारियां भुला बैठा। पत्नी और बच्चों को छोड़कर वह एक शादीशुदा महिला के साथ रहने लगा है। अब पीड़ित पत्नी ने पति के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके तीन छोटे बच्चे हैं और पिछले दो वर्षों से उसके पति का एक विवा. हत महिला के साथ प्रेम संबंध चल रहा है। एक साल पहले वह परिवार छोड़कर प्रेमिका के साथ रहने लगा। परिवार ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पति अपनी जिद पर अड़ा रहा। अब स्थिति यह है कि परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और बच्चों के भविष्य पर भी संकट मंडरा रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसने हरसंभव कोशिश की, लेकिन जब कोई रास्ता नहीं बचा तो वह न्याय की उम्मीद में पुलिस के पास पहुंची। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रैवल एजेंट को सेना का अधिकारी बन लगाया 25 हजार का चूना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन ठगों ने अब ट्रैवल एजेंटों को भी अपने जाल में फंसाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला चोरगलिया थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक साइबर ठग ने खुद को आर्मी अधिकारी बताकर एक ट्रैवल एजेंट से 25 हजार रुपये ठग लिए और दिल्ली जाने के बहाने गाड़ी भी हल्द्वानी से अल्मोड़ा मंगवा ली।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगतपुर गौलापार निवासी पीड़ित गौरव शर्मा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि हल्द्वानी खानचंद मार्केट में डोर एंड ट्रेवल नाम से ट्रैवल व्यवसाय करते हैं। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे उनके पास एक कॉल आया। फोन करने वाले ने अपना नाम जोरा सिंह बताया और खुद को आर्मी का अधिकारी बताकर अल्मोड़ा से दिल्ली के लिए 17 सीटर टेम्पो ट्रैवलर की मांग की। गाड़ी अल्मोड़ा पहुंचने पर आरोपी ने आर्मी नियमों का हवाला देते हुए कहा कि पहले यूपीआई से 1 रुपये और फिर 25,000 रुपये उनके खाते में भेजने होंगे, जिससे आर्मी अकाउंट से 50,000 रुपये का रिफंड जारी किया जा सके। आरोपी ने दावा किया कि आर्मी का यूपीआई 50 हजार से कम की राशि ट्रांसफर नहीं करता। गौरव ठग के झांसे में आकर कुल 25,002 रुपये ट्रांसफर कर बैठा। यही नहीं, आरोपी ने गाड़ी के ड्राइवरों के आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी मंगवाए, जो ऑनलाइन भेज दिए गए। इतना ही नहीं ठग ने खुद को कसार देवी टूर एंड ट्रेवल्स से जुड़ा हुआ भी बताया। बाद में गौरव को जब ठगी का अहसास हुआ, तब तक देर हो चुकी थी। इस दौरान वाहन चालक भूपेंद्र सिंह का बैंक खाता भी करीब 6 घंटे के लिए हैक हो गया था। चोरगलिया थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर साइबर धोखाधड़ी की जांच शुरू कर दी गई है।

## जिला अस्पताल में दो चिकित्सकों की नियुक्ति के बाद भी 12 पद रिक्त

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल में बीते लंबे समय से डाक्टरों की कमी चल रही है। जिसके चलते कई बार मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक अस्पताल में दो बाल रोग विशेषज्ञों समेत 14 डाक्टरों के रिक्त थे। शासन से जिले को मिले 12 डाक्टरों में से दो डाक्टरों की तैनाती बीडी पांडे अस्पताल में की गई है। अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि अस्पताल को दो डाकटर मिलने के बाद भी में वर्तमान में 12 डाक्टरों के पद रिक्त चल रहे हैं। जिसमें दो बालरोग विशेषज्ञ समेत 10 मेडिकल ऑफिसर शामिल हैं। दो नए डाक्टरों की तैनाती से व्यवस्थाओं में मदद मिलेगी।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए पतलोट में शिविर 4 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि आगामी 4 अक्टूबर को नैनीताल जनपद के दूरस्थ गांव पतलोट में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों को एक ही स्थान पर कई प्रकार की सरकारी सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस शिविर में समाज कल्याण विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण जैसे कि छड़ी, श्रवण यंत्र आदि वितरित किए जाएंगे। साथ ही, चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर में पेयजल विभाग, विद्युत विभाग, जिला उद्योग केंद्र, वन विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। नवीन वर्मा



ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सभी जिलों के दूरस्थ इलाकों में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में यह सहमति बनी कि उन गांवों में जहां आज भी हमारे बुजुर्ग नागरिक बसे हुए हैं और गांव को जीवित रखे हुए हैं, उन्हें सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिलना चाहिए। वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद द्वारा इस पहल की शुरुआत नैनीताल जिले से की जा रही है, जिसे बाद में उत्तराखंड के अन्य जिलों में भी विस्तार दिया जाएगा।

# शिक्षा में सहयोग देगा श्रीलंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने अपने श्रीलंका प्रवास के दौरान श्रीलंका मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीएमसी तिलकरत्ने से शिष्टाचार भेंट की। प्रो. लोहनी श्रीलंका में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में वक्ता के रूप में प्रतिभाग करने गए हैं। दो दिवसीय आयोजित इस सेमिनार में आज प्रो. लोहनी ने एक सत्र की अध्यक्षता भी की। बता दे कि श्रीलंका मुक्त विश्वविद्यालय कोल. ंबो स्थित है और इसके देशभर में 27 अध्ययन केंद्र संचालित होते हैं। वर्तमान में यहां लगभग 48 हजार विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह पूरी तरह से श्रीलंका सरकार का विश्वविद्यालय है, जहां शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन-भत्ते भी सरकार द्वारा प्रदान किए जाते हैं। यहा के कुलपति प्रो. तिलकरत्ने ने देश-विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं से शिक्षा प्राप्त की है तथा अनेक स्थानों पर महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्व निभाए हैं। उन्होंने भारत के पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। इस अवसर पर दोनों कुलपतियों ने भारत और श्रीलंका के बीच उच्च शिक्षा, विशेष रूप से मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। प्रो. लोहनी ने श्रीलंका मुक्त विश्वविद्यालय परिसर का अवलोकन भी किया और यहां की स्वच्छ, सुव्यवस्थित तथा आधुनिक भवन संरचनाओं की सराहना की।

# आत्महत्या की धमकियों से दबाव में लेखपाल

## परेशान होकर लेखपाल संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजस्व उपनिरीक्षकों पर रिपोर्ट लगाने के लिए मानसिक दबाव बनाने और आत्महत्या की धमकी देने वालों के खिलाफ लेखपाल संघ ने सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को तहसीलदार कुलदीप पांडेय को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को लेखपाल संघ के प्रति. निधियों ने तहसीलदार कुलदीप पांडेय को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि लाल. कुआं तहसील में हाल ही में एक प्रॉपर्टी डीलर की आत्महत्या के बाद उपनिरीक्षक पूजा रानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जबकि उनका सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं



था। इसके बाद अब कुछ लोग नियम विरुद्ध कार्यों को करवाने के लिए जानबूझकर आत्महत्या की धमकी देने लगे हैं। लेखपाल संघ के अनुसार हल्द्वानी तहसील में तैनात राजस्व उपनिरीक्षक मीनाक्षी को 25 सितंबर को कमल गरजौला नामक व्यक्ति ने उनके पक्ष में रिपोर्ट न लगाने पर जहर खाने की धमकी दी। वहीं उपनिरीक्षक अरुण वर्मा को टंकक हरिदत्त तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन की जांच रिपोर्ट से असंतुष्ट होकर फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और बाद में व्हाट्सएप पर आत्महत्या की धमकी दी। संघ का कहना है कि इन मामलों की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे मामलों से राजस्व उपनिक्षकों में भय का माहौल है और वे मानसिक रूप से दबाव में काम कर रहे हैं। लेखपाल संघ ने मांग की है कि ऐसे दबाव बनाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि अधिकारियों का मनोबल बना रहे और वे सुरक्षित वातावरण में काम कर सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के अध्यक्ष संजय तिवारी, गोपाल सिंह बिष्ट, अरूण वर्मा, अरूण देव. रानी, सुनीता लोहनी, रणवीर सिंह, महेश चौहान, चन्द्रशेखर भट्ट, अनिता पांडे, नैंसी राणा, गीता जोशी आदि राजस्व उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सेवानिवृत्त हो रहे तीन पुलिस उपनिरीक्षकों को एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने भावभीन विदाई समारोह में सम्मानित किया। मंगलवार को कोतवाली परिसर में बने मीटिंग हॉल में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उनकी वर्षों की निष्कलंक सेवा के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीजीपी दीपम सेठ के विशेष शुभकामना संदेश से हुई, जिसमें सेवानिवृत्त कार्मिकों के योगदान की सराहना की गई। इसके पश्चात एसएसपी पीएन मीणा ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी सुरेश चंद्र पाठक अपर उपनिरीक्षक यातायात, जगत सिंह टगड़िया अपर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और चंद्र प्रकाश सिंह अपर उपनिरीक्षक को उनके स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। तीनों सेवानिवृत्त



कर्मियों ने मंच से अपने विभागीय अनुभवों और यादगार पलों को साझा किया, जिसे उपस्थित पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने आत्मीयता से सुना। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा आप सभी की सेवा पुलिस विभाग के लिए प्रेरणास्रोत रही है। अब आपके जीवन की दूसरी पारी शुरू हो रही है, आप स्वस्थ रहें, सकारात्मक जीवन शैली अपनाएं। पुलिस परिवार सदैव आपके साथ है और किसी भी सहायता के लिए तत्पर रहेगा। इसके उपरांत, सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शॉल, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन नैनीताल हरकेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक दूरसंचार राजकुमार बिष्ट, शाखा प्रभारी, अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त कार्मिकों के परिजन मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर काठगोदाम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। मेडिकल कैंप में सीआरपीएफ के विशेषज्ञ चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ ने आसपास के



ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें उचित परामर्श व मुफ्त दवाइयां प्रदान कीं। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पांडे ने कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की नींव रखती है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज में जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य सुधार की दिशा में अहम कदम बताया। वहीं, उप महानिरीक्षक चिकित्सा एम वेंकट राव ने महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी जानकारियां दीं और नियमित जांच की अहमियत समझाई। कैंप में उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पांडे, एम वेंकट राव, कमांडेंट लीलाधर महरानी, सहायक कमांडेंट रवि कुमार सिकवार, सहायक कमांडेंट जोगेश कुमार, डा. निष्कर्ष, डा. अखिल सहित अन्य चिकित्सक और स्टाफ मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (जानपद मुख्यालय), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2532772 दूरभाष नं0: 7088112452 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **28.10.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **27.10.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

**1) T-21/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में स्थापित Duct No- 03 में M.S. Frame Section स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

**2) T-22/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" के टूटे हुये Toughnned Glass बदलवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

**3) T-23/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" के प्रथम तल पर खराब हुई दीवारों पर पेन्टिंग करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

**4) T-24/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय, "विद्युत भवन" के द्वितीय तल पर स्थापित टूटी हुई Floor Tiles को बदलवाने का कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य।

**5) T-25/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में विभिन्न तलों पर False Celling स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

पत्रांकः 104/जा0(मु0)/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांकः 29.09.2025

**अधिशासी अभियन्ता, जानपद (मु0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

# पानी की बाल्टी में डूब कर एक वर्षीय बालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम छोईं में मंगलवार की दोपहर घर में खेलने के दौरान एक वर्षीय बालक की पानी की बाल्टी में डूब कर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहरा मच गया तो वहीं पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

बता दे की मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले केसरी ने बताया कि उसका पूरा परिवार रामनगर के ग्राम छोईं में स्थित एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने के लिए आया हुआ था। उन्होंने बताया कि घर में उसकी पत्नी और छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे। पत्नी कपड़े धोने के लिए अपने तीनों बच्चों के साथ नहर गई थी। घर में एक वर्ष के बेटे सुमित को सुलाकर चली गई थी।

उसका कहना है कि तभी उसके पुत्र एक वर्षीय सुमित खेलते खेलते घर में रखी पानी की बाल्टी में डूब गया।

कुछ देर बाद जब परिजन घर में पहुंचे तो बाल्टी की में डूबे हुए सुमित को देखकर उनके होश उड़ गए और वह उसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि एक साल का बच्चा खेलने के दौरान पानी से भरी बाल्टी में डूबकर मौत हो गई है।

पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के पिता मजदूरी करते हैं और वह पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं।

# लाखों की अफीम के साथ दो तस्कर दबोचे

■ आरोपियों के पास से 7.042 किलोग्राम अफीम और एक मोटरसाइकिल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और पुलभट्टा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ड्रग्स-फ्री देवभूमि अभियान के तहत दो अंतरराज्यीय अफीम तस्करों को भारी मात्र में मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 7.042 किलोग्राम अफीम और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। यह उत्तराखंड में अब तक की सबसे बड़ी अफीम बरामदगी मानी जा रही है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के बरेली और बदायूं जिलों के निवासी हैं, और लंबे समय से नशा तस्करी में संलिप्त हैं। गिरफ्तार किए गए तस्करों में चमन प्रकाश पुत्र पूरन लाल, निवासी नवाबगंज, बरेली और महावीर पुत्र रामचंद्र, निवासी बिनावर, बदायूं शामिल हैं। दोनों तस्कर हाल ही में बरेली जिला कारागार से जमानत पर रिहा हुए थे और पुनः नशे की खेप लेकर उत्तराखंड पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। ये लोग मोटरसाइकिल से अफीम की बड़ी खेप लेकर रुद्रपुर में सप्लाई करने वाले थे, जहां इसे मुनाफे में बेचा जाना था। एसएसपी ने बताया कि इस कार्रवाई से उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड तक फैले नशे के नेटवर्क को एक बड़ा झटका लगा है।

पूछताछ के दौरान दोनों तस्करों ने खुलासा किया कि वे उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में अफीम की सप्लाई करते हैं और पहले भी कई बार नशे की खेप पहुंचा चुके हैं।

गिरफ्तार चमन प्रकाश के खिलाफ हत्या, लूट और एनडीपीएस एक्ट के तहत उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में सात मामले दर्ज हैं, जबकि महावीर पर दो मुकदमे दर्ज हैं।

एसटीएफ की टीम अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य ड्रग पैडलरों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी में है। इस ऑपरेशन में मुख्य आरक्षी गोविंद सिंह की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने ऑपरेशन को अंजाम देने में रणनीतिक रूप से अहम भूमिका निभाई। पकड़ने वाली टीम में एसटीएफ कुमायूं यूनिट टीम से निरीक्षक एमपी सिंह, उपनिरीक्षक केजी मठपाल, अवर निरीक्षक प्रकाश भगत, हे.का. जगपाल सिंह, गोविंद बिष्ट, रविंद्र बिष्ट, रियाज अख्तर, दुर्गा सिंह पापड़ा, मोहित वर्मा, चालक संजय कुमार और थाना पुलभट्टा से एसओ प्रदीप मिश्रा, उ.नि. दिनेश चंद्र भट्ट, अ.उ.नि. प्रताप सुयाल, कांस्टेबल महेंद्र सिंह और चालक दीप लोहनी आदि शामिल रहे।

# स्वच्छता संकल्प की शपथ ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर वन प्रभाग कोसी रेंज के नगर वन में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा नेताओं और वन विभाग के अधिकारियों के साथ स्वच्छता पर्व को लेकर स्वच्छता संकल्प शपथ ली गई और पौधारोपण किया गया।

इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, राकेश नैनवाल, जगमोहन सिंह बिष्ट, भूपेंद्र खाती, संजय डॉर्बी, मनोज पांडे, शेखर तिवारी,आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, भावना भट्ट, भरत तिवारी,राजू रावत, अमित कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चे और वन कर्मी मौजूद रहे।

# हनुमान पहुंचे लंका, उजाड़ दी अशोक वाटिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रोडवेज स्थित मुख्य रामलीला में गणेश वंदना, राम वंदना एवं हनुमान वंदना के बाद प्रारम्भ हुई रामलीला में युवराज अंगद, हनुमान व वानर दल दक्षिण दिशा की तरफ बढ़ते-बढ़ते समुन्द्र तट के समीप पहुंच जाते हैं, जहां उनकी मुलाकात जटायु के भाई संपाती से होती है। हनुमान संपाती को बताते है कि जटायु को रावण नें मार दिया है और अब दक्षिण दिशा की तरफ सीता मां का हरण कर ले गया है। संपाति उन्हें बताते है कि सीता इस समय इस समुद्र के उस पार एक वाटिका में बैठी हैं। यह सुनकर वानर दल एक बार फिर हनुमान की तरफ आशा भरी निगाहों से देखता है, लेकिन हनुमान तो गुमसुम से एक शिला पर जाकर बैठ जाते हैं। तब जामवंत, नल, नील व वानर दल उन्हें उनकी शक्तियां याद दिलाते हैं।

हनुमान को अपनी शक्तियों की याद आते ही वह हुंकार भर जय सियाराम के उद्घोष के साथ समुद्र पार लंका तक पहुंच जाते हैं। हनुमान अशोक वाटिका में जाकर एक पेड़ के



उपर डेरा लगा लेते हैं। वहां दुर्दान्त राक्षसों का पहरा है।

सांयकाल को संध्या वंदन करने हेतु सीता माता वहां आती हैं। इस बीच रावण वहां आ धमकता है। रावण सीताजी को धमकाता है। वह सीताजी को लंका की महारानी बनने से लेकर तमाम तरह की धमकियां देता है, लेकिन पतिव्रता सीता को डिगा नहीं पाता। रावण के जाते ही हनुमान पेड़ से राम जी की दी हुई अंगूठी सीता मां के समीप फैकते हैं। सीता अंगूठी के देखकर भावविभारे हो उठती हैं तो हनुमान पेड़ से नीचे उतरते हैं और सीता मां को प्रणाम कर परिचय देते हैं। सीता को अपना धैर्य खोता देख हनुमान कहते हैं कि आप कुछ देर इन्तजार कीजिये अन्यथा इसी समय मेरे साथ चलने की तैयारी कीजिए। सीताजी कहती है कि जाउंगी तो यहां से अपने पति के साथ ही, अन्यथा एक माह बाद प्राण त्याग दूंगी।

हनुमानजी सीताजी को पूरी दिलासा देते हैं और साहस बंधाते है। हनुमान जी शत्रु का मनोबल तोड़ने के लिए हरी भरी अशोक वाटिका को उजाड़ फैकते हैं और वहां के पहरेदार राक्षसों को मारपीट कर भगा देते हैं।

लीला में हनुमान की भूमिका में रामभक्त सुशील गाबा, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, सीता की भूमिका में गौरव जग्गा, ऋषि सचिन मुंजाल, मेघनाद रमन अरोरा, अक्षय कुमार- अभय मुड्डी, विभीषण- सचिन आनन्द, जामवन्त जी की भूमिका रोहित खुराना, बाल हनुमान- अविश तनेजा, संपाती की भूमिका में गोला ईदरीसी, धनपालिनी की भूमिका में नरेश छाबड़ा, जोकर पार्टी राम कृष्ण कन्नौजिया, गोगी नरूला, कुक्कू शर्मा, रजत अरोरा, बाल कलाकारों में पुरुराज बेहड़, कनव गंभीर, पारस अरोरा, अग्रिम सचदेवा, सक्षम दुआ, आशमन अरोरा, हर्षित अरोरा, हर्ष नरूला, सक्षम दुआ, आयुष धमीजा, ग्रंथ अरोरा, युवी भुड्डी, निर्वाण जग्गा, मनकरन रंधावा, शिवाय मुंजाल, माधवन अरोरा ने शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव संदीप धीर एवं मंच सचिव विजय जग्गा ने किया।

# सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में मनाया गया नवरात्रि डांडिया रास उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव का आनंद लिया ।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में रंगारंग गरबा और डांडिया रास प्रस्तुतियों से वातावरण को और भी उत्सवमय बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने समूह और व्यक्तिगत दोनों रूपों में भाग लेकर भारतीय सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की। शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाया। नवरात्रि डांडिया रास उत्सव ने छात्रों को भारतीय संस्कृति और परंपरा से जोड़ते हुए आनंद और उमंग से भर दिया। पूरे परिसर में उत्साहए उल्लास और रंगारंग माहौल छाया रहा ।

इस अवसर पर चेयरमैन राजेश डाबर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डा. सीमा अरोरा,



को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. प्रकाश पंत, प्रधानाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग विवेक त्रिवेदी, उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार और संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की सराहना की और छात्रों को बधाई दी।

# भानु प्रताप के बच्चों ने 8 वें इंडो कराटे कप में जीते स्वर्ण और रजत पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। इसके युवा योद्धाओं ने अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप 2025 के अंतर्गत इंडो शोटोकन कराटे डू संगठन द्वारा आयोजित 8वें इंडो कराटे कप 2025 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यह चैंपियनशिप नालंदा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बुराड़ी, दिल्ली में आयोजित की गई थी।

इस चैंपियनशिप में अंडर 12, अंडर 14 और अंडर 18 जैसे वर्गों में देश भर के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपने कौशल, ताकत और खेल भावना का लोहा मनवाया। कक्षा 9 के नैतिक जादौन ने स्वर्ण पदक, कक्षा 9 के कृष्णा, कक्षा 6 के आदित्य पांडे और कक्षा 7 के अनंत चंद्र ने रजत पदक हासिल किया। ये जीत न केवल छात्रों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं, बल्कि सर्वांगीण उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती हैं।

विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, समन्वयक और



शिक्षकों ने उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके अनुशासन, समर्पण और जुनून की सराहना की। खेल विभाग के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, साथ ही राजेंद्र सर के अथक मार्गदर्शन, प्रेरणा और प्रशिक्षण के लिए भी आभार व्यक्त किया गया, जिससे छात्रों को यह उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रत्येक छात्र के लिए एक प्रेरणा है, जो उन्हें उच्च लक्ष्य रखने, बड़े सपने देखने और जीवन के हर क्षेत्र में उज्जवल चमकने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# पालिका सभागार में लोक कल्याण मेला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शासन के निर्देशानुसार लोक कल्याण मेला का आयोजन नगर पालिका सभागार में किया गया। सर्वप्रथम बैंक प्रतिनिधि और काशीपुर नगर निगम से सीएमएम, सामुदायिक संगठनकर्ता पीएम स्वनिधि व प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का स्वागत किया गया।

अधिशासी अधिकारी मनोज दास द्वारा पीएम स्वनिधि व प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते द्वारा समस्त वेन्डरों को अवगत कराया गया कि वे प्रथम ऋण 15 हजार, द्वितीय ऋण 25 हजार, तृतीय ऋण 50 हजार के लोन करा सकते हैं।

वहीं लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी गई। पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत चार लाभार्थियों के द्वारा ऋण आवेदन पालिका कार्यालय में प्राप्त कराए गए हैं। यहां चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते, अधिशासी अधिकारी मनोज दास, वरिष्ठ सहायक राजू पाण्डे, नगर निगम काशीपुर मौ. जफर सीएमएम, गीता चन्द्रा सामुदायिक संगठनकर्ता, जयदीप तिवारी, विवेक जोशी, शिवम, हिमांशु राठौर और पालिका के समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# पीएसी कर्मी के घर में घुसकर किया हमले का प्रयास

■ पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 31वीं वाहिनी पीएसी में एसआई (एम) आंकिक के पद पर तैनात भोविन्दर सिंह खाती ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर बाहर से आए दबंगों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है।

पुलिस को दी तहरीर में खाती ने बताया कि वह कीरतपुर के गायत्री विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। बीती 29 सितंबर की रात को कीरतपुर निवासी हनुमान उनके घर आया और गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने उनके परिवार को भी भद्दी गालियां दीं। कुछ देर बाद हनुमान अपने साथियों राजेश पासवान, सतीश पासवान, श्रवण गुप्ता, सूरज गुप्ता और अन्य लोगों के साथ हथियार लेकर उनके घर पर पहुंचा और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि हमलावर रिवॉल्वर लेकर घर के अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन आसपास के लोगों के पहुंचने और सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी के कारण घर में नहीं घुस पाए। इस दौरान उन्होंने बाहर से गालियां दीं और खाती को बाहर आने के लिए उकसाते रहे। मोहल्ले के लोग इकट्ठा होने पर आरोपी वहां से हट गए, लेकिन जाते समय रास्ते में भी खाती को धमकाया।

पीड़ित का कहना है कि ये लोग कॉलोनी के निवासी नहीं हैं और आए दिन गुंडागर्दी करने पहुंच जाते हैं। घटना के बाद आरोपी काफी देर तक कॉलोनी के मोड़ पर डटे रहे और उन्हें घेरने की कोशिश की। पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड भी हुई है। खाती ने आशंका जताई है कि आरोपियों द्वारा ड्यूटी पर आते-जाते समय उन पर जानलेवा हमला किया जा सकता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजेश पासवान, हनुमान, सतीश पासवान, श्रवण गुप्ता, सूरज गुप्ता और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिलाओं का स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और केबीआर अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं के लिए एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रामनगर वन विश्रामगृह परिसर में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। लगभग 48 से अधिक महिलाओं ने इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, सर्वाइकल कैंसर सहित महिलाओं से जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियों की जांच की गई। साथ ही आवश्यकता अनुसार महिलाओं को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के उद्देश्य जन-जन तक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। चिकित्सा शिविर से महिलाओं को न केवल अपनी स्वास्थ्य संबंधी




समस्याओं के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला बल्कि उन्हें समय रहते आवश्यक जांच और इलाज का लाभ भी प्राप्त हुआ। कार्बेट डायरेक्टर डा. साकेत बडोला ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को स्वास्थ्य एवं जागरूकता की दृष्टि से लाभान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने भविष्य में भी स्थानीय समुदाय, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के लिए ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया है, जिससे स्थानीय समुदाय विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

# दूषित पानी को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय बजरंगदल एवं विश्व हिंदू परिषद रामनगर के कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को उप जिलाधिकारी को दूषित पानी के मामले में एक ज्ञापन दिया गया।

एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पावन दिनो में एक नया मामला सामने आया है।जहां रामनगर के नवरात्रि के दिनों में उपवास रख रहे हैं वहीं जल संस्थान की पाइप लाइन में गंदा पानी के साथ मांस के टुकड़े आ रहे हैं।हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने का काम किया जा रहा है। भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष पंकज धस्माना और कार्यकर्ताओं का कहना है कि इसका जिम्मेदार जल संस्थान रामनगर और नगर पालिका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि जल सस्थान के अधिकारियों से बात की गई है। जल्द से जल्द सुधार करने को कहा गया है।इस दौरान ज्ञापन देने में जिला अध्यक्ष भारतीय बजरंग दल पंकज धस्माना, वीरेंद्र फर्त्याल, पूरन पटवाल, विशाल यादव, रोहित जोशी ,सुनील वर्मा, हिरदेश शर्मा, त्रिभुवन रावत, हरदीप चौहान, हिमांशु रावत, कमल जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने आवास पर विधि पूर्वक कन्या पूजन कर शुभ अवसर को धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ मनाया।' इस अवसर पर कन्याओं को मां दुर्गा के रूप में पूजित कर उनके चरण धोए गए, तिलक कर आरती उतारी गई और उन्हें भोजन कराकर वस्त्र एवं उपहार भेंट किए गए। कन्या पूजन के पश्चात उन्होंने कन्याओं के



चरणों में झुककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने कहा नवरात्र सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का गौरव है। कन्या पूजन हमारी आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है, जिसमें हम बालिकाओं में मां दुर्गा के नव रूपों का दर्शन करते हैं। कन्याओं का सम्मान करना ही असली धर्म है। जब हम उन्हें पूजते हैं, तो मां दुर्गा स्वयं प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। यह परंपरा हमें नारी शक्ति के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समर्पण का संदेश देती है। आज के समय में जब समाज में कई स्थानों पर बेटियों के साथ भेदभाव की घटनाएं होती हैं, ऐसे में कन्या पूजन जैसे आयोजनों से समाज को सही दिशा देने की आवश्यकता है। हर बेटी में मां का रूप है और उसे शिक्षा, सम्मान और अवसर देना हमारा कर्तव्य है।

# खेल मंत्री रेखा आर्य का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर पहुंचने पर खेल एवं खाद्य रसद मंत्री रेखा आर्य का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया और उनको एक मांग पत्र भी सौंपा।

खेल मंत्री को दिए गए ज्ञापन में वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश अध्यक्ष डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसाइटी भारत भूषण चुघ ने कहा कि जनपद में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए कोच की व्यवस्था



की जाए तथा नौकरियों में भी उनको प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में राशन के डिपो बढ़ाए जाएं क्योंकि सिडकुल के बाद कैंप की जनसंख्या में इजाफा हुआ है जिस कारण डिपों की संख्या बढ़ाना आवश्यक है। खेल मंत्री आर्य ने आश्वासन दिया कि सरकार प्रदेश के हर नागरिक के साथ खड़ी है और हर संभव प्रयास रहेगा कि उनकी समस्याओं का निदान किया जाए। स्वागत करने और मांग पत्र देने वालों में राज्य बाल आयोग के सदस्य दीपक गुलाटी, तुषार गर्ग, रोहित अग्रवाल, अमित शर्मा, प्रतीक गर्ग, नंदगोपाल, नीलकंठ राणा आदि थे।

# मंदिर तोड़ने की कोशिश के खिलाफ कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा रोड रामनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर को अतिक्रमण के नाम पर हटाये जाने की चल रही कोशिश के खिलाफ क्षेत्रवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मंदिर को बचाने की मांग की।

जानकारी के अनुसार एचएच 74 के चौड़ीकरण को लेकर रामनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर को हटाये जाने के लिए एनएच की ओर से मंदिर में निशान लगाये गये हैं। इसके विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में एनएच निर्माण के दौरान बाउंड्री तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था।ग्रामीणों के विरोध के बाद एनएच ने समझौता किया और खुद मंदिर की बाउंड्री भी बनाई। समझौते में तय हुआ था कि मंदिर की बाउंड्री से 14 फिट सर्विस लाईन रहेगी, लेकिन अब समझौते के विपरीत सर्विस लेन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें मंदिर भी जद में आ रहा है। जिसके लिए निशान लगाये गये हैं। ग्रामीणों ने पूर्व में हुए समझौते के अनुसार निर्माण करने की पुरजोर मांग की।

# नैनीताल छात्रा महासंघ के संयुक्त सचिव बने पीयूष राजहंस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**संयुक्त सचिव पीयूष ने अपने समर्थकों के साथ शहर में निकाला जुलूस**

**बाजपुर।** नैनीताल छात्र महासंघ के संयुक्त सचिव पीयूष राजहंस ने अपने समर्थकों के साथ शहर में जुलूस निकाला। वहीं उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल बाल्मीकि और छात्रों ने नैनीताल छात्र महासंघ के सचिव पीयूष राजहंस का जोरदार स्वागत किया। नैनीताल पीजी कॉलेज छात्रसंघ चुनाव में पीयूष राजहंस को नैनीताल छात्र महासंघ का संयुक्त सचिव चुना गया है। बता दें कि सोमवार को देर शाम बाजपुर पहुंचे नैनीताल छात्र महासंघ के संयुक्त सचिव पीयूष राजहंस ने अपने समर्थकों के साथ शहर में जुलूस निकाला। इस मौके पर छात्र संघ सचिव राहुल सिसोदिया, अनिल वाल्मीकि, मनोज राजहंस, बिट्टू, शिवा, ध्रुव, उत्कर्ष, सरफराज, विश्वजीत चौहान, साहिल पठान, राघव, अनस, राज राणा, शरद सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रिनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेन्ट में मंगलवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर का आयोजन काशी चैरीटेबल ब्लड बैंक काशीपुर के सहयोग से किया गया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक आलोक गुसाई ने दीप प्रज्वल्लन कर अतिथियों का स्वागत कर किया। शिविर में छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कुल 47 यूनिट



रक्त एकत्र किया गया, जिसे सुरक्षित रूप से ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और पौष्टिक खाद्य दिए गये। शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों में उत्साह एवं संतोष की भावना देखने को मिली।

# काली माता की शोभायात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर के प्रसिद्ध माता काली मंदिर से सप्तम काल रात्रि नवरात्र पर मां काली की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा जीजीआईसी रोड स्थित माता काली मंदिर से शुरू की गई यात्रा नगर के सुभाष चौक, कोतवाली रोड ,मेन बाजार, गांधी आश्रम बारी चौक ,ठाकुर मंदिर, पुराना अस्पताल रोड होते हुए काली मां का डोला भगवान शंकर पार्वती, हनुमान जी, गणेश जी, भारत माता सरस्वती देवी मां काली अखाड़ा के साथ शोभायात्रा निकाली गई यात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे और मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालु ने माता काली की पूजा अर्चना, आरती की। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष अरविंद कुमार विमल अग्रवाल, बलराम तोमर,भजन सिह नरेश, शिवकुमार, अनुज, हरीश, लक्ष्मण, धर्मेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# अब बांस मॉडल जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जोड़ेगा नए आयाम

**बांस से बनेगा पारंपरिक हस्तकला, पर्यावरण संरक्षण एवं रोजगार का माध्यम: डीएम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आसाम से आयात किया जाने वाला बांस मॉडल जिला चंपावत में बहुतायत होने लगेगा। लोहाघाट ब्लाक अंतर्गत नाकोट गांव के बांस से उत्पादों को जन मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी को दिखाने आए उमेद राम, दीवान राम, भगवान राम, जगदीश राम अनिल कुमार, जगदीश कुमार, आनंद की भविष्य की आस में पंख तब लगे जब जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से बांस के बने इन पांच पांच उत्पादों को बेचने के लिए सभी विभागों से सहयोग करने को कहा गया। साथ ही जिले में ही बांस व निगाल की नर्सरियां तैयार कर इसे राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य ग्रामीण संपर्क मार्गों के अलावा जलागम क्षेत्र, बंजर भूमि आदि स्थानों में रोपित करने की योजना बनाने के साथ यही लोग बांस की नर्सरी भी तैयार करेंगे।



इस कार्य में वन विभाग भी अलग से नर्सरी तैयार करेगा तथा इन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित भी करेगा। इन लोगों को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी जिससे वे इस कार्य में मशीनों का प्रयोग कर उसे बनाने की लागत कम कर अधिक लाभ वर्जित कर सकेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती के अनुसार इस कार्यक्रम को सारा योजना के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। हालांकि बांस वैसे गर्म जलवायु में अधिक होता है लेकिन मौसम परिवर्तन के कारण अब यह पूरे जिले में पैदा हो सकता है। बांस का उपयोग भवन निर्माण, सीढ़ी बनाने, अर्थी बनाने, बम्बू हट, पॉली हाउस बनाने के अलावा भूमि कटाव को रोकने, चारा पत्ती आदि तमाम कार्यों में इसका उपयोग होता है। सीडियों के अनुसार इस कार्यक्रम की प्रस्तावना तैयार कर इसे रोजगार का सशक्त माध्यम बनाया जाएगा। जिन स्थानों में बांस व रिगाल होता है, वहां राजमा की खेती काफी फलती फूलती है। इसके उत्पादन से बेल वाली सब्जियों के उत्पादन के लिए प्रयोग में लाए जाने वाली जंगलों से छोटे छोटे पेड़ों पर पढ़ने वाली मार भी बचेगी।

## डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। डेंगू की पुष्टि होने से एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएमएस डॉक्टर धीरेंद्र गहलोत से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस समय अस्पताल में अत्यधिक संख्या में मरीज आ रहे हैं, जिसमें खांसी, जुकाम, बुखार में वायरल फीवर के मरीज बड़ी संख्या में हैं उनकी स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा मरीज के इलाज के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। मरीज के संदेह होने पर तुरंत जांच कराई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से तैयार है। डेंगूसे निपटने को डेंगू बार्ड पूरी तरह से तैयार हैं।

## एक नजर

## भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई जांच की घोषणा पर सीएम का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** युवा मोर्चा भाजपा के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्रवेशद्वार में युवा मोर्चा, छात्र संघ पदाधिकारियों, सिमांत इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों, स्थानीय युवाओं द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का जोरदार नारेबाजी करते हुए छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए कल धरना स्थल में जाकर भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई जांच की मौके पर संस्तुति देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।



छात्रों ने कहा धाकड़ धामी ने हमेशा छात्रों व युवाओं के हित में कार्य किया है। 'सख्त नकल कानूनष' लागू कर नकल माफिया में पूर्ण रूप से अंकुश लगाने का काम किया है। जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य हित में व रोजगार परक योजनाओं का समय-समय पर संचालन कर युवाओं को रोजगार देने का पूर्ण ईमानदारी से काम कर रही है। इसी कारण विपक्ष छल प्रपंच के द्बारा राज्य का माहौल खराब करने की समय-समय पर कोशिश कर रहा है। जनता सब जानती है इनके मनसूबों को कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिला उपाध्यक्ष उमेश महर, जिला मंत्री रघुवीर सिंह बिष्ट, हरीश रावत, सुरज गीरी, अक्षय शाह, दिपक लोहिया, इंद्र बथियाल आदि युवा थे।

## प्रतियोगिता में एकता ने सिल्वर, स्वाति और माही ने ब्रॉन्ज मेडल जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ब्लॉक से तीन बालिकाएं ताइक्वांडो की स्टेट प्रतियोगिता जोकि बागेश्वर में 28, 29, 30 सितंबर को आयोजित हुई, जिसमें एकता ने सिल्वर मेडल और स्वाति एवं माही ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। तीन बालिकाओं ने अपने-अपने भार वर्ग में पदक को जीत लिया है। पदक जीतकर तीनों बालिकाओं ने अपने बाजपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीडीओ शेखर जोशी और युवा कल्याण अधिकारी खेल समन्वयक महेश रावत, चंद्रिका फौगाट द्वारा पदक जीतने पर तीनों बालिकाओं को जीत की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# पशु बलि निवारण जन चेतना गोष्ठी का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखण पशु कल्याण बोर्ड देहरादून द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत हाट कालिका मंदिर परिसर गंगोलीहाट में पशु बलि निवारण जन चेतना गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्टी में नगर पालिका परिषद गंगोलीहाट के नगर अध्यक्ष विमल रावल, विकासखण्ड गंगोलीहॉट के क्षेत्र प्रमुख विनोद प्रसाद, हॉटकालिका मंदिर समिति के अध्यक्ष हरगोविंद रावल, मंदिर के पुजारी दीप चंद्र पंत, रामलीला कमेटी के हेमराज रावल सहित विभागीय अधिकारी, उपजिलाधिकारी गंगोलीहाट यशवीर सिंह डा. मंजू असवाल, पशु चिकित्साधिकारी गंगोलीहाट, पुलिस, राजस्व आदि उपस्थित रहे।




जन चेतना में 'पशु बलि' न करने के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष, प्रमुख व पुजारी द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। जन चेतना में व्यापक स्तर पर प्रचार करने पर चर्चा हुई।

उपजिलाधिकारी द्वारा आईपीसी/ भारतीय न्याय संहिता, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के प्रावधानों को बताया गया तथा नए वध करने पर आपराधिक कानून में धारा 325 में पांच साल तक की सजा होने के बारे में जानकारी दी गयी।

# बाल श्रम के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** डिस्टिक टास्क फोर्स (डीटीएफ) ने टनकपुर क्षेत्र में बाल श्रम निरीक्षण संबंधी अभियान चलाकर बाल श्रम कराने वालों को चेताया।

आपको बता दें बाल श्रम के खिलाफ श्रम विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टीम के द्वारा निर्माणधीन कार्यस्थलों, होटल, ढाबो, दुकानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर छापा मारा। श्रम परिवर्तन अधिकारी देवेश पांडे ने बताया किटनकपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 4, एंव 5 में बाल श्रमिक निरीक्षण संबंधी अभियान चलाया। इस दौरान टीम के द्वारा कई स्थानों पर निरीक्षण किया गया, जिसमें श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई चंपावत, पुलिस विभाग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, चाइल्ड हेल्पलाइन, एवं विशेष दतत्क ग्रहण प्राधिकरण के साथ मिलकर बाल श्रम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उक्त क्षेत्र में चेकिंग सर्वेक्षण अभियान चला कर छापा मार कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोई भी बाल श्रमिक मौके पर कार्यरत नहीं पाया गया।

बाल श्रमिक निरीक्षण अभियान के दौरान उक्त क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठान स्वामियों को बाल श्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृतती, मानव तस्करी, बाल विवाह तथा महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही क्षेत्र के व्यापारियों से बाल श्रमिक कार्यरत ना होने संबंधी शपथ पत्र भी भरवा गए।

श्री पांडे ने बताया कि इस दौरान दुकानदारों, होटल संचालकों को हिदायत दी गई की किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर ना रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है। निरीक्षण के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेश पांडे, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष आनंदी अधिकारी, विशेष दत्तक ग्रहण प्राधिकरण से पूजा जोशी, चाइल्ड हेल्पलाइन परामर्श दाता तरन्नुम, ह्वूमेन ट्रैफिकिंग से राम सिंह, पुलिस विभाग से हेमलता कश्यप, चाइल्ड प्रोटक्शन यूनिट से मुकुल किरण शामिल रहे।

# स्वाला डेंजर जोन में फिर राष्टीय राजमार्ग में रुकी वाहनों की रफ्तार

**जिलाधिकारी ने वैकल्पिक सड़क मार्ग की व्यवस्था करने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** स्वाला डेंजर जोन में आज सुबह 6:00 बजे से मुख्य राजमार्ग में वाहनों की रफ्तार फिर रुक गई तथा वर्षा होने के साथ ही पहाड़ी से मलवा और बोल्डर नीचे आने से सड़क को भी नुकसान पहुंचा है, हालांकि एनएच अधिकारियों द्वारा अब सड़क में बैक कटिंग भी शुरू की जा रही है। लगातार ऊपर से मलवा,बोल्डर आने से तथा रोज-रोज सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से आम लोगों को हो रही दिक्कतें एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़क मार्ग बंद होने से जिलाधिकारी ने राष्टीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे स्थाई वैकल्पिक सड़क मार्ग की व्यवस्था करे। आज जिलाधिकारी ने ऊपर पहाड़ी में जाकर वहां की परिस्थितियों का अध्ययन किया। सड़क बंद होने से आज यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग से भेजा गया।

# क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ठाकुर श्याम सिंह रावत जगत सिंह रावत राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज टनकपुर (चंपावत) में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मानक क्लब के छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के अधिकांश बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। साथ ही विशेष स्थान लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र पाठक ने अतिथि के स्वागत के साथ और मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। उपरोक्त विषय पर देहरादून ब्रांच ऑफिस के संसाधक दीपक कुमार पांडे द्वारा विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गई। प्रत्येक माह के अंत में आयोजित होने वाली ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के बारे में भी बताया गया। क्विज के उपरांत विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि प्रदान की गई। प्रथम पुरस्कार -रु 1000 मात्र- देवा सिंह, द्वितीय पुरस्कार- रु 750 मात्र- कुनाल सिंह तथा मोहित, तृतीय पुरस्कार-रु 500 मात्र - युसूफ खान और चतुर्थ पुरस्कार - रोहित यादव।




इसके अतिरिक्त प्रत्येक छात्र को मिल्टन की पानी की बोतल सांत्वना पुरस्कार के रूप में दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य हरिश चंद्र पाठक, मानक क्लब मैंटर सुरजीत सिंह राणा व विद्यालय स्टाफ प्रवक्ता भौतिक विज्ञान राजेश पांडे, बीएस पांडे, राजनाथ, प्रमोद कुमार जोशी, एसएन भट्ट, प्रदीप कश्यप, पवन बहादुर, उमा, मीना सिंह, संगीता राजभर, नरेंद्र बिष्ट, जगदीश चंद, रिचा जोशी, गंगा रौतेला आदि मौजूद रहे।

## यशपाल आर्य ने ग्राम वासियों को दी दो करोड़ 40 लाख की बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने ग्राम सिराली ग्राम ढाकी और ग्राम भिकमपुरी में जनसभा के दौरान घोषणा करते हुए ग्राम वासियों को दो करोड़ 40 लाख की बड़ी सौगात दी है।



**आर्य ने किया चार बहुउद्देशीय भवनों और अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास**

बाजपुर ब्लॉक प्रमुख पति जोरावर सिंह गुल्लर और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य द्वारा दो करोड़ 40 लाख की लागत से ग्राम सियाली, ग्राम ढाकी और ग्राम भिकमपुरी में निर्मित चार बहुउद्देशीय भवनों और अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। वहीं ग्राम सिराली ग्राम ढाकी और ग्राम भिकमपुरी के सभी ग्राम वासियों ने ब्लॉक प्रमुख पति जोरावर सिंह भुल्लर और विकास पुरुष यशपाल आर्य का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते, किसान कांग्रेस प्रदेशध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी सहित अनेक सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बंधु उपस्थित रहे।

# विधायक किया शारदीय दुर्गा पूजा का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुखर्जीनगर वार्ड नं. 5 में अयोजित श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा का शुभारम्भ विधायक शिव अरोरा फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने दुर्गा मईया के चरणों मे शीश नवाकर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।



विधायक ने कहा नवरात्री के पवित्र माह में चारों ओर दुर्गा मईया के पंडाल सजे नजर आ रहे हैं, वहीं मुखर्जीनगर में भी भव्य दिव्य दुर्गा पूजा की रौनक अलग ही प्रतीत हो रही है। इस बार की दुर्गा पूजा मुखर्जीनगर क्षेत्र के लिए विशेष है क्योकि यहां धार्मिक समाजिक आयोजन के लिए सार्वजनिक भवन नहीं था, जिसको लेकर यहां के लोग इस मांग को लम्बे अरसे से उठाते आ रहे थे। वहीं विधायक अरोरा ने 50 लाख की लागत से यहां पर धार्मिक सामाजिक आयोजन हेतु सार्वजनिक भवन का निर्माण कार्य कराया। विधायक ने कहा दुर्गा मैया की कृपा आप सभी पर बनी रहे हैं आप सभी अपने जीवन में आनंद में, सुखमय प्रफुल्लित होकर जीवन व्यतीत करें।

इस दौरान पार्षद कुसुम शर्मा, राधेश शर्मा, नारायण मंडल, सपन कुमार, श्याम रंग, बलाई विश्वास, रोहित गोलदार, उत्तम मंडल, संजीव रंग, निरापद सरकार, कनक मंडल, हरीश गाईन, अखिलेश मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, मनोज मदान, डंम्पी चोपडा, अभिषेक तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# बाली -सुग्रीव युद्ध की भव्य लीला का हुआ मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नवयुवक रामलीला कमेटी, टनकपुर के तत्वावधान में रामलीला मैदान में चल रहे भव्य रामलीला मंचन के आठवें दिन सोमवार की रात बाली-सुग्रीव युद्ध का रोचक मंचन किया गया। इस प्रसंग का दर्शकों ने बड़ी उत्सुकता से आनंद लिया और मंचन के दौरान राम भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था।

मंचन में दिखाया गया कि कैसे बाली और सुग्रीव के बीच संघर्ष होता है और भगवान श्रीराम सुग्रीव की सहायता करते हुए बाली का वध कर धर्म की स्थापना करते हैं। कलाकारों ने जीवंत अभिनय और सजीव संवादों से लीला को इतना आकर्षक बनाया कि दर्शक भावविभोर हो उठे। युद्ध दृश्य के दौरान पूरा मैदान 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टनकपुर नगरपालिका अध्यक्ष विपिन कुमार मौजूद रहे। उन्होंने रामलीला कमेटी द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि रामलीला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सांस्कृतिक झांकियां आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपरा से जोड़ने का कार्य करती हैं।



## पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर के कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा विषय पर्यटन के अंतर्गत मंगलवार को विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक जयप्रकाश सेमवाल, ई उत्तराखंड टूरिज्म के डायरेक्टर, समर्थ बुधलाकोठी के नेतृत्व में त्रिनतारा रिजॉर्ट एंड स्पा ग्राम गेबुआ रामनगर का औद्योगिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को होटल उद्योग की कार्यप्रणाली, प्रबंधन एवं आतिथ्य सेवाओं के व्यावहारिक पक्ष से अवगत कराना रहा। भ्रमण के दौरान छात्रों ने फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की।प्रधानाचार्य अजय कुमार धस्माना ने कहा कि इस प्रकार के उद्योग भ्रमण छात्रों को रोजगार परक शिक्षा से जोड़ने एवं उनके व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होते हैं। वहीं जनरल मैनेजर यशवंत सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को होटल संचालन की वास्तविक जानकारी प्रदान की। भ्रमण का सफल संचालन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ट्रेनर ललित किशोर द्वारा किया गया।छात्र छात्राओं ने इस उद्योग भ्रमण को बहुत ही लाभदायक बताया हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार धस्माना, रिजॉर्ट के मेनेजर यशवंत सिंह बिष्ट, ट्रेनर ललित किशोर आदि मौजूद रहे।

# मौन पालन वर्टिकल जागरूकता शिविर आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी संस्थान टनकपुर में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत मौन पालन वर्टिकल जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर एच एल मंडोरिया द्वारा की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार को आमबाग स्थित डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी संस्थान मे खादी और ग्रामोद्योग आयोग की योजना का लाभ लेने हेतु कार्यक्रम आयोजित कर रोजगार से जुड़े लोगों का प्रोत्साहन किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे सहायक निदेशक जे एस मालिक द्वारा कार्यक्रम में आए सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए मौन पालन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम उद्योग विकास योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत मशीनरी टूल टूलकिट प्राप्त करने हेतु अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के अभ्यार्थियों को 10% तथा अन्य पिछड़े वर्ग व सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 20% स्वयं का अंशदान देना होता है। उन्होंने कहा कि बीपीएल श्रेणी की अभ्यर्थियों को यह योजना निशुल्क दी जाती है। जिसमें विभाग द्वारा 80 से 90% अनुदान दिया जाता है। पीएमईजी योजना में सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख तथा निर्माण क्षेत्र में 50 लाख तक बैंक के माध्यम से लोन लेकर उद्योग स्थापित कर सकते हैं। जिसमें अभ्यर्थी द्वारा स्वयं का अंशदान 5 से 10% लगाना होता। तथा विभाग द्वारा 15 से 35% का अनुदान दिया जाता है। तथा पीएमईजीपी द्वितीय लोन एक करोड़ तक लेने का प्रावधान है। सहायक निदेशक राकेश कुमार द्वारा अपने विभाग की स्वरोजगार योजना की जानकारी दी गई। एवं खादी महोत्सव एवं सेवा पर्व के दौरान आयोजित जागरूकता शिविर का आह्वान किया गया। भारत को 2047 तक विकसित करने के लिए घर-घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी उत्पाद प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। और उद्योग स्थापित पर रोजगार सृजन कर स्वालंबी बनना है। उपरोक्त कार्यक्रम में 150 उपस्थित लोगों द्वारा जागरूकता शिविर में प्रतिभाग किया गया। जिसमें किसान मौन पालक एवं संस्थान के विद्यार्थि व फैकल्टी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे सफल मौन पलक उद्यमी संजय जोशी, हॉर्टिकल्चर डिपार्मेंट कुंदनपुरी, बैंक प्रतिनिधि राहुल द्वारा अपने विभाग से संबंधित गतिविधियां योजनाओं की जानकारी दी गई। संस्थान से डॉक्टर अभिषेक पाठक उप रजिस्टार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत नाकोट में लगा विशेष शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसएस नबियाल के निर्देशन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अर्चना कौशिक के नेतृत्व में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाकोट में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें जिला अस्पताल से विशेषज्ञ चिकित्स्कों ने प्रतिभाग किया।

स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा तथा वीरेंद्र बोहरा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया तथा उपस्थित लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया। शिविर में महिला स्वास्थ्य, टीकाकरण, एएनसी जांच, सामान्य ओपीडी, लैब जांच, नि:शुल्क दवाइयों का वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

श्रीमती बोहरा ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को अभियान को सफल बनाने हेतु बधाई दी और अधिक से अधिक महिलाओं एवं परिवारों को इसका लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में कुल 158 लोगों ने प्रतिभाग किया, जहां पर 26 लोगों का एक्स रे, 15 लोगों की खून की जांच, 34 लोगों का ब्लड प्रेशर, 27 लोगों की शुगर जांच, 29 लोगों की हीमोग्लोबिन जांच और 2 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। इसी क्रम में नेडा-बस्ते वार्ड के ग्रीन वैली स्कूल में एनसीडी (गैर-संचारी रोग) कार्यक्रम एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्क्रीनिंग कैम्प का शुभारंभ पार्षद नेडा-बस्ते के दिनेश कापड़ी द्वारा किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ. ललित भट्ट ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में नगर निगम के अन्य वार्डों में भी ऐसे ही कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002 दूरभाष नं. 0135-2760628
email:- ee_phqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **27.10.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **25.10.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-21/2025-26:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Printer Cartridges मे उपलब्ध करवाने का कार्य।

2) **T-22/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन में Vertical Blinds की आपूर्ति व पूर्ण फिटिंग सहित स्थापना का कार्य।

3) **T-23/2025-26:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में साफ-सफाई से सम्बन्धित सफाई का सामान उपलब्ध करवाने का कार्य।

4) **T-24/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन के Store Room में M.S. Iron Frame Structure पर Painting का कार्य।

5) **T-25/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन बिल्डिंग में Dry cleaning of sofa sets & blinds with repairing & painting of 55 chairs का कार्य।

पत्रांक: 363/प0मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 29.09.2025

अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0ई0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

# रामलीला में हुआ अंगद-रावण संवाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवलचौड़ स्थित पंचायतघर में आयोजित आदर्श ग्रामीण श्री रामलीला समिति द्वारा रामलीला महोत्सव के अंतर्गत आठवें दिन अंगद-रावण संवाद का सजीव मंचन किया गया। इस दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अंगद की भूमिका में भारतीय युवा कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रदीप सिंह नेगी नजर आए, जिन्होंने दमदार संवाद अदायगी से दर्शकों का दिल जीत लिया। रावण की भूमिका में गुड्डू सुयाल ने भी अपने प्रभावशाली अभिनय से सभी को प्रभावित किया। दोनों कलाकारों ने अपने पात्रों को जीवंत कर दिया, जिससे रामलीला मंचन में नई ऊर्जा का संचार हुआ। अंगद की भूमिका निभा रहे प्रदीप सिंह नेगी ने बताया कि वें वर्ष 2009 से रामलीला मंचन से जुड़े हुए हैं। 2017 तक विभिन्न भूमिकाएं निभाने के बाद, 2018 से वे लगातार अंगद की भूमिका का मंचन कर रहे हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीवान सिंह मेहरा, मोहन सिंह नेगी, आनंद सिंह पड़ियार, सोमदत्त जोशी, गोपाल सिंह बिष्ट, कैलाश कुल्याल, सुरेंद्र प्रताप सिंह, जगत सिंह घुरदौड़ा, जगदीश चंद्र सुयाल, श्याम सिंह घुरदौड़ा, प्रदीप सिंह पाल, प्रदीप सिंह दरम्वाल, किशन सिंह घुरदौड़ा रहे।

## लक्ष्मण शक्ति, संजीवनी प्रकरण और कुंभकर्ण वध का भव्य मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राचीन श्रीरामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मंचन के तहत मंगलवार को लक्ष्मण शक्ति, लक्ष्मण जागृति और कुंभकर्ण वध की भावनात्मक और प्रभावशाली लीलाओं का मंचन किया गया। मंचन के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और माहौल भक्तिमय हो गया। व्यास विकास पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया कि मेघनाद द्वारा चलाए गए शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। अपने प्रिय भाई की यह दशा देखकर श्रीराम अत्यंत व्याकुल हो उठते हैं। इसके बाद हनुमान जी संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण को पुनः चेतना प्रदान करते हैं। इस अद्भुत दृश्य के बाद युद्ध में कुंभकर्ण का वध किया जाता है। लीला मंचन के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण, रावण, मेघनाद और हनुमान के पात्रों की सजीव प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विनीत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, दिनेश गुप्ता, पंकज कपूर, तनुज गुप्ता सहित संचालन समिति के अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।



# युवा पत्रकार राजीव की संदिग्ध मौत की जांच के लिए पत्रकारों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरकाशी के युवा पत्रकार राजीव प्रताप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने उत्तराखंड के पत्रकार समुदाय को गहरे सदमे और आक्रोश में डाल दिया है। पिछले 10 दिनों से लापता चल रहे राजीव प्रताप का शव उत्तरकाशी स्थित जोश्याड़ा बैराज से बरामद किया गया है। राजीव प्रताप डिजिटल मीडिया से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे और हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण भ्रष्टाचार मामलों का खुलासा कर चुके थे। उनकी मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है, जिसे लेकर पूरे प्रदेश में पत्रकारों के बीच गंभीर असुरक्षा की भावना उभर आई है। राजीव प्रताप की कार लापता होने के अगले ही दिन स्यूणा गांव के पास मिली थी, लेकिन कार में राजीव नहीं थे। इसके बाद से ही उनके लापता होने को लेकर परिजन और सहयोगी चिंतित थे।



कई प्रयासों के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो अब उनका शव उत्तरकाशी बैराज से मिलने की खबर ने सभी को हिला दिया। पत्रकारों ने इस घटना को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिसमें एसआईटी/सीबीआई, न्यायिक जांच की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में राहुल दरम्वाल, जहांगीर राजू, योगेश शर्मा, हर्ष रावत, शैलेन्द्र सिंह नेगी, राजेन्द्र सिंह बिष्ट बब्ली, दीपक भंडारी, तारा चन्द्र जोशी, मो. शुएब खान, संजय कुमार, वंदना, रक्षित टंडन, शाहवेज़ खान, संजय पाठक, अंकुर शर्मा, महेन्द्र नेगी, मोहन भट्ट, चन्द्र प्रकाश, चयन राजपूत, प्रशांत अग्रवाल, ऋषि कपूर, राजेश श्रीवास्तव, दीप बिष्ट बाबा, संतोष जोशी, दीपक अधिकारी, शंकर पांडे, नवीन सक्सेना, श्रुति तिवारी, गोविंद बिष्ट, अरकम सिद्दीकी, अज़हर सिद्दीकी, डा. एएन तिवारी, अभिजात कांडपाल, कुलदीप रौतेला आदि थे।

# उत्तराखंड में पहली बार शुरू हुआ परफॉर्मेंस ऑडिट, 30 योजनाएं जांच के दायरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता और जमीनी हकीकत को परखने के लिए पहली बार परफॉर्मेंस ऑडिट की शुरुआत की गई है। 27 सितंबर से शुरू हुए इस विशेष ऑडिट अभियान के तहत 30 योजनाओं और कार्यक्रमों को नमूने के रूप में चुना गया है, जिनका मूल्यांकन 30 अलग-अलग टीमों द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक योजना की जांच के लिए 30 दिन का समय तय किया गया है। सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि यह परफॉर्मेंस ऑडिट परफॉर्मेंस ऑडिट मैनुअल 2024 के तहत किया जा रहा है। इससे न सिर्फ योजनाओं की जमीनी स्थिति उजागर होगी, बल्कि उनके लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने के लिए जरूरी सुधारात्मक सुझाव भी सामने आएंगे।



मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, अटल आयुष्मान योजना (गोल्डन कार्ड), नंदा गौरा योजना, सस्ते नमक वितरण योजना, निर्धन परिवारों को गैस पर अनुदान, हाउस ऑफ हिमालयाज, दीनदयाल किसान कल्याण योजना, कक्षा 1-8 के छात्रों के लिए जूता-बैग वितरण, पुल निर्माण, बस अड्डा निर्माण, फिल्म विकास परिषद, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना, चाय विकास परियोजना, शहरी मलिन बस्तियों का विकास, ज्यूडिशियरी इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, बिजली, सहकारिता, खेल और आपदा प्रबंधन से जुड़ी कई अन्य योजनाएं भी शामिल हैं। रमेश चंद्र पांडे ने हालांकि यह भी कहा कि परफॉर्मेंस ऑडिट की पहल सराहनीय जरूर है, लेकिन पूर्व की कई स्पेशल ऑडिट रिपोर्टों में करोड़ों की अनियमितताओं के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई न होना बेहद निराशाजनक है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वर्षों पुरानी ऑडिट आपत्तियां केवल फाइलों में धूल फांक रही हैं और उन पर कार्रवाई नहीं हो रही, तो फिर नए ऑडिट का उद्देश्य क्या रह जाता है?

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के डीडीहाट केओगला में चल रहे स्व. शहीद बलवंत सिंह जिमवाल मेमो. रियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तहत जौरासी व कुमाऊं स्कोट धारचूला के बीच खेले जा रहे मैच में मुख्य अतिथि राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुररानी ने दोनों टीमों को पर्यावरण संरक्षण के तहत शपथ दिलाई। बता दें मंगलवार को पौधारोपण अभियान के 441वें दिन मैदान परिसर में अमित स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट व पदाधिकारियों के साथ एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। सभी दर्शकों ने अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह समेत समाजसेवी विपिन जोशी, रंजीत जिमवाल थे।

## एक नजर...

### नैनीताल में बारिश के बाद बढ़ गई ठंड

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में कई दिनों से मौसम सामान्य बना हुआ था जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग सुहावने मौसम का लुत्फ उठा रहे थे लेकिन मंगलवार सुबह अचानक हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। हल्की से मध्यम बारिश के चलते तापमान में गिरावट हुई और नगर में ठंडक का अहसास बढ़ गया। मौसम में आए बदलाव व ठंडी हवाओं के चलते नगर में लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे। पर्यटकों ने इस बारिश को नैनीताल की प्राकृतिक खूबसूरती को कैमरों में कैद किया। बारिश के थमने के बाद पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का आनंद लेने के साथ ही नगर तथा आस पास के दर्शनीय स्थलों के दीदार किए।

### अधिवक्ता परिषद का निशुल्क शिविर कल

**नैनीताल।** अधिवक्ता परिषद देवभूमि उत्तराखंड हाईकोर्ट इकाई नैनीताल कल 2 अक्टूबर दशहरा के उपलक्ष्य में एक दिवसीय निशुल्क शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक नैनीताल में गुरुद्वारा के समीप डीएसए फील्ड के समीप आयोजित किया जाएगा जिसमें न्याय से संबंधित सभी कानूनी सलाह व जानकारी निशुल्क हाई कोर्ट अधिवक्ता द्वारा जनमानस को दी जाएगी। जिसका लाभ नैनीताल नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए सभी नागरिक जन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। न्याय परामर्श केंद्र प्रमुख विश्वकेतु वैद्य के मुताबिक शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवकता जानकी सूर्या द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में न्याय परामर्श केंद्र प्रमुख अधिवक्ता विश्वकेतु वैद्य समेत परामर्श केंद्र के सभी सदस्य जुटे हुए हैं। शिविर में परिषद के अध्यक्ष लोकेंद्र डोभाल समेत कार्यकारी अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह अधिकारी व महामंत्री अनिल जोशी व अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

### नैनीताल-काठगोदाम मार्ग पर पैंच कार्य शुरू

**नैनीताल।** नैनीताल-काठगोदाम रोड पर गड्ढों भरी सड़क पर अब लोगों को सफर नहीं करना पड़ेगा। एनएच विभाग की ओर से ज्योलीकोट से रानीबाग तक क्षेत्र पैच कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि नैनीताल काठगोदाम रोड में जगह-जगह बन रहे गड्ढे लोगों के लिए सिर दर्द बन गए हैं लेकिन अब लोगों को गड्ढों भरी सड़क पर सफर नहीं करना पड़ेगा। एनएच की ओर से सड़क में पैच कार्य शुरू कर दिया है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि विभाग की ओर से रानीबाग से ज्योलीकोट तक पैच कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया कि लगभग एक सप्ताह तक यह कार्य जारी रहेगा। सड़क के सभी पैच भर दिए जाएंगे। बताया कि जल्द ही ज्योलीकोट से नैनीताल तक भी डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### रामलीला में रावण कैलाश जोशी के सभी दीवाने

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव में उत्कृष्ट कलाकार पात्रों की भूमिका में रंगों की तरह घुल जाते हैं तथा उस पात्र को जीवंत बनाने में भी योगदान करते हैं तथा श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित रामलीला का रंग बदल देते हैं। यहां दर्शक रावण की भूमिका निभाने वाले कैलाश जोशी के खासे दीवाने हैं। बता दें कि मंच पर रावण का प्रवेश होता है तो पूरा सभा भवन तालियों और से गूंज उठता है। श्री राम सेवक सभा की रामलीला अभिनय कला और भव्य प्रस्तुति के लिए जानी जाती है। कैलाश जोशीए जो पिछले 33 वर्षों से रावण का किरदार निभा रहे हैं, उनकी लंबी कद काठी समेत गंभीर आवाज और दमदार संवाद शैली रावण के चरित्र को जीवंत कर देती है। मंच पर उनके हर शब्दों पर दर्शकों की जोरदार तालियां और सराहना होती है। कैलाश जोशी रावण के अभिनय के अतिरिक्त अपनी मधुर वाणी से भजनों की भी मनमोहक प्रस्तुतियां देते हैं।



### दुर्गा महोत्सव में कलाकारों ने मचायी धूम

**नैनीताल।** सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित 69वें दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत मंगलवार को मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल रही। महोत्सव के तहत खेल मैदान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें निशांत स्कूल व कला साहित्य एवं संगीत व शारदा संघ समेत माँ सास्कृतिक केन्द्र हरतोली व कुमाऊंनी सांस्कृतिक दल तथा राजस्थान टीम के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान दौरान अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, भाष्कर बिष्ट, मंजू रौतेला, सुमन शाह, रश्मी राणा, कुसुमलता सनवाल, मीनू, भावना मौजद रहे।

### आवास योजना की किस्तों के लिए सौपा ज्ञापन

**नैनीताल।** भीमताल नगर पालिका के अंतर्गत 9 वार्डों में वर्ष 2021-22 में चयनित आवास योजना के पात्र परिवारों को किस्तों का भुगतान न होने से निर्माण कार्य रुके हुए हैं। इससे प्रभावित परिवारों में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार नगर पालिका कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चयनित परिवारों की परेशानियों को उजागर करते हुए रुकी हुई किस्तों के शीघ्र भुगतान की मांग की साथ ही बृजवासी ने अधिक से अधिक पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने की अपील भी की। अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार ने आश्वासन दिया।

## डाक्टरों ने काली पट्टी बांधकर मरीज़ देखे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बागेश्वर में लापरवाही के मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सक के खिलाफ की गई कार्यवाही को लेकर प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के चिकित्सकों ने मंगलवार को अस्पताल में काली पट्टी बांधकर कार्य किया और विरोध जताया। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के अध्यक्ष डा. नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बागेश्वर में चिकित्सक पर की गई कार्रवाई को लेकर काली पट्टी बांधकर कार्य कर विरोध जताया। कहा कि यह विरोध निरंतर जारी रहेगा और प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डा. एमएस दुगताल, डा. मोनिका कांडपाल, डा. आरुषि गुप्ता, डा. द्रौपदी गर्बियाल आदि चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

# चंदन कुमार दास हुए सेवानिवृत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के पशुपालन विभाग के अपर निदेशक कार्यालय में शीतक यंत्र यात्रिकी के पद पर तैनात चन्दन कुमार दास मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृति पर पशुपालन विभाग द्वारा उनकी विदाई समारोह का आयोजित किया। समारोह में सभी अधिकारियों व कर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस मौके पर दास ने अधिकारियों व कर्मियों के समक्ष सेवाकाल के दौरान उनकी ओर से दिए गए सहयोग के लिए उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। विदाई समारोह में डा. रमेश सिंह नितवाल अपर निदेशक समेत डा. योगेश भारद्वाज परियोजना निदेशक तथा डा. रजनीश पाठक वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, मो. उमर सहायक लेखाधिकारी शेखर चन्द्र भट्ट, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार, गेंदा सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप उपाध्याय, गोवर्धन, राम शंकर तिवारी, जगमोहन काण्डपाल, प्रियंका पन्त, बीडी जोशी, भूपाल सिंह, जीवन लाल, हरमल सिंह, पिंकी देवी, कृष्ण कुमार, जय प्रकाश, हरीश दुर्गापाल, दीपा देवी, कमला जोशी, सीएस पन्त, गणेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# सीएम से गुहार लगाएगी टैक्सी यूनियन

## नैनीताल में गाड़ियों का प्रवेश वर्जित करने का मामला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं महासंघ टैक्सी यूनियन की बैठक नैनीताल में मंगलवार को तल्लीताल टैक्सी यूनियन के आह्वान पर आयोजित की गयी। बैठक में नैनीताल टीबी नंबर को लेकर और जिन गाड़ियों में नैनीताल प्रवेश वर्जित की मुहर लगी थी, उस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गयी। तय किया गया कि मामले को लेकर 6 अक्टूबर सोमवार को कुमाऊं महासंघ के अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट देहरादून में मुख्यमंत्री से मिलेंगे और टैक्सी यूनियनों की समस्या को लेकर बात रखेंगे। उसके बाद अगर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हमारी महासंघ की बात नहीं सुनी तो उसके बाद फिर बैठक कर रणनीति तय होगी। बैठक में कहा गया कि जिन गाड़ियों में नैनीताल प्रवेश वर्जित की मुहर लगी है उन गाड़ियों में इंश्योरेंस क्लेम की दिक्कत आ रही है। जिसमें सूखाताल टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष दीपक मटियानी ने अवगत कराया जो हमारी नैनीताल प्रवेश की सीमाएं हैं वह हल्द्वानी रोड से नैनीताल हनुमानगढ़ी मंदिर तक समेत भवाली की ओर से आने वाले वाहन कैलाखान तक तथा कालाढूंगी रामनगर से आने वाले वाहन नारायण नगर तक। कहा कि इस सीमा से आगे जाने वाले वाहन खुद ही स्वयं अपने जिमेदार होंगे। इसमें हमारी यूनियन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी जबतक कि हाईकोर्ट का डिसीजन नहीं आने तक कहा किर हम और हमारी महासंघ यूनियन हाईकोर्ट के नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकती हैं। बैठक में कुमाऊं महासंघ के अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट व नैनीताल जिला महासंघ के अध्यक्ष भरत भूषण व सूखाताल अध्यक्ष दीपक मटियानी तथा तल्लीताल अध्यक्ष रमेश जोशी समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमाऊं महासंघ मनोज भट्ट व काठगोदाम टैक्सी यूनियन अध्यक्ष प्रशांत कुमार व भीमताल यूनियन अध्यक्ष रोहित कुमार व भवाली यूनियन अध्यक्ष कृष्ण चंद्र आजाद नैनीताल महासंघ उपाध्यक्ष करतार सिंह व रामनगर टैक्सी यूनियन अध्यक्ष रेहान खान तथा भवाली यूनियन संजय लोहनी समेत टैक्सी मालिक व चालक सभी लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश के पर्यटन स्थलों का वैश्विक मंच पर होगा प्रचार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड के अनछुए पर्यटन स्थलों और सभी होटलो तथा होम स्टे को वैश्विक मंच दिया जाएगा। सभी को डिजिटल प्लेटफार्म पर लाकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विकास परिषद ने अतुल्य भारत लास्ट क्लूज इंडिया के साथ एमओयू किया। पर्यटन स्थलों के प्रचार प्रसार को विश्वसनीय प्लेटफार्म अतुल्य भारत अभियान लास्ट क्लूज इंडिया के जरिए राज्य के पर्यटन कारोबार को आगे बढ़ाने को एमओयू साइन किया गया।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद मुखयालय में अपर निदेशक पूनम चंद और लास्ट क्लूज इंडिया की ओर से सीईओ भास्कर पंत ने एमओयू साइन किया। लास्ट क्लूज इंडिया देश व विदेश के पर्यटकों तक उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों की जानकारी पहुंचाने का काम करेगा।



पर्यटन विभाग ने लास्ट क्लूज के साथ किया एमओयू

राज्य के पर्यटन के लिहाज से शानदार तथा बेहतरीन डेस्टिनेशन को पर्यटन के वैश्विक मंच पर लाया जाएगा। न सिर्फ पर्यटन स्थल बल्कि इन पर्यटक स्थलों से जुड़े होटलों तथा होम स्टे समेत राज्य के स्थानीय व्यंजन व कला तथा सांस्कृतिक परंपराओं और रोमांचक अनुभवों जैसी अनूठी एवं प्रामाणिक गतिविधियों से रूबरू कराया जाएगा।

बता दें कि लास्ट क्लूज का लक्ष्य वर्ष 2027 तक राज्य के सभी पंजीकृत पर्यटन स्टेक होल्डर्स को पूरी तरह डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ना है। इसके लिए एआई का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

इसके जरिए इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों, सेवाओं का प्रचार-प्रसार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों तक आसानी से पहुंचाने में सक्षम बनाएगी। हर स्टेक होल्डर्स की प्रोफाइल में सेवाओं व स्थान तथा खाद्य विशेषताओं व सांस्कृतिक विरासत और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी होगी। इससे यात्री सीधे प्रामाणिक स्थानीय अनुभवों से जुड़ सकेंगे। ये नई पहल न सिर्फ भारतीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भी उत्तराखंड की अनदेखी सुंदरता को अनुभव करने के नए द्वार खोलेगा। पंत के मुताबिक मामले में सूबे के पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्बियाल से भी वार्ता की गयी जिसमें उन्होंने कहा है कि हमारा लक्ष्य एक पारदर्शी व सुलभ और डिजिटलीकृत ईकोसिस्टम बनाना है ताकि हर स्टेक होल्डर चाहे वह होमस्टे हो या साहसिक गतिविधि संचालक बड़े प्लेटफार्म का लाभ उठा सके। इस एमओयू से उत्तराखंड का पर्यटन सिस्टम मजबूत होगा। होटल इंडस्ट्री के स्थानीय सेवाएं मुहैया कराने वाली संस्थाएं मजबूत होंगी। पर्यटकों को को पूरे राज्य में प्रामाणिक और बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# जिपं. के अभियंता दलीप नेगी सेवानिवृत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला पंचायत नैनीताल के अभियंता दलीप सिंह नेगी मंगलवार को अपनी 33 वर्षों की सेवाओं की बाद सेवानिवृत हो गए। उन्हें मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भावपूर्ण विदाई दी। इससे पूर्व 25 सितंबर को हुई जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल तथा उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट सहित समस्त बोर्ड ने उन्हें विदाई दी थी।

मंगलवार को अभियंता दलीप सिंह नेगी की सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में वक्ताओं ने उनके सेवाओं व कार्यप्रणाली की सराहना की। बताया गया कि सेवा अवधि में उनका नैनीताल से कई बार स्थान्तरण हुआ लेकिन उनकी कार्य कुशलता के कारण जन प्रतिनिधियों की मांग पर शासन ने उनका स्थान्तरण वापस लिया था और उन्होंने हमेशा नैनीताल में ही सेवाएं दी। अपने संबोधन में अभियंता दलीप सिंह नेगी अपने सेवाकाल में अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा दिये गए सहयोग के प्रति आभार जताया। विदाई समारोह में अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार विश्नोई समेत कर अधिकारी विजय बिष्ट व लेखाकार श्री भौर्याल कर निरीक्षक चंद्रपाल सिंह बिष्ट व दीपक उपाध्याय व अवर अभियंता रमेश आर्य समेत नीतू सिंह दीपा मटियाली रितु रावत समेत भाजपा नेता हरीश भट्ट अधिवक्ता राजेन्द्र परगाई तथा ठेकेदार जगदीश शर्मा सहित जिला पंचायत के कर्मचारी मौजूद थे।



# संधि पूजा में 108 कमल के फूलों से हुआ दुर्गा माता का अभिषेक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में नैनीताल में चल रहे 69वें पांच दिवसीय श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत मंगलवार को मां नयना देवी मंदिर परिसर में अष्टमी पूजन के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दूसरी ओर मंगलवार की सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ नजर आई। इससे पूर्व अष्टमी के पावन अवसर पर 108 कमल पुष्प, दूर्वा, दिये तथा बेलपत्री से मां दुर्गा का अभिषेक किया गया। इसमें 108 दिये की आरती महिसासुर मर्दिनी को, 108 कमल पुष्प, 108 दूबा तथा 108 बेल पत्री अर्पित की गई मुखय पुजारी शुभ चक्रवर्ती के नेतृत्व में पूजन किया गया। इस दौरान सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, दिनेश भट्ट, पीके शर्मा, यश शर्मा, विकास वर्मा, अमन महाजन, आशीष वर्मा, नवीन शर्मा, तृप्ती मजूमदार, डौली भट्टाचार्या, कमलेश शर्मा, मिथाली रॉय, सुना जयसिंघानी, मोमिता मजूमदार, कुमकुम शर्मा मौजूद रहे।



## टोल कर्मियों से उलझा पर्यटक

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल लेक ब्रिज चुंगी पर टोल शुल्क देने को लेकर पर्यटक टोल कर्मियों से उलझ गया। विवाद बढ़ा तो पुलिस ने मामला शांत किया। बता दें कि मंगलवार को राजस्थान से पर्यटक अपने निजी वाहन में नैनीताल घूमने के लिए पहुंचे। पर्यटक लेक ब्रिज चुंगी पर पहुंचे तो टोल शुल्क के 70 रूपये देने लगे। जब टोल कर्मी ने टोल शुल्क 300 रूपये मांगे तो पर्यटक ने देने से इंकार कर दिया। जिस पर टोल कर्मियों ने पर्यटक के वाहन को रोक दिया। इस दौरान पर्यटक पुलिस को बुलाने लगी। टोल से गुजर रहे पुलिस कर्मियों ने भी पर्यटक को टोल शुल्क 300 बताकर वहां लगी रेट लिस्ट दिखाई। लेकिन पर्यटक नहीं माना। जिस पर पुलिस ने पर्यटक को कार पीछे करने को कहा। लेकिन पर्यटक ने कार भी पीछे नहीं हटाई। जब यातायात बाधित होता देख पुलिस ने कार्रवाई की बात कही तो पर्यटक ने वाहन पीछे किया।

# कल यातायात में रहेगा बदलाव

## मां दुर्गा की शोभायाता के लिए पुलिस ने लिया फैसला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में पांच दिवसीय श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत समापन के दिन यानी 2 अक्टूबर (वीरवार) को निकलने वाली शोभा यात्रा के चलते पुलिस प्रशासन की ओर से नगर की यातायात व्यवस्था में फेरबदल कर दिया है।

पुलिस प्रशासन के मुताबिक शोभा यात्रा डीएसए फ्लैट पार्किंग सें मस्जिद होते हुए घोडा स्टैण्ड को आयेगी उस समय लोअर माल रोड तथा अपर माल रोड तल्लीताल से मल्लीताल को आने वाला ट्रैफिक घोडा स्टैण्ड से डायवर्जन कर मोहन को होते हुए सूखाताल को भेजा जायेगा। जब शोभायात्रा मस्जिद तिराहा से घोड़ा स्टैण्ड को जायेगी उस समय सूखाताल मन्नुमहारानी तिराहा से तल्लीताल को जाने वाला ट्रैफिक चीनाबाबा तिराहा से डायवर्जन कर मेट्रोपोल अण्डा मार्केट होते हुए मस्जिद तिराहा से राजभवन रोड से डांट तल्लीताल को जायेगा जिन्हें वाहन पार्क करने हैं वे मेट्रोपोल पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। यह डाइवर्जन शोभायात्रा की समाप्ति तक लागू रहेगा।

इसी तरह जब शोभायात्रा घोड़ा स्टैण्ड होते हुए मोहन को से चीनाबाबा-बड़ा बाजार की तरफ को जायेगी उस सयम सुखाताल से आने वाल ट्रैफिक बारापत्थर तिराह से डायवर्जन कर शेरवुड कालेज होते हुए राजभवन तिराहा से डांट की तरफ को जायेगा वही जब शोभायात्रा घोड़ा स्टैण्ड से डांट की ओर प्रस्थान करेगा उस दौरान हल्द्वानी व भवाली से आने वाला ट्रैफिक डांट चौराहा से लोअर माल की तरफ नव निर्मित रैंप पर कुछ देर के लिये रोका जायेगा। जब शोभा यात्रा का टैल एचडीएफसी बैंक से आगे निकल जाएगा तब नव निर्मित रेंप से वाहनो को मल्लीताल को छोड़ा जाएगा। हल्द्वानी व भवाली रोड से यातायात का दबाव अधिक होने पर वाहनों को फांसी गधेरा से पुलिस लाइन गेट व राजभवन तिराहा से मल्लीताल को भेजा जायेगा परन्तु पुलिस लाइन मुख्य गेट व फांसी गधेरा पर ड्यूटी लगाकर वाहन को कुछ समय रोक कर बारी-बारी से उपर व नीचे को भेजा जायेगा वहीं जब शोभा यात्रा टोल टैक्स डांट पर आयेगी उस दौरान हल्द्वानी व भवाली से आने वाल ट्रैफिक टूटा पहाड़ व धर्मशाला रोड पर रोक रोक कर छोडेंगे। पुलिस ने नैनीताल आने वाले पर्यटकों एवं आम जनता से अनुरोध है कि जिनको मल्लिताल क्षेत्र में जाना है वे रूसी तथा नारायण नगर होते हुए बारापत्थर के मार्ग से नैनीताल में प्रवेश करें।

# राजकीय पॉलीटेनिक कालेज में लगा रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय पॉलीटेनिक कालेज नैनीताल के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत संस्था में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बता दें कि रक्तदान शिविर वीरा फाउंडेशन तथा बाल किशन जोशी चेरिटेबल बलड सेंटर हल्द्वानी के साथ मिलकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे वीरा फाउंडेशन के सदस्य यशवीर सिंह व रंजना रावत (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा रक्तदान की महत्ता के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य एकेएस गौड़ द्वारा स्वयं रक्तदान कर छात्र छात्राओं को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था के कुल 23 छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में आनंद सिंह बिष्ट विभागाध्यक्ष बेसिक साइंस, लक्ष्मी गोस्वामी व्याख्याता फार्मेसी, कमल किशोर, अमित जोशी, विद्यासागर, कार्यक्रम अधिकारी रंजना रावत, कविता नेगी, रजनीश भूटानी, रंजना रावत, कविता नेगी, रजनीश भूटानी थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रचिन को नेट पर चेहरे पर लगी चोट

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को एक और झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू होने से ठीक एक दिन पहले आज ट्रेनिंग के दौरान उनके चेहरे पर चोट लग गई। 24 वर्षीय खिलाड़ी कैच लेने की कोशिश में बाउंड्री होर्डिंग से टकरा गए, जिससे उनके चेहरे पर चोट लग गई। न्यूजीलैंड टीम के आधिकारिक हैंडल के अनुसार, रवींद्र ने मैदान पर शुरुआती कन्कशन टेस्ट पास कर लिया है, लेकिन आने वाले दिनों में उन्हें कड़ी चिकित्सा निगरानी में रखा जाएगा। यह पहली बार नहीं है जब इस बाएं हाथ के खिलाड़ी को 2025 में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा हो। इस साल की शुरुआत में, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान, द. अफ्रीका के खिलाफ फ्लड लाइट्स में कैच लेते समय रवींद्र के माथे पर चोट लग गई थी।

### उत्तराखंड में पहली सीबीएसई राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप शुरू

**रूद्रपुर, वार्ता।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में पहली केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुयी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप के शुभारंभ के मौके पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि सीबीएससी ने अपनी खेल गतिविधियों में तलवारबाजी को शामिल किया है। पहले चैम्पियनशिप की मेजबानी उधमसिंह नगर को मिली है। इस मौके पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती आर्या ने कहा कि हम तलवारबाजी चैम्पियनशिप आयोजन के लिए उत्साहित हैं।

# एशिया कप जीतकर भारतीय टीम मुंबई पहुंची

● **एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले: पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था**

**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप जीतने के बाद भारत की टीम सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। यहां टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया। टीम इंडिया ने पीसीबी-एसीसी चीफ मोहसिन नकवी का बॉयकाट किया और उनसे ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। ट्रॉफी विवाद पर कप्तान सूर्या ने कहा- पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था।

उन्होंने आगे कहा कि मेरा और गंभीर का रिश्ता भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। 35 साल के सूर्या ने एशिया कप जीतने के बाद कोच के साथ अपने तालमेल पर बात की। दोनों के बीच का जुड़ाव 2012 के समय का है। जब गंभीर ने 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पहला आईपीएल टाइटल जिताया था, तब सूर्या वाइस कैप्टन थे। स्पोर्ट्स वेबसाइट रेव स्पोर्ट्स के बोरिया मजूमदार से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने कहा- 'हम दोनों के बीच भरोसे का स्तर बहुत बड़ा है। सूर्या ने ट्रॉफी विवाद और फाइनल मैच से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। भारतीय कप्तान ने कोच से तालमेल पर कहा मेरा और गौती भाई (गंभीर) का रिश्ता छोटे और बड़े भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। हमारे बीच भरोसे का लेवल बहुत बड़ा है। हम एक-दूसरे को करीब से जानते हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। सूर्या ने माना कि उन्होंने केकेआर के दिनों में गंभीर से इस खेल की बारीकियां सीखी थीं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सूर्या ने कहा कि मैंने रोहित (शर्मा) की कप्तानी में खेला है, लेकिन केकेआर में खेलते समय मैंने उनसे (गंभीर) खेल की कई बारीकियां सीखी हैं। वो सब कुछ झेल चुके हैं, इसलिए जानते हैं खिलाड़ी के दिमाग में क्या चल रहा है। कैसे टूर्नामेंट की तैयारी करनी है, खिलाड़ी को आगे कैसे बढ़ाना है और उसे कैसे डिफेंड करना है। सूर्या ने कहा जब भी मैं डगआउट की ओर देखता हूं और वो वहां होते हैं, तो उनके पास मेरे लिए कुछ न कुछ निर्देश होता है, क्योंकि बाहर से खेल बिल्कुल अलग दिखता है। मैदान पर मेरे दिमाग में बहुत सारी बातें रहती हैं, फील्ड प्लेसमेंट, किसे गेंदबाजी करनी है वगैरह। हर एक-दो ओवर में मैं उनकी ओर देखता हूं और वो जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे मान लेता हूं। यही हमारे बीच का भरोसा है। टीम ने हार्दिक पांड्या को फाइनल में मिस किया सूर्यकुमार ने बताया कि भारतीय टीम ने फाइनल में आलराउंडर हार्दिक पांड्या को मिस किया। फाइनल मैच में हार्दिक चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे


● **एशिया कप फाइनल हारने के एक दिन बाद पीसीबी का फैसला बोर्ड ने एनओसी संस्पेंड किए**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीसीबी ने पाकिस्तान के बाहर टी-20 लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए हैं। बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितम्बर को एक नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंटों को इस फैसले की जानकारी दी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा देखे गए नोटिस में लिखा है कि पीसीबी अध्यक्ष की स्वीकृति से, लीग और अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अगले आदेश तक स्थगित किए जाते हैं। यह कार्रवाई क्यों की गई, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

रिपोर्टों से पता चलता है कि पीसीबी का लक्ष्य एनओसी को एक प्रदर्शन-आधारित प्रणाली से जोड़ना है, जिसके मानदंड अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बोर्ड के दृष्टिकोण से, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और घरेलू प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि एनओसी पर वर्तमान निलंबन हटने से पहले इस तरह के मूल्यांकन में कितना समय लगेगा। यह कदम पाकिस्तान की संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप फ़ाइनल में भारत से मिली कड़ी हार के एक दिन बाद उठाया गया है, लेकिन यह उस दौरे से ठीक पहले आया है जिसमें उन्होंने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज भी जीती थी। पाकिस्तान की प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, कायदे-आजम ट्रॉफी भी अक्टूबर में शुरू होने वाली है, जो अपनी मूल तिथि 22 सितम्बर से स्थगित कर दी गई है। एनओसी और किसी भी संभावित छूट या उनकी अवधि के बारे में विवरण अभी तक ज्ञात नहीं हैं। बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित सात पाक खिलाड़ी दिसंबर में शुरू होने वाले इस बीबीएल सीजन में खेलेंगे। 1 अक्तूबर को यूएई में होने वाली इंटरनेशनल लीग 2020 नीलामी के लिए भी 16 पाक खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट में हैं।

# क्रिकेट में राजनीति का प्रवेश चिंताजनक: किरमानी



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर सैयद किरमानी ने कहा है कि आधुनिक क्रिकेट में राजनीति आ गयी है जो चिंता का विषय है। किरमानी ने कहा कि अशिष्ट व्यवहार, अहंकार और अनादर ने मैदान के सरल और नेक शिष्टाचार की जगह ले ली है। यह सिर्फ एशिया कप की बात नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक और चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। मुझे अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात से संदेश मिल रहे हैं, जिनमें पूछा जा रहा है: 'मैदान पर इतनी राजनीति क्यों हो रही है? विदेश में अपने दोस्तों से ऐसे शब्द सुनकर मुझे शर्म आती है। किरमानी ने स्पष्ट किया कि क्रिकेट में राजनीति का कोई स्थान नहीं है। मैदान के बाहर जो कुछ भी होता है चाहे वह व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा हो या कुछ और, उसे कभी भी मैदान पर नहीं लाना चाहिए। क्रिकेट राजनीतिक लाभ कमाने का मंच नहीं है। यह हर खिलाड़ी, हर टीम और हर क्रिकेट बोर्ड का दृढ़ विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समय में, क्रिकेट एक खेल से कहीं बढ़कर था। यह सम्मान और भाईचारे का प्रतीक था। पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आते थे। हम पाकिस्तान जाते थे।

# मल्होत्रा का तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय

● **मल्होत्रा ने आईओए का उस वक्त कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विजय कुमार मल्होत्रा को भारतीय तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय जाता है। कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ अनुभवी खेल प्रशासक मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। भारतीय खेल जगत ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मल्होत्रा को 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। मल्होत्रा ने आईओए का उस कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने आईओए प्रशासन को कुछ हद तक साफ-सुथरा किया। मिलनसार स्वभाव के मल्होत्रा के अंतरिम कार्यकाल के बाद चुनाव हुए लेकिन उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आईओए को निलंबित कर दिया।

अभय सिंह चौटाला को अध्यक्ष और ललित भनोट को महासचिव बनाने के बाद आईओए पर चार दिसंबर 2012 को प्रतिबंध लगाया गया जो 11 फरवरी 2014 को ही हट सका। मल्होत्रा आईओए के आजीवन अध्यक्ष बने। वह 1974 तेहरान एशियाई खेलों में भी भारतीय दल के अभियान प्रमुख थे। वह 40 साल से अधिक समय (1973 से 2015) तक भारतीय तीरंदाजी महासंघ के अध्यक्ष रहे और तीरंदाजों की नई पौध तैयार की। आज भारतीय तीरंदाज विश्व स्तर पर अपनी जो छाप छोड़ रहे हैं उसका श्रेय मल्होत्रा के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू उनके कार्यकाल में एएआई कार्यकारी समिति के सदस्य थे।

म्यूनिख ओलंपिक 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेल के रूप में चुने जाने के एक साल बाद 1973 में गठित भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं । मल्होत्रा 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय दल के साथ गए थे और वहीं उन्हें यह विचार आया।

# कोच जमील ने भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया

● **भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में कोच जमील की बढ़ती अहमियत उजागर हुई**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पांच खिलाड़ियों को, जिनमें केरल ब्लास्टर्स के दो खिलाड़ी भी शामिल हैं, सिंगापुर के खिलाफ आगामी एएफसी एशियन कप क्वालीफायर से पहले तैयारी शिविर से बाहर कर दिया गया।

केरल ब्लास्टर्स के मोहम्मद ऐमेन और विबिन मोहनन, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के एमएस जितिन सहित, उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें आज मुख्य कोच खालिद जमील ने घर भेज दिया। अन्य दो खिलाड़ी जिन्हें बाहर किया गया, वे थे अशीर अख्तर और मनवीर सिंह (जूनियर)। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब जमील अगले महीने महत्वपूर्ण मैचों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप दे रहे हैं। त्रिचूर में जन्मे जितिन ने हाल ही में उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

यह टूर्नामेंट जमील का मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल था, जहां भारत ने ओमान पर एक रोमांचक शूटआउट जीत के बाद यादगार तीसरा स्थान हासिल किया। मिडफ़ील्ड में जितिन के योगदान की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई, जिससे भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में उनकी बढ़ती अहमियत उजागर हुई।

# सिनर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में



● **सिनर ने डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के डी मिनौर को हराया**

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने मंगलवार को डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने पहले मैच में 11-0 का दबदबा कायम रखा, जबकि डी मिनौर ने पिछले 11 मुकाबलों में एकमात्र बढ़त 2023 पेरिस मास्टर्स में सिनर के मैच से पहले हटने के कारण हासिल की थी। सिनर ने पहला सेट 4-2 के स्कोर पर ब्रेक के साथ जीता और अगले गेम में दो ब्रेक पॉइंट बचाकर 6-3 से जीत हासिल की।

दूसरे सेट में डी मिनौर ने वापसी की, छठे गेम में कड़ी मेहनत की और बाद में ब्रेक लगाकर स्कोर 6-4 कर दिया। इस तरह इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ नौ मैचों से चली आ रही जीत का सिलसिला टूट गया। लेकिन दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में फिर से दबदबा बनाया और बेसलाइन पावर और नेट पर टच के मिश्रण से दो बार ब्रेक लगाकर 4-0 की बढ़त बना ली। डी मिनौर ने एक बार शटआउट से बचने के लिए अपनी पकड़ बनाए रखी, लेकिन सिनर ने आखिरी सर्विस में दमदार खेल दिखाया।

## चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में गॉफ



**बीजिंग, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर मंगलवार को चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की। 20 वर्षीय गत चैंपियन ने निर्णायक गेम में पूरी तरह से नियंत्रण हासिल कर लिया, दो बार ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और फिर आत्मविश्वास से भरी सर्विस होल्ड के साथ मुकाबला जीत लिया।

# अनकैप्ड आसिफ अफरीदी, रोहेल नजीर व फैसल अकरम पाकिस्तान की टेस्ट में शामिल

**इस्लामाबाद, वार्ता।** अनकैप्ड खिलाड़ी आसिफ अफरीदी, फैसल अकरम और रोहेल नजीर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार (30 सितम्बर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में घोषणा की। शान मसूद अपने 12 मैचों में से केवल तीन जीत के खराब कप्तानी रिकॉर्ड के बावजूद टेस्ट टीम की कमान संभालते रहेंगे।

**पाकिस्तानी टीम:** शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आसिफ अफरीदी, बाबर आजम, फैसल अकरम, हसन अली, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), नोमान अली, रोहेल नजीर (विकेट कीपर), साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।



मसूद के अलावा, अब्दुल्ला शफीक और इमाम-उल-हक शीर्ष तीन में हैं, जबकि मध्यक्रम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, कामरान गुलाम, टी-20 कप्तान सलमान अली आगा और सऊद शकील शामिल हैं। नजीर मेजबान टीम के लिए एक और विकेटकीपर-बल्लेबाज विकल्प हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान ने पांच स्पिनरों - नोमान अली, साजिद खान, अबरार अहमद - के साथ-साथ बाएं हाथ के गेंदबाज अफरीदी और अकरम को भी टीम में शामिल किया है। इस कदम से संकेत मिलता है कि पिचें नीची और धीमी हो सकती हैं। तेज गेंदबाजी में आमिर जमाल, हसन अली, खुर्रम शहजाद और शाहीन शाह अफरीदी का चयन किया गया है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेंगे, जिसका पहला मैच लाहौर में खेला जाएगा जबकि रावलपिंडी 20 अक्टूबर से दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार 16वीं जीत दर्ज करना

**इंदौर, वार्ता।** लगातार पंद्रह हार का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की महिलाओं पर भारी पड़ रहा है क्योंकि वे कल यहां होलकर स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के दूसरे मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया महिलाओं से भिड़ने के लिए तैयार हैं। व्हाइट फर्न्स की अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आखिरी वनडे जीत फरवरी 2017 में आई थी, और तब से ऑस्ट्रेलिया अडिग है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस विश्व कप में शानदार फॉर्म और आत्मविश्वास के साथ उतर रही है, जिसने भारत में 2-1 से सीरीज जीत ली है। उनका शीर्ष क्रम अपने आप में एक मिसाल है: एलिसा हीली कप्तान और विकेटकीपर के रूप में अपना दबदबा कायम रखती हैं, बेथ मूनी भारत के खिलाफ तीन पारियों में 233 रन बनाकर मजबूत स्थिति में हैं, एलिस पेरी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जबकि जॉर्जिया वोल और फोएबे लिचफील्ड युवा जोश से भरपूर हैं। एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैक्ग्रा मध्यक्रम में ताकत प्रदान करती हैं, जिनमें किसी भी आक्रमण को अस्थिर करने के लिए पर्याप्त गहराई है। गेंदबाजी में, मेगन शट्ट और किम गार्थ एक शक्तिशाली नई गेंद की जोड़ी बनाती हैं, जिसे अलाना किंग की लेग-स्पिन, वेयरहैम की विविधताओं और मैक्ग्रा की तेज गेंदबाजी का समर्थन प्राप्त है। गार्डनर एक और विकल्प जोड़ती हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के अनुरूप एक संतुलित शस्त्रागार मिलता है। न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका की महिलाओं को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराने के बाद शांत आशावाद के साथ उतरी है।

# शाकिब को दोबारा बांग्लादेश की जर्सी नहीं मिलेगी

**ढाका, वार्ता।** खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को शाकिब के जन्मदिन संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस मामले पर बीसीबी से बात करेंगे।

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अल हसन अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे। यह घोषणा इस क्रिकेटर द्वारा रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके जन्मदिन की बधाई देने के बाद की गई है। इसकी शुरुआत शाकिब द्वारा एक साधारण संदेश पोस्ट करने से हुई, जिस पर आसिफ ने जवाब दिया, हालांकि शाकिब का नाम नहीं लिया कि आप सभी ने एक व्यक्ति का पुनर्वास न करने के लिए मुझे बहुत गालियां दी हैं। लेकिन मैं सही था।

# न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज से बाहर मैक्सवेल

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आज नेट्स के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। 36 वर्षीय मैक्सवेल मिशेल ओवेन को गेंदबाजी कर रहे थे, तभी एक जोरदार ड्राइव उनके अग्रभाग पर लगी। बाद में स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप को टीम में शामिल करना पड़ा। मैथ्यू शॉर्ट, जिन्होंने बगल के नेट से इस घटना को देखा, ने इस घटना को याद करते हुए कहा।

**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं० 0135-2646000-212 फैक्स नं० 0135-2643050 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **28.10.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **27.10.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-22/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" के तृतीय तल पर Partition करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
2) **T-23/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिग के प्रथम तल पर PVC Panel स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
3) **T-24/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" परिसर में स्थित 11 के०वी० उपसंस्थान परिसर में C:C स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
4) **T-25/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिग परिसर में स्थापित खराब Street lights हेतु नई लॉइट्स की आपूर्ति एवं स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
5) **T-26/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिग की छत पर स्थापित खराब Solar Panels की Repairing, Testing, Wiring & Cleaning का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

पत्रांक: 1833/मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 29.09.2025
**अधिशासी अभियन्ता (मु0भु0इ0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

**कार्यालय जिला पंचायत, उधमसिंह नगर**

पत्रांक: 902/विज्ञप्ति/स्टोर-जि0पं0ऊ0सिं0न0/2025-26 दिनांक: 29/09/2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर की इनोवा कार (डीजल) वाहन की नीलामी दिनांक 08.10.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे कार्यालय सभागार में होगी। जिसका विवरण एवं शर्ते निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | मैक/माडल | वाहन संख्या | स्थान | अनुमानित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2014 | यू0के0 06 जी0ए0 0169 | जिला पंचायत सभागार | 39,200.00+जी0एस0टी0 |

**शर्ते**
1. नीलामी में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को जमानत के रुप 5000.00 रु0 की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्र जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर के नाम बंधक होगा।
2. नीलामी में स्क्रैप प्रमाण पत्र धारक ही प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. जिस व्यक्ति की नीलामी बोली उच्चतम होगी उसे सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान उसी समय जमा करना होगा।
4. उच्चतम बोलीदाता द्वारा वाहन प्राप्त न करने की दशा में उसकी जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. नीलामी बोली की स्वीकृति होने के तुरन्त बाद अपने व्यय पर वाहन को उठाना अनिवार्य होगा उसके बाद विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
6. नीलामी बोली स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर में निहित होगा।

अत: उक्त वाहन को किसी भी कार्य दिवस में जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर कार्यालय में देख सकते हैं।

**अपर मुख्य अधिकारी**
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर।

### थाना बुग्गावाला पुलिस व ड्रग्स इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने

# मेडिकल स्टोरों पर चैकिंग अभियान से खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** थाना पुलिस व ड्रग्स इंस्पेक्टर की टीम ने क्षेत्र के मेडिकल स्टोर पर चेकिंग अभियान चलाया तो मेडिकल स्वामियों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 अभियान" एवं उप आयुक्त के निर्देशानुसार जनहित में नियमित रूप से चलाए जा रहे औचक निरीक्षण/सघन चौकिंग अभियान के अंतर्गत को ड्रग्स इंस्पेक्टर हरिद्वार मेघा एवं प्रभारी व0उ0नि0 सुनील रमोला, थाना बुग्गावाला मय पुलिस फोर्स द्वारा कस्बा बुग्गावाला क्षेत्र में कुल 07 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया।

**निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों को निम्न निर्देश दिए गए :** सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है। एक्सपायरी दवाइयों को अलग बॉक्स में सुरक्षित रखना अनिवार्य है। इंजेक्शन एवं वे दवाइयाँ जिन्हें कोल्ड स्टोरेज/फ्रीज में रखना आवश्यक है, उनका सही संरक्षण करना अनिवार्य है। रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की उपस्थिति



अनिवार्य है, बिना फार्मासिस्ट दवाइयाँ न बेची जाएं। खुली दवाइयाँ किसी भी दशा में न बेची जाएं। बिना डॉक्टर की पर्ची/परामर्श के किसी भी मरीज को दवाई उपलब्ध न कराई जाए। सेल-पर्चेज रजिस्टर/रिकॉर्ड सही ढंग से एवं नियमित रूप से मेंटेन करना अनिवार्य है। मौके पर ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा विभिन्न दवाइयों के सैम्पल सुरक्षित किए गए एवं सभी मेडिकल स्टोर मालिकों के ड्रग्स लाइसेंस एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया गया। अंत में ड्रग्स इंस्पेक्टर हरिद्वार सुश्री मेघा ने सभी मेडिकल संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि यदि किसी भी संचालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के अंतर्गत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### पुलिस ने खेतों से मोटर चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

# चोरी के माल सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** किसानों के खेतों से मोटर चोरी कर उन्हें बेचकर मुनाफा कमाने वाले गैंग का मंगलौर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सक्रिय गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की मोटरें, तांबे के तार और मोटर स्टार्टर बरामद किए गए। गिरोह की करतूतों से परेशान किसानों ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस का आभार जताया।

पिछले कई दिनों से मंगलौर और आस-पास के देहात क्षेत्रों में खेतों से मोटर चोरी की वारदातें बढ़ गई थीं। किसानों में गहरी नाराजगी देखते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने विशेष टीमों का गठन कर चोरों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह के नेतृत्व में गठित चार टीमों ने लगातार प्रयास करते हुए, मुखबिर की सूचना पर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने मंगलौर में दर्ज चार और भगवानपुर थाने में दर्ज एक मुकदमे का खुलासा किया। पकड़े गए आरोपित.....पीयूष उर्फ बॉबी पुत्र अनुप सिंह, शुभम पुत्र सोमपाल, निवासी ग्राम अलावलपुर, थाना भगवानपुर, हरिद्वार, संजय पुत्र हरिचन्द, निवासी ग्राम झंझोली, थाना बेहट, जिला सहारनपुर (उ. प्र.) पुलिस टीम...प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह, व0उ0नि0 रफत अली, उ0नि0 कमलकान्त रतूड़ी, उ0नि0 राकेश डिमरी, अ0उ0नि0 योगेन्द्र, हे0कानि0 अशोक मलिक, हे0कानि0 सुदेश अग्रवाल, कानि0 रविन्द्र खत्री, कानि0 विनोद वर्तवाल, कानि0 तेजपाल, कानि0 दिनेश चौहान आदि शामिली रहे।

# आरएमपी कॉलेज में नशे के प्रति जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** कस्बे में स्थित राजा महेंद्र प्रताप पीजी कॉलेज में नशे के खिलाफ एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया और समाज को नशे से मुक्त करने के अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नोडल अधिकारी डॉ. संदीप ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को नशे से बचाना हम सभी का कर्तव्य है, अन्यथा आने वाली पीढ़ी को इसके और भी भयावह दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। यह आयोजन नशा मुक्त उत्तराखंड



अभियान को बल देने और युवा पीढ़ी को इस गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी मन्नू, द्वितीय स्थान कुमारी इशिका प्रजापति व तृतीय स्थान कुमारी ऐश्वर्या ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. विक्रांत, मुकेश कुमार, जनेश्वर प्रसाद, सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### रुड़की पुलिस की बड़ी कामयाबी

# दो संदिग्ध पकड़े, तमंचा कारतूस व चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन लगाम" अभियान के अंतर्गत एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर कोतवाली रुड़की पुलिस और सीआईयू टीम ने संयुक्त चेकिंग के दौरान देर रात रामपाल चौक के पास दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर बड़ी वारदात टाल दी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों मनीष पुत्र जितेंद्र निवासी नगला चीना, मंगलौर और लोकेश पुत्र दारा सिंह निवासी शंकरपुरी, रुड़की के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक नाजायज चाकू तथा मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, जिन्हें टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। इस मामले में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा दर्ज कर दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में अपर उप निरीक्षक आषाढ़ सिंह पवार, हेड कांस्टेबल नूर, कांस्टेबल नितिन, कांस्टेबल महीपाल तथा कांस्टेबल राहुल नेगी शामिल रहे।

# खुशखबरी : वेटिंग में रखे गए 142 हज आवेदकों का चयन

### 11 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं अपनी पहली किस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हज यात्रा के ख्वाहिशमंद आवेदकों के लिए राहतभरी खबर है। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के जारी सर्कुलर में उत्तराखंड प्रदेश के प्रतीक्षा सूची में रहे 142 हज आवेदकों का चयन कर लिया गया है।

उत्तराखंड राज्य हज समिति के ईओ मो आरिफ ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में 14 अगस्त को रेंडम डिजिटल कुर्रान्दाजी में 1349 हज आवेदकों का चयन किया गया था। 142 हज आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया था। सोमवार को हज कमेटी आफ इंडिया की ओर से जारी सर्कुलर में उत्तराखंड के प्रतीक्षा सूची में रहे 142 हज आवेदकों का भी चयन कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा सूची में चयनित हज यात्रियों को प्रथम किस्त के रूप में 1,52,300 (एक लाख बावन हजार तीन सौ रुपये मात्र) प्रति हज आवेदक 11 अक्टूबर 2025 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई के नाम से भारतीय स्टेट बैंक/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट से पे-इन-स्लिप प्राप्त कर जमा करना होगा। साथ ही यात्री ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हज-पे ऐप के माध्यम से भी धनराशि जमा कर सकते हैं। वेबसाइट से प्राप्त मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट को सरकारी एलोपैथिक डॉक्टर से प्रमाणित कराना अनिवार्य है। इस प्रमाणपत्र के साथ-साथ डिक्लरेशन, पासपोर्ट डिक्लरेशन, दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की प्रति, पासपोर्ट की प्रति आदि दस्तावेज 16 अक्टूबर 2025 तक उत्तराखण्ड राज्य हज समिति, हज हाउस, पिरान कलियर में जमा कराना होगा।

# स्वामी यतीश्वरानंद के भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के महाराजपुर कला में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद को उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ढोल बजाकर जोरदार स्वागत किया है जिसमें लक्सर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो भाजपा के मुख्य कार्यकर्ता जूटे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातर आगे बढ़ रहा है उन्होंने कहा 2027 में भी तीसरी बार भाजपा सरकर उत्तराखंड में आने जा रही है उन्होंने लोगों से यह भी कहा की बहुत ही अच्छे पूर्व विधायक संजय गुप्ता को 2027 में चुनाव जिताएं जिससे पहले की तरह आपकी दिल से सेवा कर सके पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा की सबसे पहले सरकर ने कश्मीर के अंदर 370 खतम की उन्होंने कहा है मैं दो बार विधायक रहा हूं और आपकी सेवा दिल से की है उन्होंने इसरों इशारों में दूसरी पार्टी पर भी जमकर हमला बोला और कहा की मैं आपके बगैर नहीं चल सकता और दुसरी पार्टी के लोग आपको साथ लेकर नहीं चल सकते पूर्व प्रधान नामित गन्ना समिति डायरेक्टर यशवीर सिंह



ने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में हम संजय गुप्ता को भारी वोटों से जिताकर विधानसभा में भेजने का कम करेंगे उसमें हमें कोई नहीं रोक सकता वहा पुर्व प्रधान जगपाल सिंह के आवास पर जिनमें वॉइस चेयरमैन पवन सिंह सैनी पूर्व चेयरमैन देवेंद्र सिंह ईश्वर चंद्र सैनी चित्र कुमार सैनिक मंडल अध्यक्ष पृथ्वी सिंह राना खूब सिंह चौहान यशवीर सिंह सैनी नामित गन्ना डायरेक्टर कृष्ण पाल चौहान आदि हजारों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लक्सर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 285 नशीले कैप्सूलों के साथ एक तस्कर किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** मिशन ड्रग्स फ्री देवभूमि- 2025 को सफल बनाने की दिशा में, लक्सर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। हरिद्वार एसएसपी के निर्देश पर युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले एक नशा तस्कर को 285 अवैध नशीली दवाओं के कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया गया है। अवैध कैप्सूलों के साथ तस्कर दबोचा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 सितंबर 2025 को लक्सर पुलिस द्वारा सघन चैकिंग के दौरान रिजवान नामक तस्कर को दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्त: रिजवान पुत्र शफीक (उम्र-38 वर्ष), निवासी ग्राम नेहन्दपुर सुठारी, थाना लक्सर, हरिद्वार।बरामदगी का विवरण: अभियुक्त के कब्जे से DICYCLOMINE HCL TRAMADOL HCL AND ACETAMINOPHEN (SPASMO) के कुल 285 अवैध कैप्सूल बरामद किए गए हैं, जिनका उपयोग नशे के लिए किया जाता है। साथ ही, एक सैमसंग मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर नशा तस्करी के इस गंभीर मामले में, कोतवाली लक्सर में अभियुक्त रिजवान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।पंजीकृत अभियोग: मु0अ0स0-951/25, धारा-8/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट।पुलिस टीम ने बताया कि क्षेत्र में निरंतर सक्रियता और निगरानी के कारण ही यह कामयाबी मिली है। गिरफ्तार अभियुक्त को अब माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नीरज रावत कॉन्स्टेबल महेन्द्र सिंह अनील वर्मा शामिल रहे। लक्सर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# खनन सामग्री से भरा वाहन पकड़ा, सीज

**भगवानपुर।** नायब तहसीलदार अनील गुप्ता ने टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम सिसोना के पास सोलानी नदी में अवैध खनन कर रही टैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई की। इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनन से भरा पकड़ा और सीज कर दिया गया। कुछ खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल के रास्ते से फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने पहले से तहसील प्रशासन को शिकायत देकर अवैध खनन और सड़कों को नुकसान पहुंचाने की समस्या बताई थी। नायब तहसीलदार ने कहा कि भविष्य में भी अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किसान राज्य आयोग के उपाधक्ष ने सुनी किसानों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखंड किसान राज्य आयोग के उपाध्यक्ष अजीत चौधरी मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के निजामपुर गांव पहुंचे, जहां पर उन्होंने दर्जनों किसानों से मुलाकात की । वहीं इस मौके पर किसानों की समस्या सुनी और कृषि संबंधी सभी समस्याओं के निवारण के लिए आश्वासन दिया । निजामपुर गांव के किसानों ने राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष अजीत चौधरी के सम्मुख फसलों की सिंचाई की समस्या से अवगत कराया , किसानों ने कहा कि सरकी राजवाहे से निकलने वाली हरचंदपुर माइनर और नसीरपुर अफजलपुर माइनर की समय पर सफाई ना होने के कारण फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता, जिस कारण किसानों को हजारों रुपए का डीजल फूंककर फसलों को सिंचित करना पड़ता है । किसानों ने कहा गंग नहर से निकलने वाले राजवाहे से हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित होती थी। लेकिन समय पर साफ सफाई ना होने के कारण किसानों की फसल सिंचाई के लिए वंचित रह जाती है । वहीं किसानों की तमाम समस्या सुनने के बाद राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष अजीत चौधरी ने कहा कि सरकार किसानों सहित हर वर्ग की सभी समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिबद्ध है। सिंचाई संबंधी समस्या के निवारण के लिए सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर सभी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। इस मौके पर गिरवर सिंह, जोध सिंह, विजयपाल, करेशपाल, अमित कुमार प्रधान, वीर सैन, वेदपाल आदि मौजूद रहे।

# युवक से मारपीट, जाती सूतक गालियां देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के धनौरी में रविवार रात एक युवक के साथ जातिसूचक शब्द बोलते हुए लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर मारपीट की।पुलिस ने 9 नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। धनौरी निवासी अंकित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात करीब आठ बजे उसका भाई अमित कुमार अपने घर के बाहर खड़ा था।इसी बीच धनौरी निवासी विपिन उर्फ छोटू,अंकित, विनित, सिकू, गोपाल, संजय और सानू ने दौलतपुर निवासी अपने दोस्त कुलदीप,रवी और अन्य साथियों को फोन करके मौके पर बुला लिया।आरोप है कि इन सभी ने एकजुट होकर अमित कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अमित ने विरोध किया उन्होंने जातिसूचक शब्द बोलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।अमित के चिल्लाने की आवाज सुनकर पास ही खड़े जोनी सिंह और अतिश उन्हें बचाने के लिए आए आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट कर उन्हें भी घायल कर दिया।और इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। अमित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरोपी उसके भाई से रंजिश रखते हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साकिर अली का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने साकिर अली को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद साकिर के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**महताब पुत्र लाला नि. ग्राम दादूपुर गोविन्दपुर, थाना रानीपुर जिला हरिद्वार।**

# कलियर पुलिस ने 44 गुमशुदा मोबाइल मालिकों को वापस लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए 44 गुमशुदा मोबाईल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कलियर थाना क्षेत्र में कई महीनों में मोबाईल गुम होने की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। मोबाईलों को तलाश करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सेल की मदद से लगातार खोजबीन कर मोबाईल की लोकेशन ट्रेस कर क्षेत्र से गुम हुए 44 मोबाईल फोन बरामद कर उनके मलिकों के सपुर्द किए है।मोबाईल वापस पाकर लोगों के




चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी। उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।उन्होंने बताया कि समय पर सूचना मिलने से गुमशुदा मोबाईल की बरामदगी में आसानी होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी का मोबाईल गुम हो जाए तो तत्काल थाने में सूचना दर्ज कराएं। इस अवसर पर एसएसआई बबलू चौहान, हेड कॉन्स्टेबल सोनू चौधरी, नीरज राणा मौजूद रहें।

### मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज के एनसीसी

# कैडेट्स ने निकाली स्वच्छता जागरूक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 के तहत मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कालेज की एनसीसी सीटीओ वंदना चौहान के नेतृत्व में केडेट्सों द्वारा एक घंटा स्वच्छता के नाम के तहत स्वच्छता पर जागरुकता रैली निकाली गई और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता की जानकारी देकर जागरूक किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधिका मिस जे. सिंह व प्राचार्या डॉ अमिता श्रीवास्तव ने कैडेट्स को स्वच्छता की शपथ दिलाई जिसके बाद रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रबंधिका मिस जे सिंह ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी।छात्राओं ने स्वच्छता पर आधारित स्लोगन तख्तियां द्वारा ष्जन जन की यही पुकार स्वच्छ भारत हो अपनाए,हम सब ने यह ठाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है के नारों और शहर के विभिन्न चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कचरे और प्लास्टिक की पन्नी से होने वाले हानिकारक परिणाम पर भी प्रकाश डालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।




इस मौके पर प्रवक्तागण डॉ अनुपमा वर्मा, डॉ विजय लक्ष्मी, डॉ कोमल एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षक संजय तिवारी , कैडेट्स रूपाली,कशिश, रिया, प्राची, अनुशीया,तनिष्का ,आकांक्षा ,मानसी रावत, इशिका, रेनू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने व मार्गदर्शन प्रदान करने में एनसीसी ट्रेनिंग अधीक्षक रवि कपूर का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

# बीएसएम पीजी कॉलेज में स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम पीजी कालेज रुड़की में स्वच्छता ही सेवा है विषय के अन्तर्गत स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा साथ ही छात्राओं के द्वारा एक नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सहबा बीए तृतीय वर्ष, शमा मलिक एम ए प्रथम वर्ष, वंशिका बब्बर और अन्नू सैनी बीए तृतीय वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड नाटक में शमा मलिक, सबिया प्रवीन, सालिहा, नाजनीन, विशाखा और मानसी ने शानदार प्रस्तुति दी। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ सीमा गुप्ता, डॉ राजेश पालीवाल एवं डॉ संदीप पोसवाल रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ रीमा सिन्हा, डॉ सुनीता कुमारी एवं डॉ अलका तोमर ने किया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य प्रो मेजर डॉ गौतमवीर ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया । उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक



को स्वच्छता के प्रति जागरूक रखना है। इसमें नुक्कड नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है।

# गाजा पर गंभीर प्रस्ताव

देर से ही सही गाजा में सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से 20 प्वाइंट का एक प्लान सामने आया है। जिस तरह उनके इस नए प्रस्ताव को विश्व स्तर पर सहमति मिल रही है, उससे यह भी आशा बनती है कि जल्द ही इजरायल व हमास के बीच सीजफायर हो जाएगा। अभी इस पर अंतिम मोहर लगना बाकी है, क्योंकि हमास ने कहा कि अभी तक उसको यह प्रस्ताव नहीं मिला है। प्रस्ताव के बाद ही वह विचार करेगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को यह कहकर धमकी दी है कि अगर वह इस प्लान को नहीं मानता, तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह प्लान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सोमवार को वाशिंगटन डीसी में हुई बातचीत के बाद आया है। इससे साफ है कि उनके इस प्लान से नेतन्याहू भी पूरी तरह सहमत हैं। इस प्रस्ताव में तुरंत युद्ध रोकना, गाजा से इजरायल का हटना, बंधकों का छोड़ना, कैदियों की रिहाई, गाजा में अबाध रूप से रसद का पहुंचना शामिल है। प्रस्ताव में एक शांति बोर्ड बनाने की बात भी कही गई है जिसके अध्यक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति खुद होंगे। इसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी के साथ-साथ अन्य देशों के नेता भी होंगे। जाहिर है प्रस्ताव बताता है कि यह फलस्तीन देश के बनने में एक बड़ा कदम है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रम्प के इस प्रस्ताव का जहां समर्थन किया है, वहीं आठ अरब इस्लामी देशों ने भी इसका स्वागत किया है। जिसमें जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि क्षेत्र में शांति के लिए अमेरिका से साझेदारी जरूरी है। इन आठ राष्ट्रों ने एक संयुक्त बयान के माध्यम से इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। यूरोप के देशों में ब्रिटेन, फ्रांस पूरी तरह इस प्रस्ताव का समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है इस प्रस्ताव को मंजूर करने के लिए अब हमास पर भी दबाव होगा। इस पूरे प्रस्ताव में जहां रुकावट आ सकती है, उसका सबसे बड़ा पेंच यह है कि इसमें हमास से हथियार छोड़ने की बात कही गई है। साथ ही वह किसी सरकार में भी शामिल नहीं होगा। इस तरह की शर्त मानना हमास के लिए भी आसान नहीं होगा, क्योंकि देखने में भी आ रहा है कि हमास को पूरी तरह नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल है, क्योंकि गाजा में उनके पास भारी जनसमर्थन है और वे वहां सरकार भी चलाते रहे हैं, लेकिन ये सब बातें बाद की हैं, इस समय जो सबसे बड़ी जरूरत है वहां तुरंत सीजफायर लागू होने की है, क्योंकि अब तक हुए युद्ध में जहां गाजा पूरी तरह बर्बाद हो गया है, वहीं 65 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिसमें आधे से अधिक संख्या महिलाओं व बच्चों की है। इजरायल की नाकाबंदी के चलते वहां रसद नहीं पहुंच पा रही है। खाने पीने के मामले में अकाल जैसी स्थिति बनी हुई है, लोगों के भूख से मरने की खबर भी आ रही है। दवाइयों का पूरी तरह अभाव है। मतलब साफ है कि सारा ढांचा वहां चरमरा गया है। जरूरत वहां शांति सैनिकों को भेजने की भी है, जिसके बारे में प्रस्ताव में कहा गया है।

## कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा



26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद मेरे मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया, पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था, पूरी दुनिया का दबाव था, हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था, तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा, कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी, मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी।

**-पी. चिदंबरम, पूर्व गृह मंत्री**

# भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा



भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका लंबे समय से बहस का विषय रही है। स्वतंत्रता संग्राम में हमने रानी लक्ष्मीबाई से लेकर सरोजिनी नायडू और अरुणा आसफ अली तक अनगिनत महिलाओं को नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में देखा। कांग्रेस पार्टी के इतिहास में यह परंपरा लगातार जारी रही। आजादी के बाद से के कई राज्यों मे महिला मुख्यमंत्री रहीं, इंदिरा गांधी के रूप में देश को पहली महिला प्रधानमंत्री मिली और बाद के दशकों में शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज जैसी नेता राष्ट्रीय परिदृश्य पर चमकीं। आज भी कांग्रेस प्रियंका गांधी को राहुल गांधी के साथ बराबरी से आगे करती है और चुनावी अभियानों में उन्हें प्रमुख वक्ता के रूप में प्रस्तुत करती है। कांग्रेस की आलोचनाएं भले हों, लेकिन उसके विचार और नीति में कभी यह स्पष्ट नहीं रहा कि महिलाओं की भूमिका को राजनीति में सीमित रखा जाए या उन्हें पीछे धकेला जाए।

इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अपनी वैचारिक धारा में महिलाओं को सीमित भूमिकाओं तक ही बांधने की नीति रखते हैं। संघ के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर की पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में महिलाओं की भूमिका को लेकर जो दृष्टिकोण सामने आता है, वह यही है कि महिला मुख्यत: परिवार की धुरी है। उसकी जिम्मेदारी घर, बच्चों के पालन-पोषण और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तक सीमित है। इस विचारधारा में राजनीति, प्रशासन और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता को महत्व नहीं दिया गया। यही कारण है कि संघ की संरचना में आज तक कोई महिला प्रमुख पद पर नहीं रही। दिखावे के लिए महिला शाखा या प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, लेकिन उनका असर नगण्य है। भाजपा अपने शासनकाल में महिला सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है। हाल ही में महिला आरक्षण विधेयक पास करके उसने अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। लेकिन इसमें भी उसने लागू करने की तारीख 2030 के बाद के लिए डाल दी। यदि नियत साफ होती तो इस आरक्षण को तुरंत लागू किया जा सकता था। असल में यह केवल वोट बैंक को लुभाने की रणनीति है। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए योजनाओं की झड़ी लगाई जाती है स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, जनधन खातों का प्रचार, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण आदि। इन योजनाओं से लाभ जरूर मिलता है लेकिन राजनीति और सत्ता में महिलाओं की निर्णायक हिस्सेदारी अब तक नहीं बढ़ी। भाजपा शासित किसी भी राज्य में आज एक भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। केंद्र सरकार में भी गिनती की महिलाएं मंत्री हैं और उनमें से भी केवल एकाध को ही कैबिनेट स्तर की जिम्मेदारी मिली है।

यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण भी सामने है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के बावजूद उन्हें प्रमुख धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजनों से दूर रखा जाता है। अयोध्या राममंदिर के उद्घाटन में वे उपस्थित नहीं थीं, मथुरा की यात्रा में भी उनका स्वागत औपचारिकता तक सीमित रहा। यह दर्शाता है कि भाजपा महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक सम्मान देती है, वास्तविक निर्णयकारी भूमिका से दूर रखती है। इसके विपरीत कांग्रेस का इतिहास बताता है कि उसने महिलाओं को बराबरी का अवसर देने की कोशिश की। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक, पार्टी का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में रहा है। प्रियंका गांधी आज भी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हैं। राज्यों में भी कांग्रेस ने महिलाओं को मुख्यमंत्री के रूप में अवसर दिया है। यह सही है कि कांग्रेस ने कोई ठोस दीर्घकालिक महिला नीति नहीं बनाई, लेकिन उसकी बुनियादी सोच में महिलाओं को राजनीति से अलग रखने का भाव कभी नहीं रहा। यही फर्क है जो भाजपा और कांग्रेस की नीतियों में साफ नजर आता है। भाजपा की राजनीति में आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यकर्ता के रूप में मौजूद हैं। पार्टी के आयोजन, चुनाव प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भागीदारी दिखाई देती है, लेकिन जब बात नेतृत्व की आती है तो पंक्ति के सबसे पीछे उन्हें खड़ा कर दिया जाता है। गोलवलकर की नीति का यही असर है कि भाजपा महिलाओं को केवल सांस्कृतिक संरक्षण और घरेलू दायरे में देखने की प्रवृत्ति को अब भी कायम रखे हुए है। असलियत यह है कि महिला सशक्तिकरण का जो एजेंडा भाजपा ने अपनाया है, वह केवल दिखावे का अधिक और वास्तविकता का कम है। योजनाएं, घोषणाएं और प्रतीकात्मक सम्मान एक ओर हैं, लेकिन निर्णय और सत्ता में भागीदारी दूसरी ओर है। आजादी के बाद से अब तक महिलाओं की स्थिति में जो सुधार आया है, वह उनकी अपनी संघर्षशीलता और समाज की प्रगतिशील धारा का परिणाम है, भाजपा की वैचारिक सोच का नहीं। इसलिए जरूरी है कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए, महिलाओं को नेतृत्व में अवसर दिया जाए और केवल वोट बैंक की राजनीति से उन्हें भ्रमित न किया जाए। कांग्रेस की परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत हमें यह सिखाती है कि जब महिलाएं राजनीति और समाज में बराबरी से आगे आती हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। भाजपा को भी यदि वास्तव में महिला सशक्तिकरण की चिंता है तो उसे अपनी वैचारिक सीमाओं को तोड़कर महिलाओं को वास्तविक शक्ति और सम्मान देना होगा। अन्यथा उसका एजेंडा महज दिखावा ही कहलाएगा।

**-आरती चौधरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष**

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान



**योगेश कुमार गोयल**

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था।

भारतीय संस्कृति में सदा से ही बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर-परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं।

विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा देते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य' अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्तूबर का दिन दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्तूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया।

1991 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन रू हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है।

भारतीय समाज में सयुंक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं।

शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# फेस्टिव सीजन में ऐसे करें स्किन केयर, मिलेगा नेचुरल ग्लो



**शहनाज हुसैन**

आजकल फेस्टिवल सीजन की धूम है ध्यह पर्व पुरे साल में बेहद कल्याणकारी और उत्साह से भरा रहता है। इस दौरान लड़कियां खास तौर पर तैयार होकर मां दुर्गा की पूजा। अर्चना करती हैं इसके अतिरिक्त महिलाएं घर की खरीदारी और त्यौहार की तैयारियों में काफी ऊर्जा लगाती हैं जिससे उनका चेहरा थका और बुझा सा दीखता है। अगर आप भी उनमें से हैं तो घबराने की कतई जरूरत नहीं बल्कि कुछ स्किन केयर टिप्स को फॉलो करें और आपके चेहरे पर आभा और निखार बना रहेगा ध

**हेल्दी डाइट लें**

जो आप खाते हैं वही आपकी स्किन पर नजर आता है। संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, नियमित वॉक और पर्याप्त नींद के साथ आप बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकते हैं। दिन की शुरुआत एक ग्लास गुनगुने पानी और नींबू से करें और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाए रखें। त्योहारों में हेल्दी रहने का सबसे पहला फॉर्मूला है खाने।पीने की थोड़ी प्लानिंग करके चलें। अगर आप उपवास कर रही हैं, तो दूध, सूखे मेवे, खजूर और मौसमी फल अपनी डाइट में शामिल करें। वहीं अगर व्रत नहीं कर रही हैंए तो तली।भुनी और ज्यादा मसालेदार चीजों से दूरी बनाकर रखें। मीठा भी कम खाएं, क्योंकि इससे त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं। इस दौरान सोशल लाइफ काफी एक्टिव रहती है और आपको अनेक सामाजिक समरोहों ध डिनर पार्टियों में जाना पड़ सकता है। ऐसे में स्वस्थ विकल्प पूछने से न डरें। अक्सर वहां बहुत सारे फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज उपलब्ध होते हैं। इस दौरान भोजन कतई न छोड़ें क्योंकि इससे बाद में ज्यादा खाने की प्रवृत्ति हो सकती है। इसके बजाय पूरे दिन नियमित भोजन और नाश्ता करें। जब खाना भरपूर और स्वादिष्ट हो तो ज्यादा खाना आसान है। अपने हिस्से के आकार का ध्यान रखें और छोटे निवाले लें। नाश्ते में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल हो। दोपहर की थाली में साबुत अनाज, फल और सब्जियों को शामिल करें। रागी का सूप, वेजिटेबल सूप, मूंग दाल का सूप, खिचड़ी और वेजिटेबल दलिया डिनर का बेहतर विकल्प हो सकते हैं जो दिन के गरिष्ठ खाने के बाद रात के वक्त पेट की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। रात का डिनर लाइट करें। शाम को अगर पकवान ज्यादा खा लिए हैंए तो डिनर स्किप भी कर सकते हैं।

**एक्टिव रहें**

त्योहारों में व्यस्तता के कारण लोग वॉक या एक्सरसाइज छोड़ देते हैं, जिससे कैलोरी बर्न नहीं हो पाती इस दौरान नियमित रूप से डांसिंग, ब्रिस्क वॉकिंग या आउटडोर खेल आदि गतिविधिओं में कम से कम 30 मिनट का समय दें। रात देर तक जागने और सुबह जल्दी उठने से शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक बिगड़ जाती हैए जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता हैण् कोशिश करें कि त्योहारों में भी कम से कम 7।8 घंटे की नींद लें। साइकिल चलाना, सीढ़ियां चढ़ना, और रोजाना पैदल चलना भी जरूरी है। सोने से पहले तनाव से बचने के लिए स्क्रीन्स टाइम को कम करें और पढ़ने या ध्यान करने जैसी गतिविधियों से जुड़े रहें। इसके अलावा रात के समय पर्याप्त नींद जरूर पूरी करें और कम से कम तनाव लेने का प्रयार करें। वहीं समय- समय पर अपनी दवाएं लेना न भूलें।

**नारियल का पानी**

नारियल पानी प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पेय है जोकि शरीर को हाइड्रेट करता है जिससे आप उर्जाबान और एक्टिव महसूस करते हैं यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं नारियल पानी पीने से थकान और कमजोरी दूर होती है और यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। नारियल पानी दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन आयुर्वेदाचार्य इसे सुबह खाली पेट पीने की सलाह देते हैं ताकि आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके। नारियल पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैंए जो स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट एक गिलास नारियल पानी पीने से त्वचा हेल्दी और आकर्षक बनती है।

नारियल पानी में फाइबर होता है जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीने से पेट को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है। नारियल पानी में 94 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। ए शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है। त्योहारों के दौरान आउटडोर एक्टिविटीज शॉपिंग, घर की साज सजा से हुई थकावट में नारियल पानी का सेवन काफी लाभदायक माना जाता है क्योंकि इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को हाइड्रेटेड और उर्जाबान रखने में मदद करते हैं।

**फ्लेवर्ड पानी**

त्योहारों में डी हाइड्रेशन से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है लेकिन अनेक लोगों बदलते मौसम की बजह से सादे पानी का स्वाद पसन्द नहीं आता जिसकी बजह से बह पानी पीने से कतराते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं तो फ्लेवर्ड पानी- आपके लिए बेहतर विकल्प है। फलों से तैयार यह पानी आपके लिए स्वास्थ्यवर्धक हो सकता है। आपको उम्दा स्वाद भी देगा और पानी की कमी भी नहीं होने देगा। फ्लेवर्ड पानी बनाने के लिए सादे पानी में ताजे फल, जड़ी बूटियों, सब्जियों और मसालों आदि का स्वाद मिलाकर इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाया जाता है। पानी को फ्लेवर्ड बनाने से उसमें विटामिन्स और मिनरल्स की मात्रा भी बढ़ जाती है जिससे हम दिन भर उर्जाबान रहते हैं। फ्लेवर्ड पानी के कारण हम कार्बोनेटेड ड्रिंक्स सोडा आदि के सेवन से बचे रहते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर में कई तरह के फल और जड़ी बूटियों के तत्व मिले होने से यह हेल्दी होता है और अच्छे से डिटॉक्स करता हैध लेकिन फ्लेवर्ड वॉटर तब हानिकारक भी हो जाता है, अगर वह बाजार का बोतल बंद फ्लेवर्ड वॉटर है और उसमें जरूरत से ज्यादा कृत्रिम मिठास और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर बनाने के लिए मटके या सुराही में ठण्डा पानी भरें ध इसमें पतली कटी हुई फल, हर्ब्स या मसालों की स्लाइस डालें धइसे कुछ घण्टे या रात्रि भर रेफ्रीजिरेटर में ठण्डा होने दें धअब आपका फ्लेवर वाटर तैयार हो गया है।

**आइस्ड हर्बल चाय**

त्योहारों में बार बार गरमा-गरम चाय कॉफी और एरेटेड ड्रिंक्स पीना सेहत के लिए नुकसान दायक सावित हो सकता है। ऐसे में आप एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर हर्बल चाय ट्राई कर सकते हैं जोकि सेहत और स्वाद दोनों तरफ से बेहतर सावित होगी हर्बल चाय, खासकर मिंट और ग्रीन टी इस दौरान बहुत फायदेमंद होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट करती हैए बल्कि शांति और ताजगी भी देती हैध हर्बल चाय में शहद या कम चीनी का उपयोग करें ताकि यह ज्यादा हेल्दी रहे। हर्बल चाय के साथ साथ आप आइस्ड टी भी उपयोग कर सकते हैं जोकि आपको तरोताजा रखेगी। आइस्ड टी में हर्बल चाय के अतिरिकत कुछ कूलिंग और रिफ्रेशिंग चीजों को भी शामिल किया जाता है। दिन में एक हर्बल आइस टी के सेवन से उच्च रक्तचत, शुगर और तनाव को नियन्त्रित करने में मदद मिलती है। हर्बल आइस टी तुलसी, दालचीनी, मुलेठी, पुदीना, लौंग, काली मिर्च आदि से बनती है ध आप कैमोमाइल, पेपरमिंट, या हिबिस्कस की आइस टी बनाकर भी पी सकते हैं।

# इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार

## ट्रम्प ने 20 पाइंट का प्लान बनाया, नेतन्याहू से कहाः हमास नहीं माने, तो उसे खत्म कर दो

**हमास ने हथियार डालने से इन्कार किया, कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला**



**वाशिंगटन।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में सीजफायर पर सहमत हो गए हैं। नेतन्याहू ने सोमवार (29 सितम्बर) रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वाशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इसके बाद दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

ट्रम्प ने सीजफायर के लिए 20 पाइंट का एक प्लान तैयार किया है। ट्रम्प ने कहा कि अगर हमास इस प्लान को नहीं मानता तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। वहीं, नेतन्याहू ने कहा गाजा में एक शांतिपूर्ण प्रशासन होगा।

हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यह काम आसान या मुश्किल तरीके से होगा, लेकिन इसे पूरा जरूर किया जाएगा। अगर हमास इस प्लान को नहीं मानेगा तो इजरायल खुद यह काम पूरा करेगा। इधर, हमास ने हथियार डालने से इन्कार कर दिया। कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। वहीं, फलस्तीनी सरकार ने ट्रम्प के प्लान का स्वागत किया है। ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है। इस बोर्ड की अध्यक्षता ट्रम्प करेंगे और इसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी होंगे।

### सीजफायर के लिए 20 पाइंट

**1. तुरंत युद्ध रोकनाः**

इजरायल और हमास के बीच सहमति बनी तो गाजा में युद्ध तुरंत खत्म होगा।

**2. इजरायल पीछे हटेगाः**

सहमति से इजरायल अपनी सेनाओं को धीरे-धीरे गाजा से निकाल लेगा।

**3. बंधकों को छोड़नाः**

हमास 72 घंटे में सभी इजरायली बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें जिंदा और मृत दोनों होंगे।

**4. कैदियों की रिहाईः**

युद्ध खत्म होने पर इजरायल, गाजा के उम्रकैद की सजा काट रहे 250 लोगों और अन्य 1700 कैदियों को छोड़ देगा।

**5. शवों का आदान-प्रदानः**

हर मृत इजरायली कैदी के बदले 15 मृत फलस्तीनी कैदियों के शव लौटाए जाएंगे।

**6. गाजा को आतंक मुक्त बनानाः**

गाजा से हमास के सारे ठिकाने और हथियार हटाए जाएंगे।

**7. हमास प्रशासन में शामिल नहींः**

हमास और अन्य लड़ाके गाजा की सरकार में हिस्सा नहीं लेंगे।

**8. अंतरिम प्रशासन समितिः**

गाजा के लिए एक अस्थाई तकनीकी समिति बनाई जाएगी, जिसमें योग्य लोग होंगे।

**9. शांति बोर्ड बनेगाः**

इस बोर्ड की अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे, इसमें टोनी ब्लेयर और अन्य देशों के नेता शामिल होंगे।

**10. पुनर्निर्माण योजनाः**

बोर्ड गाजा के विकास और सुधार की योजना बनाएगा और उसका खर्च उठाएगा।

**11. मानव सहायताः**

गाजा को तुरंत पर्याप्त मदद दी जाएगी।

**12. विशेष व्यापार क्षेत्रः**

गाजा में खास व्यापारिक क्षेत्र बनाए जाएंगे, जिससे रोजगार बढ़ेगा।

**13. लोगों की आजादीः**

किसी को गाजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा, जो चाहे जा सकता है और लौट सकता है।

**14. सुरक्षा के लिए फोर्सेसः**

एक अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बल गाजा में सुरक्षा बनाए रखेगा।

**15. पुलिस की ट्रेनिंगः**

सुरक्षा बल गाजा पुलिस को ट्रेनिंग देंगे और मदद करेंगे।

**16. सीमा सुरक्षाः**

इजरायल और मिस्र की सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत होगी।

**हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा**

**17. लड़ाई बंदः**

युद्ध खत्म होने तक हवाई हमले और गोलाबारी रोकी जाएगी।

**18. मानवाधिकार सुनिश्चितः**

अंतर्राष्ट्रीय संगठन गाजा में मदद और सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

**19. शांति बातचीतः**

इजरायल और फलस्तीन के बीच शांति के लिए बातचीत शुरू होगी।

**20. भविष्य की योजनाः**

इस योजना का मकसद गाजा में स्थाई शांति, विकास और बेहतर जीवन लाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद दोनों नेता बिना मीडिया के सवाल लिए चले गए। ट्रम्प और नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर्स के सवाल नहीं लिए। ट्रम्प ने कहा कि अभी दस्तावेज साइन होने और सब कुछ तय होने तक सवाल लेना ठीक नहीं है। ट्रम्प ने नेतन्याहू से पूछा कि क्या वे कुछ इजरायली पत्रकारों के सवाल लेना चाहेंगे, इस पर नेतन्याहू ने कहा कि मैं आपके फैसले पर भरोसा करूंगा। इसके बाद रिपोर्टर्स सवाल पूछने लगे, लेकिन दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और वहां से चले गए। ट्रम्प ने बताया कि इस प्लान के बनने के दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर उनके साथ संपर्क में थे।

## ट्रम्प की गाजा शांति योजना का 8 अरब-इस्लामी देशों ने किया स्वागत

**दुबई।** आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा युद्ध को खत्म करने और क्षेत्र में शामिल बहाल करने के लिए पेश की गई 20 बिंदुओं वाली योजना का स्वागत किया।

यह योजना ट्रम्प और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत के बाद पेश की गई थी। इसमें गाजा युद्ध को तत्काल रोकने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को 72 घंटों के भीतर रिहा करने का प्रस्ताव है। हालांकि, हमास ने अभी तक इस शांति योजना को स्वीकार नहीं किया है। जिन देशों के विदेश मंत्रियों ने इस योजना का समर्थन किया है, उनमें जार्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका के साथ साझेदारी जरूरी है। संयुक्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रम्पकी उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने गाजा में युद्ध समाप्त करने, गाजा में पुनर्निर्माण करने, फलस्तीनी लोगों के विस्थापन को रोकने और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है।

## अमेरिका में गवर्नमेंट शटडाउन का खतरा

**विपक्ष नहीं माना, तो कल रात से ठप होगा सारा काम, जबरन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं 9 लाख कर्मचारी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार रात फंडिंग बिल पर वोटिंग होनी है। अगर बुधवार रात 12 बजे तक ये बिल पास नहीं हुआ तो ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में पहली बार सरकारी फंडिंग रुक जाएगी। इसे 'गवर्नमेंट शटडाउन' कहते हैं।

दरअसल अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई है। इससे सरकारी काम-काज के ठप होने और 9 लाख कर्मचारियों को जबरन छुट्टी पर भेजने का खतरा बढ़ गया है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई, तो सरकार खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत होगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है।

## मोदी ने ट्रम्प की गाजा शांति योजना का किया स्वागत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाज़ा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष रुकवाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना का स्वागत किया है और विश्वास जताया है संबंधित पक्ष इसको स्वीकार करेंगे।

मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि हम राष्ट्रपति डोनाल्ड द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना फलस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थाई शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। मोदी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने एवं शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। ट्रम्प ने वाशिंगटन की यात्रा पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार को व्हाइट हाउस में बातचीत के बाद गाजा में संघर्ष समाप्त करने की एक व्यापक योजना की घोषणा की। उसके तहत गाजा से संचालित आतंकवादी गतिविधियां बंद होंगी और गाजा पट्टी का व्यापक पुनर्निर्माण किया जाएगा। योजना में हमास के कब्जे में पड़े बंधकों की वापसी और इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए कुछ फलस्तीनियों की रिहाई का भी प्रस्ताव है।

## H-1B वीजा में बड़े बदलाव करने जा रहा अमेरिका

**भारतीय पेशेवरों पर पड़ेगा असर**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 से पहले एच-1बी (एच-1बी) वीजा प्रक्रिया में काफी बदलाव होंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प सरकार ने एच-1बी वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 100000 अमेरिकी डालर कर दिया है और नया शुल्क भी फरवरी 2026 से ही लागू होगा।

लुटनिक ने एच-1बी वीजा पर सस्ते तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और अपने परिवारों को लाने के विचार को बिल्कुल गलत बताया। लुटनिक ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि फरवरी 2026 में जब एच1बी वीजा की बढ़ी हुई फीस लागू होगी, तब इसमें कई बड़े बदलाव होंगे। लुटनिक ने संकेत दिए कि अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत लाटरी सिस्टम को खत्म कर सकती है। लुटनिक ने लाटरी सिस्टम की आलोचना की और सवाल किया कि क्या किसी देश को लाटरी के जरिए कुशल श्रमिकों को अपने देश में लाना चाहिए? अमेरिका के वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने कहा कि एच-1बी लाटरी को ठीक किया जाना चाहिए और अमेरिका को उच्च-कुशल नौकरियां केवल सबसे कुशल लोगों को ही देनी चाहिए। लुटनिक ने कहा कि कंपनियों को ऐसे तकनीकी सलाहकारों और प्रशिक्षुओं को रखने का विचार समाप्त कर देना चाहिए जो सस्ते हों। इस बारे में मेरी राय पक्की है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इन मुद्दों पर मेरे साथ हैं। मेरा मानना है कि सस्ते तकनीकी सलाहकार इस देश में आएं और अपने परिवारों को भी लाएं, ये मुझे बिल्कुल गलत लगता है, और मैं इसे सही नहीं मानता हूं। माना जा रहा है कि भविष्य में अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत सिर्फ उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों को ही वरीयता दे सकती है।

## पाक के क्वेटा में बम ब्लॉस्ट, 10 की मौत

### राष्ट्रपति जरदारी का आरोपः बलॉस्ट के पीछे भारत समर्थित आतंकियों का हाथ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लॉस्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डान के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के एसएसपी मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ।

धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के मुताबिक घायलों को सिविल अस्पताल और ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इनमें क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कालेज (बीएमसी) अस्पताल और ट्रामा सेंटर शामिल हैं। सभी डाक्टरों, फार्मासिस्ट, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को आतंकी हमला बताया। उन्होंने कहा धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की और चार आतंकियों को मार गिराया। हम शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है।

## पीओजेके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सोमवार को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब क्षेत्र की पुलिस भी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उत्तर आई। अवामी एक्शन कमेटी पहले से क्षेत्रीय समस्याओं के खिलाफ शहबाज सरकार के विरोध में धरने-प्रदर्शन करती आ रही है। सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों में भी पाकिस्तान की सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिली। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिसकर्मियों ने मांगे पूरी न होने पर पूरे पीओजेके में बंद किया। हालात नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षा बल को प्रांत में तैनात कर दिया। इनमें 7000 सुरक्षाबल और फ्रंटियर फोर्स के सैनिकों को तैनाती मिली।

## तालिबान ने अफगानिस्तान में इंटरनेट सर्विस बंद की

**अनैतिकता रोकने के लिए फैसला लिया**

**काबुल।** तालिबान ने सोमवार से पूरे अफगान में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं बंद कर दी हैं।

न्यूज वेबसाइट काबुलना के मुताबिक, काबुल, हेरात, मजार-ए-शरीफ और उरुजगान सहित कई शहरों में फाइबर-आप्टिक इंटरनेट सर्विस ठप हो गई। इसके बाद मोबाइल डेटा कुछ टाइम तक तो काम करता रहा, लेकिन सिग्नल टावर बंद होने से वो भी बंद हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फैसला अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया गया है। इससे पहले कुछ प्रांतों जैसे बल्ख, कंधार, हेलमंद, उरुजगान, और निमरोज में फाइबर-आप्टिक नेटवर्क बंद किए गए थे। लेकिन अब ये इंटरनेट बंदी पूरे देश में लागू हो गई, जिसमें मोबाइल नेटवर्क भी शामिल है। 2024 तक अफगानिस्तान में 9350 किलोमीटर का फाइबर-आप्टिक नेटवर्क था, जो पूर्व सरकारों ने बनवाया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

